चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 23, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल 16
जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज 15

## कश्मीर में प्रवासी मजदूर को आतंकियों ने गोलियों से भूना

श्रीनगर, एजेंसी

- अनंतनाग क्षेत्र में हुई घटना, यहां तीसरे चरण में होना है मतदान

अनंतनाग जिले में बुधवार को फिर प्रवासी लोगों को टारगेट करके गोलियां मारी गईं। बिहार का मजदूर आतंकियों का निशाना बना। आतंकियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार आतंकवादियों ने बिजबेहरा इलाके के जबलीपोरा में राजा शाह को नजदीक से गोली मारकर घायल कर दिया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। यह घटना अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र में हुई है जहां सात मई को तीसरे चरण में मतदान होना है।

**जम्मू-कश्मीर में दो संदिग्ध आतंकी पकड़े गए :** अनंतनाग जिले से दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, विशिष्ट खुफिया जानकारी पर 17 अप्रैल को अनंतनाग के नैना, बिजबेहरा में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। दो संदिग्धों को पकड़ा गया और उनके कब्जे से एक हथियार, एक हथगोला और अन्य सामग्री जब्त की गई।

करोड़ों लोग इस अद्भुत पल के साक्षी बने

## 12 बजे कपाट खुलते ही रामलला का हुआ सूर्याभिषेक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर राम जन्मोत्सव के दौरान श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह के कपाट बुधवार को पूर्वाह्न 11:45 पर बंद हो गए। 15 मिनट तक शोडषोपचार पूजन और श्रृंगार के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही पट खुले तो रामलला के माथे पर सूर्य की किरणें उनका अभिषेक कर रही थीं।

पांच मिनट तक रामलला का मस्तकाभिषेक हुआ। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला की चौपाइयों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर में बुधवार सुबह तीन बजे मंगला आरती के बाद दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पांच बजते ही पांच वर्षीय रामलला और उत्सव मूर्ति का दूध, दही, पंचामृत और सरयू के जल से अभिषेक किया गया। वस्त्र धारण कराए जाने के बाद श्रृंगार आरती संपन्न हुई। इस दौरान दर्शन की प्रक्रिया जारी रही। पूर्वाह्न 11.45 पर गर्भगृह में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव के पूर्व पूजन प्रक्रिया में शोडषोपचार पूजन किया गया। जिसमें भगवान का स्नान, पंचामृत, गंधोधक, सुगन्ध द्रव्य से अभिषेक और तुलसी अर्जन और अन्य परंपराओं को संपन्न किया गया। रामलला को नया स्वर्ण हार व मुकुट धारण कराया गया। रामलला को 56 भोग लगाया गया। सूर्याभिषेक के लाइव प्रसारण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के साथ देश-विदेश में बैठे करोड़ों लोगों ने देखा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने रामलला की आरती उतारी। 12 से 12:05 तक रामलला के माथे पर सूर्य का तिलक बना रहा।



## स्कूटी सवार से 5.50 लाख बरामद

**मुरादाबाद।** ठाकुरद्वारा मार्ग पर एसएसटी-2 ने बुधवार रात में चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार से 5.50 लाख रुपये बरामद किए हैं। मुगलपुरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि बुधवार को एसएसटी प्रभारी मोहम्मद फराज खान और स्टेटिक मजिस्ट्रेट कविंद्र सिंह व सुनील कुमार व अन्य साथी जामा मस्जिद पुल के पास बने बैरियर पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान टीम ने ताजपुर की ओर से महानगर में आ रही इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी को रोका और उसकी तलाशी ली। स्कूटी में 5.50 लाख रुपये बरामद हुए। वे इस धनराशि के संबंध में कोई उत्तर नहीं दे पाए। स्कूटी पर राहत अली और मोहम्मद बुरहान सवार थे। ये लोग भोजपुर के घासमंडी निवासी हैं।

## एक नजर

### हेमंत मामले में चार और गिरफ्तारी

**रांची।** ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ जमीन हड़पने से जुड़े धनशोधन मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में अंतु तिर्की, प्रिय रंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद है। ईडी ने मंगलवार को तिर्की और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी और पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। तिर्की कथित तौर पर सोरेन से जुड़ा हुआ है जबकि सिंह रियल एस्टेट व्यवसायी है। ईडी के आरोपपत्र के अनुसार सहाय ने अन्य के साथ मिलकर जमीन से संबंधित दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा किया है।

### आचार संहिता का उल्लंघन केसीआर को नोटिस

**नई दिल्ली/हैदराबाद।** भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कथित तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस नेता निरंजन रेड्डी ने चुनावी बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बारे में कथित अनुचित टिप्पणियों के लिए राव के खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के जवाब में ईसीआई ने मंगलवार रात राव को नोटिस जारी किया।

### नक्सलियों ने की भाजपा नेता पंचम दास की हत्या

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलियों के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद नारायणपुर में नक्सलियों ने बस्तर सीट पर चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले नक्सलियों ने भाजपा नेता एवं उप सरपंच पंचम दास की मंगलवार देर रात कुल्हाड़ी से हत्या कर दी है। बुधवार को नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि इस घटना को बाहर से आए नक्सलियों ने अंजाम दिया है। दास को नक्सली पहले भी मारने की धमकी दे चुके थे। कल देर रात सादे कपड़ों में कुछ नक्सली उनके घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। उसके बाद कुल्हाड़ी से हमला कर दास की हत्या कर दी। इसकी जिम्मेदारी नक्सल संगठन की पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी ने ली है। नक्सलियों ने पर्चे में मृतक भाजपा नेता पर भ्रष्टाचार के साथ पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया है।

# प्रचार थमा, मतदान कल

## पहला चरण : 21 राज्यों की 102 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग, 1625 प्रत्याशी मैदान में

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकतंत्र के महापर्व के पहले चरण का चुनाव प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में कई केंद्रीय मंत्रीयों व पूर्व मुख्यमंत्री समेत पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर है।

19 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की 8, राजस्थान की 13, मध्य प्रदेश की छह, असम की पांच, बिहार की चार, महाराष्ट्र की पांच, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ की एक-एक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की दो-दो, त्रिपुरा की एक, उत्तराखंड की पांच, तमिलनाडु की 39, पश्चिम बंगाल की तीन, सिक्किम, नगालैंड, अंडमान और निकोबार, मिजोरम, पुडुचेरी, मणिपुर व लक्षद्वीप में मतदान होगा।

चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने के लिये चुनाव आयोग ने 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए हैं। सार्वजनिक रूप से प्रचार पर पाबंदी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें अपने पक्ष में मत डालने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम और त्रिपुरा में जनसभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोल्लार में चुनावी रैली को संबोधित किया।

सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, नागपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार जीतने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री किरन रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार नबाम तुकी के सामने हैं। केन्द्रीय जहाजरानी जल मार्ग एवं बंदरगाह मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम में डिब्रूगढ़ और केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) से चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह के चुनावी भविष्य का निर्णय ऊधमपुर सीट पर होने जा रहा है और उनके सहयोगी भूपेन्द्र यादव राजस्थान की अलवर सीट से भाग्य आजमा रहे हैं। राजस्थान की ही बीकानेर सीट पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल से है।



भीमताल के रिखाकोट पोलिंग बूथ पर ईवीएम ले जाती पोलिंग पार्टी।

**पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर**

### पहले चरण में उप्र में होना है आठ सीटों पर पोलिंग

**लखनऊ।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के लिए प्रचार बुधवार की शाम खत्म हो गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के लिए 12 विकल्पों का प्रयोग भी कर सकेंगे। वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों की ओर से जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र-राज्य सरकार, सांसदों, विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे।

राहुल और अखिलेश ने गाजियाबाद में की संयुक्त पत्रकार वार्ता

## चुनावी बॉण्ड ने बैंड बजाया 150 पर सिमटेगी एनडीए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस-सपा की संयुक्त पत्रकार वार्ता में बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए 150 सीटों तक सिमट कर रह जाएगी। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वो (एनडीए) 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे से होगी।

कौशांबी (गाजियाबाद) स्थित होटल में हुई प्रेसवार्ता में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और बागपत के गठबंधन के प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा, सपा के पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर मौजूद रहे।

अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चल रही है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग है। राहुल ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।



- एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा : अखिलेश यादव
- इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ रहा चुनाव : राहुल गांधी

**ये तो भाजपा वालों का सवाल**

अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि ये भाजपा वालों का सवाल है, बहुत अच्छा...मुझे जो आदेश मिलेगा मैं उसका पालन करूंगा।

राहुल गांधी के मुताबिक, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने बताया कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया। अगर ये सच है तो सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यवस्था को क्यों रद कर दिया और दूसरी बात अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते थे तो आपने भाजपा को पैसा देने वालों के नाम क्यों छुपाए। आपने उन तारीखों को क्यों छुपाया जिस दिन उन्होंने आपको पैसे दिए थे?

## झोलाछाप के इंजेक्शन से बरेली के मजदूर की मौत, हंगामा

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

- परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर
- मजदूर को अचानक सीने में दर्द की हुई थी शिकायत

**अमृत विचारः** मिलक में झोलाछाप के इंजेक्शन से मंडी में काम करने वाले मजदूर की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।

बरेली के थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव परचई निवासी गेंदनलाल मिलक की मंडी में पल्लेदार था। मंगलवार रात 10 बजे उसे सीने में दर्द की शिकायत हुई। तबीयत बिगड़ने पर साथी दयाराम उसे लेकर नगर में हाइवे स्थित हॉस्पिटल पहुंचा। यहां झोलाछाप ने उसे दवा दी और इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही गेंदनलाल का शरीर अकड़ गया, वह पसीने से तर हो गया और सीना पकड़कर गिर गया। यह देखकर झोलाछाप के हाथ पांव फूल गए।

झोलाछाप ने गेंदनलाल को नगर के सरकारी अस्पताल में ले जाने के लिए कहा। साथी उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बासित अली ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। साथी की मौत से मजदूरों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों को गेंदनलाल के साथियों ने झोलाछाप के इंजेक्शन देने के बारे में जानकारी दी। इस पर परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ अस्पताल में हंगामा किया। परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दे दी है।

## हाईकोर्ट की फटकार के बाद जज हुए हाजिर, मांगी माफी

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अभियुक्तों की मर्जी के बिना मजहब के आधार पर न्याय मित्र नियुक्त करना गलत**

- कहा, जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ किया भेदभाव

**अमृत विचार :** अवैध धर्मांतरण केस में अदालत में उपस्थित गवाह से जुमे की नमाज पढ़ने जाने का हवाला देकर जिरह न करने की आलोचना करने व संबंधित अधिवक्ताओं के नमाज के लिए जाने पर न्याय मित्र नियुक्त करने वाले एनआईए/एटीएस कोर्ट के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने हाईकोर्ट की फटकार के बाद बिना शर्त माफी मांगी है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने विशेष जज के विरुद्ध सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ भेदभाव किया है। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि अपनी पसंद और अपने मजहब के अधिवक्ता नियुक्त कर चुके अभियुक्तों की मर्जी के खिलाफ उनके लिए न्याय मित्र नियुक्त करना, धर्म के आधार पर भेदभाव है, जो संविधान के अनुच्छेद 15 का स्पष्ट उल्लंघन है। न्यायालय की इन टिप्पणियों के साथ जज को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल करने के लिए दो दिनों का समय दिया है। अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने एक अभियुक्त मोहम्मद इदरीस की याचिका पर पारित किया है।

अभियुक्त मोहम्मद इदरीस ने हाईकोर्ट में धारा 482 के तहत याचिका दाखिल कर विशेष जज के आदेशों को चुनौती दी थी। 5 मार्च को याचिका पर सुनवाई के बाद जब पुनः 15 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई तो न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने विशेष जज पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने 5 मार्च के आदेश को ठीक से नहीं समझा। आगे कहा कि विशेष जज ने इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को देने के सम्बंध में कोई आदेश क्यों नहीं पारित किया। न्यायालय ने उक्त मामले में याची मोहम्मद इदरीस के विरुद्ध ट्रायल पर भी अग्रिम आदेशों तक के लिए रोक लगा दी है।

**यह था मामला**

दरअसल विशेष जज की अदालत में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में मोहम्मद उमर गौतम समेत अन्य अभियुक्तों का विचारण चल रहा है। हाईकोर्ट की दो जजों की खंडपीठ ने 16 दिसम्बर 2022 को आदेश दिया था कि उक्त मामले के विचारण की कार्यवाही एक वर्ष में पूरी की जाए जिसके बाद विशेष जज ने दिन-प्रतिदिन सुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ की। 19 जनवरी 2024 को मामले में हाजिर गवाह से जिरह करने के लिए जब अदालत ने अधिवक्ताओं से कहा तो मुस्लिम अधिवक्ता नमाज के लिए जाने की बात कह कर चले गए थे।

## असफल प्रेमी की आत्महत्या के लिए प्रेमिका जिम्मेदार नहीं : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए कहा है कि यदि कोई पुरुष प्रेम में विफलता के कारण अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेता है, तो उसकी महिला साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

अदालत ने कहा कि कमजोर और दुर्बल मानसिकता वाले व्यक्ति द्वारा लिए गए गलत फैसले के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा यदि कोई प्रेमी प्रेम में विफल रहने के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई छात्र परीक्षा में अपने खराब प्रदर्शन के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई मुवक्किल अपना मामला खारिज किए जाने के कारण आत्महत्या करता है तो क्रमशः प्रेमिका, परीक्षक और वकील को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने यह आदेश एक महिला और उसके दोस्त को अग्रिम जमानत देते हुए पारित किया था। वर्ष 2023 में एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में इन दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

मृतक के पिता की शिकायत के अनुसार, महिला व उनके बेटे में प्रेम संबंध थे और दूसरा आरोपी उन दोनों का साझा मित्र था। यह आरोप लगाया गया था कि याचिकाकर्ताओं ने मृतक को यह कहकर उकसाया कि दोनों आरोपियों के बीच शारीरिक संबंध हैं और वे जल्द ही शादी करेंगे। मृतक का शव उसकी मां को उसके कमरे में मिला था। सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें लिखा था कि वह उन दोनों के कारण आत्महत्या कर रहा है।




- खुदकशी के लिए अन्य को नहीं ठहरा सकते दोषी

## आकस्मिक स्थिति से निपटने को तैनात रहेंगी एयर एंबुलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में सात चरणो में होने वाले चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए शासन की ओर से एयर एंबुलेंस एवं हेलीकॉप्टर का प्रबंध किया गया है। इसकी सहायता से आकस्मिक स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक और पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही ये चिकित्सकीय सुविधा पहुंचाने में भी मददगार होगी।

योजना के मुताबिक एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को चरणों के हिसाब से अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया जाएगा। ये एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। दरअसल, राज्य में लोकसभा चुनाव सभी सात चरणो में होना है। इस दौरान किसी भी संकट का सामना करने के लिए इनको हायर किया गया है। हर चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को तैनात किया गया है। 19 अप्रैल को चुनाव के पहले चरण में उप्र. के पश्चिम क्षेत्र की सीटों पर मतदान होना है। इसके तहत हेलीकॉप्टर को 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को मुरादाबाद में और एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में तैनात किया गया है।



- उप्र. में सात चरणों में होने वाले चुनाव के दौरान रहेगी तैनाती, तुरंत पहुंचेगी मदद
- अर्द्धसैनिक और पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही चिकित्सकीय सुविधा भी

**इस पर खर्च होंगे कुल 39.20 लाख रुपये**

आकस्मिक स्थिति में चिकित्सकीय मदद के साथ ही सुरक्षाबलों को लाने व ले जाने में यह हेलीकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार होंगे। इससे प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता पहुंचाई जा सकेगी। इस कदम को एहतियात के रूप में उठाया गया है, ताकि बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5.60 लाख रुपये के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से कुल 39.20 लाख रुपये का खर्च आएगा। शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। भुगतान एवं जीएसटी के साथ नियमानुसार गणना का दायित्व उप्र. नागरिक उड्डयन विभाग एवं उप्र. पुलिस मुख्यालय, लखनऊ का होगा।

दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलीकॉप्टर अलीगढ़ में (25 और 26 अप्रैल) और एयर एंबुलेंस को मेरठ में (26 अप्रैल) तैनात रहेंगे। 7 मई को तीसरे चरण में हेलीकॉप्टर आगरा (6 व 7 मई को) एवं एयर एंबुलेंस को बरेली (7 मई को) में तैनात होंगे। 13 मई को चौथे चरण में हेलीकॉप्टर 12 व 13 मई को कानपुर और एयर एंबुलेंस 13 मई को लखनऊ में होंगे। पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलीकॉप्टर झांसी में और एयर एंबुलेंस लखनऊ में तो छठे चरण में हेलीकॉप्टर अयोध्या और एयर एंबुलेंस प्रयागराज में रहेंगे।

**'अमृत विचार' आपके साथ**

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ. प्र.

**शहर में आज**

- कृष्णा विहार स्थित मनोकामना मंदिर में साईं बाबा की पूजा अर्चना प्रातः 6:30 बजे।
- मतदान कर्मचारी डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी समिति पर पहुचेंगे सुबह 7:30 बजे।

## मतदाता के पास पहचान पत्र न होने पर 13 आईडी के विकल्प

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

- मतदान करने से पहले देखी जाएगी मतदाता की आईडी

**अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह ने बताया कि मतदाताओं को वोट डालने से पहले मतदान कार्मिकों को अपना मतदाता पहचान पत्र दिखाना होगा। मतदाता पहचान नहीं होने पर आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए विकल्प दिए हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मतदाता जो अपना फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक मतदान कार्मिक को दिखाना होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह ने बताया कि फोटो पहचान पत्र के विकल्प के रूप में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं केन्द्र,राज्य सरकार, लोकउपक्रम,पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र आदि शामिल किए गए हैं।

### असामाजिक तत्वों व अवैध सामग्री की होगी रोकथाम, 4800 कांस्टेबल, 600 इंस्पेक्टर-सब इंस्पेक्टर करेंगे निगरानी

## उत्तराखंड बॉर्डर पर चेकिंग के लिए तैनात रहेंगे सुपर जोनल मजिस्ट्रेट

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

- चुनाव के दौरान सुरक्षा के लिए 37 कंपनी फोर्स भी रहेगी तैनात

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तराखंड बार्डर पर असामाजिक तत्वों व अवैध सामग्री की रोकथाम के लिए 11 बैरियर बनाए गए हैं और सुपर जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। साथ ही चुनाव के दौरान 4800 कांस्टेबल, 600 इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर और 37 कंपनी फोर्स तैनात रहेगी। 152 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 25 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में मतदान होगा। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि चुनाव के लिए 600 इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर, 4800 कांस्टेबल, महिला फोर्स तैनात रहेंगी। अभियान चलाकर 7000 लीटर शराब और आठ अवैध तमंचा फैक्ट्रियों को पकड़ा जा चुका है। जिले में 12000 असलाह के सापेक्ष करीब 11000 लोगों से असलाह जमा करा लिया गया है। 250 लोग बाहर हैं। पांच-छह सौ लोगों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए असलाह जमा नहीं किया है। मतदान के दौरान 130 बूथ पर अलग से फोटोग्राफी कराई जाएगी। मतदान के लिए 152 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 25 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। 194 माइक्रो आब्जर्वर की भी तैनाती रहेगी। पिंक बूथ, युवा बूथ मतदाताओं में मतदान के प्रति अभिरूचि जगाते हैं जिले की नगर पंचायत, जिला पंचायत और नगर पालिकों में इन्हें बनवाया जाएगा। मतदान केंद्रों पर दिव्यांगों को व्हील चेयर उपलब्ध रहेगी और उन्हें मतदेय स्थल तक लाने ले जाने के लिए बीएलओ तैनात रहेंगे। जिले में तीन कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।



अधिकारियों को जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

**888 ईवीएम रिजर्व में**

जिले में 775 क्रिटीकल मतदान केंद्र हैं। जबकि, 310 क्रिटीकल मतदेय स्थल हैं। जिले में 148 गुंडा एक्ट, 177 को जिला बदर और 577 वारंटियों को गिरफ्तार कराया गया है। चुनाव में 3578 ईवीएम लगाई जाएंगी और 888 ईवीएम रिजर्व में रहेंगी जबकि, 2223 वीवीपेट लगेंगी।

**मानक के अनुरूप किए जाएं सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध : जिलाधिकारी**

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि बूथों तक पोलिंग पार्टियों के जाने के लिए जो वाहन निर्धारित किए गए हैं वे सभी जीपीएस सिस्टम से लैस हैं। पोलिंग पार्टियों को बूथों तक सकुशल पहुंचाने के बाद शांतिपूर्ण माहौल में मतदान प्रक्रिया संपन्न करानी है। पोलिंग पार्टियों को वापस लाने की जिम्मेदारी पुलिस अधिकारियों और उनके अधीनस्थ पुलिस बल की है। लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए निर्वाचन क्षेत्र में बनाए गए बूथों पर सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंडी परिसर में पुलिस ब्रीफिंग की। पैरा मिलिट्री फोर्स और नागरिक पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था के बारे में आयोग के दिशा निर्देशों के बारे में बताया। कहा कि मानक के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए गए हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव सहित समस्त एसडीएम एवं सीओ मौजूद रहे।

**एक नजर**

**लोग निर्भीक और बेखौफ होकर करें मतदान**

**रामपुर, अमृत विचार :** अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शुऐब खां ने कहा कि देश के संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिए हैं। जिन्हें हम सिद्ध अधिकार कहते हैं। कहा कि 19 अप्रैल को समय से बूथ पर पहुंचकर वोट डालें। वोट डालकर सीधे अपने घर पहुंचे। रास्तों में भीड़ न करें। सोशल मीडिया के माध्यम से कोई भी गलत संदेश या अफवाह न फैलाएं। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति निर्भीक और बेखौफ होकर अवश्य मतदान करें। सोशल मीडिया के माध्यम से बहुत सी अफवाहें फैलाई जा रही हैं, उन पर कार्यवाई भी की जा रही है।

**दो दिन जिले में रहेंगे नकवी**

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी दो दिन रामपुर में रहेंगे। वह गुरुवार को कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव और मतदान की तैयारियों पर चर्चा करेंगे। पहले भी भाजपा प्रत्याशी का नामांकन और उसके बाद रामपुर में अलग-अलग स्थानों पर कई कार्यक्रम कर चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय चुनाव प्रबन्धन की जिम्मेदारी देख रहे भाजपा के स्टार प्रचारक नकवी का जिले में समाज के सभी वर्गों और भाजपा कार्यकर्ताओं पर काफी प्रभाव है। 19 अप्रैल की सुबह 8.30 पर शंकरपुर दनियापुर बूथ पर मतदान करेंगे।

# चुनाव प्रचार थमा, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

### तैयारियां पूरी, जीपीएस लगीं बसें मतदान केंद्रों के लिए होंगी रवाना, सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रहेगी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रचार बुधवार शाम छह बजे थम गया। गुरुवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी मंडी समिति से होगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रेक्षक से लेकर जिलाधिकारी तक मंडी समिति में तैयारियों का जायजा ले चुके हैं।

जिले में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव प्रचार थम गया है। हालांकि, प्रत्याशी बिना शोर-शराबे के जनसंपर्क कर सकेंगे। गुरुवार सुबह 10 बजे से मंडी समिति से पोलिंग पार्टियां जीपीएस लगी बसों से मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। चुनाव के लिए 7884 मतदान कर्मी लगाए गए हैं। ये सभी चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराएंगे। इसके लिए मंडी समिति में इंतजाम किए गए हैं। उधर, लोकसभा चुनाव कराने के लिए 3106 होमगार्ड भी बुलाए गए हैं। बस्ती से 494, सिद्वार्थ नगर से 450, संतकबीर नगर से 270,देवरिया 585 कुशीनगर से 495, लखनऊ से 299 और जिले से 513 तरह होमगार्ड शामिल किए गए हैं। ये होमगार्ड लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करेंगे।

उधर, लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यनस्था देखी। उन्होंने शान्ति व्यवस्था, लोकसभा चुनाव के लिए जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत नगर क्षेत्रान्तर्गत मय अर्द्धसैनिक बल, पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया।

उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।


नवीन मंडी समिति में अधिकारियों को जानकारी देते उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह। ● अमृत विचार


मतदान के लिए जिला पंचायत स्थित बूथ पर कराई गई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार

> मतदान के दौरान 48 घंटे तक चुनाव के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा, जुलूस व अन्य कोई प्रचार नहीं करेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। बुधवार शाम 6 बजे से मतदान संपन्न होने तक चुनाव प्रचार-प्रसार पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।
> –हेम सिंह, जिला उप निर्वाचन अधिकारी

**पुलिस बल आना शुरू, रुकने की व्यवस्था पूरी**

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान कराने के लिए कई जिलों से पुलिस बल बुलाया गया है। इसमें 325 दरोगा शामिल हैं। साढ़े तीन हजार सिपाही हैं। 37 कंपनी पैरा मैलिट्री फोर्स को भी बुलाया गया है। जिले की फोर्स भी तैनात रहेगी। फोर्स का आना शुरू हो गया है। जबकि काफी फोर्स आ जाने के कारण उनको स्कूलों में रोका जा रहा है।

**लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की फैक्ट फाइल**

मतदान केंद्र की संख्या शहर क्षेत्र में 165, ग्रामीण क्षेत्र में 906, मतदेय स्थल शहर में 488 रौ ग्रामीण क्षेत्र में 1301, कुल मतदाता- 17,31,836, पुरुष- 9,15,998, महिलाएं- 8,15,678, अन्य- 160, नए मतदाता- 36497, 20 से 29 वर्ष आयु के मतदाता- 398715, 70-79 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या- 68,769, 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाता- 18,116, दिव्यांग मतदाता- 13435, ईवीएम- 3578, आरक्षित- 888, वीवी पैट-2223

## एक्सईएन के आदेश की अनदेखी कर 20 कर्मचारी दे रहे सेवाएं

**रामपुर, अमृत विचार:** विद्युत निगम में तैनात ठेका, संविदा कर्मचारी एक्सईएन के आदेश की अनदेखी कर ड्यूटी कर दे रहे हैं। 13 बिजलीघरों में तैनात 60 कर्मचारियों का स्थानातंरण नंवबर माह 2023 में हुआ था। कर्मचारियों की नवीन तैनाती नहीं होने के मामले में बिजलीघरों के जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध है। नवाबगेट डिवीजन से तैनाती नहीं होने पर संबंधित जेई का वेतन रोकने के आदेश दिए गए हैं।

13 बिजलीघरों में तैनात 60 एसएसओ, पेट्रोलमैन और लाइनमैन के स्थानातंरण करने के आदेश बिजली निगम के चीफ कार्यालय से आए थे। जिसमें अभी सिर्फ 40 कर्मचारियों की तैनाती हुई है 20 अभी भी ऐसे है जोकि सिविल लाइंस, आंबेडकर पार्क, अजीतपुर प्रथम, द्वितीय, किला, डूंगरपुर, नवाबगेट, पहाड़ी गेट, थाना गंज, बिलासपुर गेट,नवाब गेट और रजा बिजलीघर में ड्यूटी कर रहे हैं। एक्सईएन प्रथम, बिजली निगम के इमरान खां ने बताया कि कर्मचारियों की तैनाती करा दी गई है।

## कुंदनपुर में तेंदुआ पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने की कांबिंग

**संवाददाता, मसवासी**

- ग्रामीणों ने की तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग

**अमृत विचार:** तेंदुआ पकड़ा नहीं जाने से कुंदनपुर के ग्रामीणों में दहशत है। छह दिन बीत जाने के बाद भी वन विभाग के अधिकारी तेंदुए को नहीं तलाश सके। वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश में कांबिंग कर रही है।

कुंदनपुर के जंगल में बुधवार को फिर से तेंदुए की तलाश में वन विभाग की टीम ने कांबिंग की थी। बताते चलें कि बीते दिनों क्षेत्र के गांव कुंदनपुर स्थित बुढ़िया फार्म के नजदीक सरदार गुरमुख सिंह को तरबूज की पालेज की सिंचाई करने के दौरान तेंदुआ दिखाई दिया था। तेंदुए को देखकर गुरमुख सिंह के पसीने छूट गए थे और उसने जंगल से घर की ओर दौड़ लगा दी थी। गांव पहुंचे गुरमुख सिंह ने मामले की सूचना अन्य ग्रामीणों को दी। मामले की सूचना पर वन विभाग की टीम ने भी जंगल में कांबिंग की लेकिन तेंदुए का कोई सुराग नहीं लग सका।

बुधवार को फिर से वन दरोगा शील कुमार ने कुंदनपुर स्थित जंगल में तेंदुए की तलाश में कांबिंग की लेकिन, टीम अभी तक तेंदुए को नहीं तलाश सकी है।

## पुल न बनने पर करेंगे मतदान का बहिष्कार

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचार:** पुल निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीण भड़क गए। उन्होंने लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। क्षेत्र के जगतपुर गांव निवासी ग्रामीणों ने बुधवार को मतदान का बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में चार गांव शामिल हैं। जिनमें उनका जगतपुर का मझरा गांव पीलाखार नदी के पार है। उनकी कृषि भूमि नदी के उस पार है। प्रतिदिन कई बार नदी को पार कर कृषि कार्यों को अंजाम देते हैं। बरसात के मौसम में नदी के उफान पर होने के कारण उनको कृषि कार्यों को करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। उधर उनके गांव में सरकारी सस्ता गल्ला की दुकान है। तीन गांवों के ग्रामीणों को राशन ले जाने में भी बहुत दिक्कत होती है। आजादी के बाद से पुल निर्माण की मांग की जा रही है लेकिन पुल का निर्माण नहीं हुआ। उन्होंने 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में भाग न लेने का निर्णय लिया है। प्रदर्शन करने वालों में पोप सिंह, सत्यपाल, पप्पू सिंह, मानसिंह, सुरेश, बादूराम, ओम प्रकाश, रामसनील, शकुंतला देवी, हरिशंकर, द्वारका प्रसाद, ओंमकार, प्रेम शंकर, नरेश, धर्मपाल सिंह आदि शामिल रहे।


जगतपुर गांव में मतदान के बहिष्कार को लेकर नारेबाजी करते ग्रामीण।

## विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार:** वैष्णो मार्शल आर्ट के कोच एवं नेशनल रेफरी प्रेम सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता 14 से 16 अप्रैल तक आयोजित की गई। एसकेबीएम इंटर क\लेज दिलदार नगर गाजीपुर में सभी जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए गए। नैना राजपूत को सिल्वर, आरोही राजपूत को गोल्ड, नाव्या और सारिका, ध्रुव, जितेंद्र सिंह, आदित्य और रामलाल भारती और शिवांश कुमार को गोल्ड मेडल दिया। उन्होंने बताया कि चिल्ड्रेन, कैडेट नेशनल चैंपियनशिप पुणे में मई में होगी। इसमें जूनियर चैंपियनशिप वेस्ट बंगाल और सीनियर चैंपियनशिप गोवा की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

## युवती से दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी को दी दबिश

**संवाददाता पटवाई**

- पटवाई थाना क्षेत्र की घटना आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस पर छोड़ने का आरोप लगाया

**अमृत विचार:** घर में घुसकर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस उसके घर पर और रिश्तेदारों के यहां पर दबिश दे रही है। हालांकि अभी तक आरोपी पकड़ा नहीं गया है।

मामला पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी एक युवक दो दिन पहले किसी काम से कहीं गया हुआ था। जब रात को वह वापस आया, तो उसने बहन के साथ एक युवक को आपत्तिजनक स्थिति में देखा था। उसके शोर मचाने पर युवक मौका पाकर वहां से भाग गया था। यह देख गुस्साए पीड़ित अपने मां-पिता के साथ मामले की तहरीर देने रात में ही थाना पटवाई पहुंचा था लेकिन पुलिस ने उसको अगले दिन आने का कहकर चलता कर दिया था। अगले दिन युवक फिर से थाने पहुंच गया था। जहां पीड़ित को लात-घूंसे से मारने के बाद हवालात में बंद कर दिया था।

करीब 20 घंटे बीतने के बाद थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद पीड़ित को छोड़ दिया था। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रही है। पटवाई एसओ अजय शर्मा ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

**जागरूकता** स्टार चौराहा से शाहबाद गेट तक 500 महिलाओं ने निकाली संकल्प यात्रा

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें मतदान : सीडीओ

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने कहा कि मतदाता मतदान दिवस के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करें। यह देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में मतदाताओं की अहम भागीदारी का हिस्सा है। सभी मतदाता अपनी जिम्मेदारी समझें और स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

जिले में 19 अप्रैल को मतदान होगा। शहर स्थित स्टार चौराहे से शाहबाद गेट तक 500 महिलाओं ने महिला संकल्प यात्रा निकाली। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। महिलाओं ने पंक्तिबद्ध होकर विभिन्न प्रकार के जागरूकता स्लोगन के साथ लोगों को 19 अप्रैल को अपने बूथ पर पहुंचकर आवश्यक रूप से मतदान करने के लिए जागरूक किया। प्रभारी अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी ने संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र जायसवाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी दीपक कुमार और स्वीप आइकॉन तृप्ति माहौर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



संकल्प यात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार


अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का दीप प्रज्वलित करते पदाधिकारी।

## साफ छवि वाली सरकार चुनने के लिए डालें वोट

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से लोकसभा प्रभारी बनाए गए नवनीत गुप्ता ने कहा कि सभी लोग मतदान करें और देश को साफ छवि वाली सरकार दें।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ओर एक कार्यक्रम गांधी समाधि स्थित चंपा कुंवारि में किया गया। इसमें अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाए गए नवनीत गुप्ता पहुंचे। जहां उनका सभी ने स्वागत किया। दीप जलाकर उन्होंने बैठक शुरू की। कहा कि संविधान ने बालिग लोगों को मताधिकार का अधिकार दिया है। जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, बिलासपुर नगर पालिका चेयरमैन चित्रक मित्तल, गौरव अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, श्रीष गुप्ता ने संबोधित किया। बैठक में रामेंद्र गुप्ता,सुधीर गुप्ता, ज्ञान गुप्ता, सूरज गुप्ता, शुभम सिंघल, कुनाल सिंघल आदि रहे।



## एक नजर

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर,अमृत विचार :** नवीन मंडी के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए ।उसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइन निवासी नन्हें बाइक से किसी काम से बुधवार शाम स्वार की ओर जा रहा था। इसी बीच मंडी के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### युवक पकड़ा, तमंचा मिला

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना पुलिस ने जुनैद पुत्र राजत जान निवासी ग्राम भमरौआ को एक तमंचा के साथ पनवड़िया हुनर हाट पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, वहां से उसका चालान कर दिया गया है।



सरकारी अस्पताल में मौजूद उपजिलाधिकारी और लेखपाल। ● अमृत विचार

# बंदरों ने एसडीएम व लेखपाल पर किया हमला, दोनों घायल

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचारः** क्षेत्र में बुधवार को बंदरों के हमले से उप जिलाधिकारी और लेखपाल को घायल हो गए। दोनों ने अस्पताल में उपचार कराया।

एसडीएम राजेश कुमार व लेखपाल अमरजीत सिंह तहसील सभागार में सरकारी काम-काज कर रहे थे। जब वे अपने सरकारी वाहन की ओर गए तो बंदरों के झुंड ने दोनों पर हमला कर दिया। गार्डों ने बंदरों को भगाने का प्रयास किया तो गुस्साए बंदरों ने एसडीएम और लेखपाल के हाथों में काट लिया। घायल एसडीएम और लेखपाल सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्साधीक्षक डॉ. बासित अली ने दोनों का उपचार किया। एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगाए। छह अप्रैल को भी नगर के शाहूजी नगर मोहल्ला निवासी सेवानिवृत्त अध्यापक नत्थूलाल गंगवार को एसडीएम आवास के सामने बंदरों ने हमला कर घायल कर दिया था।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपी पकड़ा, जेल भेजा

**स्वार, अमृत विचारः** पुलिस ने चोरी की बाइक और चाकू बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गांव रायपुर का मझरा निवासी यासीन बाइक से किसी काम से नगर के मोहल्ला रसूलपुर में आया था।

उसने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। बुधवार सुबह कोतवाल संदीप त्यागी राजकीय इंटर कॉलेज के सामने वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि चोरी की बाइक पर सवार युवक स्वार की ओर आ रहा है। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने बाइक की गति बढ़ा दी। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को दबोच लिया और कोतवाली ले आई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नगर के मोहल्ला अगलगा निवासी राशिद बताया है।

## चोरी करने के बाद कार से दिल्ली हो जाते थे फरार, सामान बरामद

# अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** सिविल लाइन पुलिस ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उनके पास से चोरी किया गया सामान व कार मिली है। तीनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने पकड़ने वाली टीम को 10 हजार का इनाम भी दिया है।

सिविल लाइन पुलिस को मंगलवार रात सूचना मिली कि अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन आरोपी कार से शराब फैक्ट्री से पहले कट के पास खड़े हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। तीनों को पकड़ने के बाद थाने ले आई। जहां



घटना खुलासा करते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार



बरामद किया गया सामान।

तीनों ने 14 फरवरी को चोरी की घटना स्वीकार की। बुधवार दोपहर एसपी राजेश द्विवेदी ने प्रेसवार्ता में बताया कि अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे विभिन्न स्थानों पर चोरी, टप्पेबाजी करते हैं। पकड़े जाने के डर से कार से दिल्ली भाग जाते हैं। 14 फरवरी को थाना सिविल लाइन क्षेत्र से एक गाड़ी से बैग चोरी किया था। उसमें कीमती आभूषण थे। इन लोगों ने गोरखपुर, बदायूं, बरेली सहित अन्य जनपदों में भी चोरी, टप्पेबाजी की घटनाएं की हैं। पुलिस ने बताया कि इन तीनों का प्रदेश एवं अन्य राज्यों में आपराधिक इतिहास है। आरोपी ने अपने नाम व पता एन्टोनी पुत्र राजू निवासी बी ब्लॉक जेजे कॉलोनी थाना इंद्रपुरी जिला पश्चिमी दिल्ली, अनीस पुत्र राजू और विशाल पुत्र बब्बू माली बताया है। इनके पास से कार, सोनी की 28 लौंगें, दो हार, 14 पैरों के बिछवे, लॉकेट, झुमका, नौ पाजेब आदि सामान मिला है।

# बिजली के तारों की चिंगारी से किसान की 19 बीघा गेहूं की फसल और 850 पेड़ जले

## गांव पिपला की घटना, किसान ने बिजली विभाग के जिम्मेदारों पर लगाया आरोप

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचारः** बिजली के तारों की चिंगारी गिरने से गेहूं की फसल में आग लग गई। इससे 19 बीघा गेहूं की फसल और पॉपुलर के 850 पेड़ जल गए। किसान ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

यह घटना गांव पिपला शिवनगर की है। यहां के रहने वाले मोहनलाल ने बताया कि उसके खेत के बराबर में ही बिजली के खंभे लगे हुए हैं। मंगलवार शाम बिजली के खंभे से पेड़ की टहनी टकरा गई। तारों से चिंगारी उसकी खेत में गिर गई। इससे गेहूं की फसल में आग लग गई। इस दौरान 19 बीघा गेहूं की फसल और पॉपुलर के 850 पेड़ जल गए। आग लगती देख पड़ोस के खेत में काम करने वाले व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और



गांव पिपला शिवनगर में गेहूं की फसल में लगी आग। ● अमृत विचार

आग बुझाने का प्रयास करने लगे। काफी देर तक आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक 19 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। गेहूं की फसल जल जाने से किसान के घर में कोहराम मच गया। खेत स्वामी मोहनलाल ने कोतवाली एवं उप जिलाधिकारी को तहरीर देकर बताया कि उनके खेत के पास बिजली के तीन खंभे लगे हैं। इन पर हाई टेंशन बिजली सुचारू है। खेत के किनारे लगे पॉपुलर के पेड़ काफी लंबे हो जाने से वह बिजली के तारों से टकराने लगे थे। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने कई बार विद्युत विभाग के कर्मचारियों से कहा, वे कुछ समय के लिए विद्युत आपूर्ति बंद कर दें, जिससे वह अपने पेड़ काट सके। पीड़ित का आरोप है कि विद्युत कर्मियों ने इस कार्य के लिए उनसे 10000 रुपये की मांग की जो वह नहीं दे पाया। विद्युत निगम की लापरवाही से उनके खेत में आग लग गई और 10 लाख का नुकसान हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर विद्युत निगम के कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उप जिलाधिकारी को पत्र देकर जली हुई फसल व जले पेड़ों की जांचकर उचित मुआवजे की भी मांग की। घटना की सूचना पर राजस्व कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का आंकलन किया।

### पूर्व प्रधान की तीन एकड़ गेहूं की फसल जली

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पूर्व प्रधान के खेत में गेहूं की फसल में आग लग गई। इससे तीन एकड़ गेहूं की फसल जल गई। इससे डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना गांव ताल महावर की है। बुधवार सुबह गांव के पूर्व प्रधान हफीज खां के खेत में आग लग गई। आग की लपटों को देख आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों व ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आग पर काबू पाने के लिए निजी साधन अपनाने में लगे हैं। कुछ ही देर बाद पूर्व प्रधान पहुंच गए और दमकल विभाग को सूचित किया। घंटों बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन आग से करीब तीन एकड़ गेहूं की फसल जल गई। पूर्व प्रधान ने बताया है कि आग से उनका डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## दहेज हत्या के मामले में ससुर को किया गिरफ्तार

**मिलक, अमृत विचारः** दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति के बाद बुधवार को ससुर को भी गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया।

बताया गया कि 20 मार्च को कूप गांव में संदिग्ध हालत में महिला की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के पिता प्रेमशंकर ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया था कि चार वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री बबली की शादी दुगनपाल निवासी युवक के साथ की थी। ससुराल वालों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

शादी के बाद दुगनपाल व उसके परिवार वाले दहेज में एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे। उसकी मृतक पुत्री बबली ने फोन पर बताया था कि उसके ससुराल वाले उसे मारने की साजिश रच रहे हैं और उसे आकर ले जाएं। सुबह 11 बजे कूप पहुंचने से पहले सभी ने एक राय होकर उसकी पुत्री बबली की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मृतका के पति दुगनपाल, ससुर पप्पू, सास सोमवती, जेठ धर्मपाल, देवर नरेश व राहुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को पुलिस ने मृतका के ससुर पप्पू को गिरफ्तार कर लिया।



मृतक के घर जुटी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

# पेड़ पर लटका मिला कारपेंटर का शव

**संवाददाता, टांडा**

**अमृत विचारः** गांव बादली के रहने वाले कारपेंटर अंकुश का शव बुधवार को आम के बाग में पेड़ के सहारे फंदे पर लटका मिला। हालांकि उसकी मौत की वजह आत्महत्या बताई गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

गांव बादली में जयपाल सिंह का परिवार रहता है। उनके चार बेटा-बेटियों में मझला पुत्र अंकुश (22) चेन्नई में कारपेंटर का काम करता था। तीन दिन पहले ही वह घर आया था। परिजनों के अनुसार, वह मंगलवार शाम सात बजे घर से जरूरी काम से जाने को कहकर निकला,



लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। उन्होंने गांव व आसपास के क्षेत्र सहित रिश्तेदारी में तलाश किया लेकिन, उसका कोई पता न चल सका। बुधवार सुबह सात बजे जब कुछ लोग गेहूं की फसल काटने खेतों पर जा रहे थे तो राजकीय इंटर कॉलेज के पास आम के बाग में उन्होंने एक शव पेड़ पर लटका देखा। सूचना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाया और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने परिजनों से भी पूछताछ की। सीओ कीर्तिनिधि आनंद ने बताया कि युवक का शव बुधवार को आम के पेड़ पर लटका मिला है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। हालांकि परिजनों ने किसी भी प्रकार की रंजिश से इनकार किया है।



धूप के बीच सिर पर कपड़ा बांधकर बाइक से जाते पुलिसकर्मी।

# दिनभर गर्म तेज हवा ने सताया

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** इस सप्ताह मौसम के बदलाव आ रहा है। कभी गर्मी तो कभी बारिश के आसार बन रहे हैं। साथ ही गर्म हवा चल रही है। गर्मी से बचाव के लिए लोग पेड़ों की छांव का सहारे ले रहे हैं।

बुधवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा है। दिनभर तेज गर्म हवा ने सताया। उधर, बारिश नहीं होने से गन्ना, मैंथा की फसलें को पानी की जरूरत होने लगी है। किसान मोहम्मद अहमद बताते हैं कि उनकी गन्ने और मैंथा की फसल को पानी की दरकार है अगर कुदरत बारिश कर दे तो काफी पैसा बच जाएगा। हालांकि, मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही ने 19 और 21 अप्रैल को गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा और तेज हवा चलने का अनुमान जताया है। उधर, मेरठ के कृषि विश्वविद्यालय में मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि आज से सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में 19 और 21 अप्रैल को गरज और तेज हवा के साथ बूंदाबांदी के आसार हैं।

# मजदूर की मौत के बाद किया हंगामा

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचारः** झोलाछाप के गलत इंजेक्शन से मजदूर की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। उन्होंने झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बाद में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

मृतक की पत्नी ने बताया कि घटना से एक घंटा पहले उसकी बात फोन पर हुई थी। उस समय गेंदनलाल स्वस्थ था। जल्द घर लौटने की बात कही थी। पत्नी ने बताया कि घर से मिलक आते समय 10 हजार रुपये साथ लाए थे। रुपयों से बाइक को ठीक कराने की बात कही थी। उसके मृतक पति की जेब से 10 हजार रुपये गायब हैं। उधर, जिले में झोलाछापों के इलाज से लगातार लोगों की मौतें हो रही हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग कोई कार्रवाई



जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

नहीं कर रहा है। हालांकि एक दो अस्पतालों को सील कर दिया जाता है। शहर में भी दो दिन पहले गलत इंजेक्शन से बालिका की मौत हो गई थी, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक उस अस्पताल को सील नहीं किया है। इसके अलावा तहसीलों में गलत इंजेक्शन लगने से जच्चा-बच्चा तक की मौत हो चुकी है। उधर, मिलक के सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बासित अली ने बताया कि मजदूर की मौत के बाद उपचार देने वाले व्यक्ति से दवा और इंजेक्शन के बारे पूछा।

उपचार देने वाले व्यक्ति के अनुसार, गलत इंजेक्शन लगाया गया था। इस कारण मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मजदूर के पत्नी और तीन बच्चे हैं।

## खिड़की तोड़कर खाद की दुकान से सामान चुराया

**सैफनी. अमृत विचार :** चोरों ने मंगलवार रात एक खाद एवं बीज की दुकान से नकदी व कीटनाशक दवा समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। दुकान खोलने पर चोरी का पता चता तो दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी।

मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के पीपली चक गांव निवासी सचिन कुमार की कासम नगला गांव में शाहबाद-बिलारी रोड बिचपुरी लालजी तिराहे के सामने फर्टिलाइजर पेस्टीसाइड एंड सीड्स के नाम से खाद और बीज की दुकान है। बताया है कि मंगलवार शाम सचिन दुकान बंद कर घर चला गया था। बुधवार सुबह जब उसने अदुकान का शटर खोला तो सामान बिखरा पड़ा था। दुकान के अंदर की खिड़की टूटी हुई थी। चोर दुकान के गल्ले में रखे 22 हजार रुपये और कुछ दवा चोरी करके ले गए हैं।

# जिले में मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक कर रहीं टीमें

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** 25 अप्रैल को जनपद में मलेरिया दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए टीम नामित की गई है। ये टीमें लोगों को मलेरिया के बचाव के बारे में जागरूक कर रही है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी लोगों को जानकारी मुहैया करा रहे हैं।

2022 में शाहबाद, मिलक, स्वार और टांडा में 31 मलेरिया के मामले मिले थे। कई लोगों की मौतें भी हुईं थीं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े इसकी पुष्टि नहीं करते हैं। वर्ष 2023 में विभाग को काफी राहत मिली थी। वर्ष 2022 के आंकड़ों को देखते हुए विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने ब्लॉक चमरौआ के गांव इंड्रा पहुंचकर सफाई के लिए जागरूक किया था। जनपद में संचालित विशेष संचारी रोग अभियान में लगाई गई आशाओं को निर्देश दिया। कहा था कि वे घर-घर जाकर अभियान के बारे में लोगों को जागरूक करें। वह खुद भी कई गांव पहुंचकर साफ-सफाई के लिए सचेत किया था। मलेरिया से बचने के लिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के दरवाजों, खिड़कियों पर जाली लगवाएं। जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने बताया कि 106 देशों में मलेरिया लोगों को प्रभावित करता है। इसमें भारत भी शामिल है। साफ पानी में रहने वाले मच्छरों में से मादा के काटने से मलेरिया होता है।

**स्वास्थ्य** 16 दिन में 85 लोगों को हुआ डायरिया, जिला अस्पताल में भर्ती, चिकित्सक शुद्ध पानी पीने की दे रहे सलाह

# मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच डायरिया का खतरा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** मौसम में बदलाव के कारण जनपद में डायरिया पांव पसार रहा है। लोग उल्टी और दस्त से पीड़ित हो रहे हैं। 85 लोग जिला अस्पताल में भर्ती हुए हैं, इनको उल्टी और दस्त की शिकायत थी। अस्पताल की ओपीडी में डायरिया मरीजों की संख्या बढ़ी है। जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में मरीज बढ़े हैं। डायरिया से बचने के लिए एहतियात बरतने की जरूरत है। मंगलवार रात 12 बजे से बुधवार दोपहर दो बजे तक 25 रोगी भर्ती हुए हैं। वार्ड में रखे एडमिट रजिस्टर में 25 रोगी तो शहर के मोहल्ला खटकान, पीला तालाब और ऊंची चौपाल के रहने वाले हैं।

अप्रैल में गर्मी बढ़ने लगी है। मौसम में उतार-चढ़ाव आ रहा है, जिसके कारण बीमारियां बढ़ रही हैं। सबसे अधिक लोगों को उल्टी, दस्त की शिकायत हो रही है। जिला अस्पताल व सीएचसी और पीएचसी में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। निजी अस्पतालों में भी डायरिया से पीड़ित मरीजों की लाइन लगी है। जिला अस्पताल में 1 से 17 अप्रैल के बीच 85 लोग उल्टी और दस्त के पहुंचे। इनको डायरिया वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। ओपीडी में इन रोग से पीड़ित मरीजों की संख्या हर रोज 150 के करीब पहुंच रही है। जिला अस्पताल के जनरल फिजीशियन डॉ. दशरथ सिंह ने बताया कि मौसम में उतार चढ़ाव हो रहा है, इसलिए लोगों को डायरिया की बीमारी हो रही है। लोगों को शुद्ध पानी पीना चाहिए। शुद्ध भोजन हाथ धोकर करना चाहिए। बाजार में बिकने वाली खुली चीजों के सेवन से बचना चाहिए। विशेष रूप से इस मौसम में अभिभावकों को बच्चों की खास देखभाल करना चाहिए।



जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

> आइसोलेशन वार्ड को डायरिया वार्ड बनाया गया है। यहां 25-25 बेड के तीन वार्ड स्थापित हैं। बुधवार को भी 25 नए रोगी वार्ड में भर्ती हुए हैं।
>
> -डॉ. एचके मित्रा, सीएमएस, जिला अस्पताल

### जिला अस्पताल में 75 बेड के तीन वार्ड आरक्षित

डायरिया के रोगियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला अस्पताल में 75 बेड के तीन वार्ड आरक्षित किए हैं। पुराने भवन में स्थापित 50 बेड के दो वार्ड में रोगी भर्ती हो रहे हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार बुधवार दोपहर तक 25 नए मरीज भर्ती हुए हैं। जिससे कि रोगी को उपचार दिलाए जाने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। मौसम में उतार चढ़ाव के चलते लोग बीमार हो रहे हैं ऐसे में खुले में बिकने वाले पदार्थों का सेवन न करें। जंक फूड से भी दूरी बनाए रखें। बीमार होने पर तुरंत ही नजदीक चिकित्सक को दिखाएं। इसके बाद उससे परामर्श भी लें।

## एसीएमओ ने गर्म हवा से बचाव के बताए उपाय

**रामपुर, अमृत विचारः** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने गर्म हवा से बचाव के लिए उपाय बताए हैं। दोपहर एक से चार बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर नहीं निकले। छाता का प्रयोग अवश्य करें। हल्के वस्त्र और सिर को ढककर बाहर निकलें।

बताया कि बच्चों, गर्भवतियों, बुजुर्ग व्यक्तियों को लू से बचाव करना आवश्यक है। इनके स्वास्थ्य पर लू का विपरित प्रभाव डाल सकता है। नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह पशुओं के लिए साफ पीने का पानी का प्रबंध करें। पक्षियों के लिए दाना एवं पानी रखें। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं जानवरों को न छोड़े। तापमान अधिक होने पर ज्यादा मेहनत वाले कम काम करें या फिर सूर्योदय या सूर्यास्त के बाद करें। कॉफी, शराब, सॉफ्ट ड्रिंक का उपयोग कम करें। यह शरीर को डिहाईड्रेट करते है।

# रेलवे फाटक बंद नहीं करने की मांग

**संवाददाता, बिलासपुर**

**अमृत विचारः** 12 से अधिक गांवों को जोड़ने वाले रेलवे फाटक 57-सी को रेलवे द्वारा बंद करने से रोके जाने की मांग को लेकर ग्रामीण स्टेशन मास्टर से मिले। उन्हें ज्ञापन सौंपा।

नगर के मोहल्ला कस्बा राजपुर में समाजसेवी गुच्छन खां के नेतृत्व में हिरनखेड़ा, बहांपुर, गंगापुर, डोहरिया, खेमपुर, भुकापुर, चकौनी, भुकसौरा, पीपलसाना, बमनपुरा समेत अन्य गांवों के लोग एकत्रित हुए। इसके बाद सभी केमरी रोड स्थित स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां सभी स्टेशन मास्टर अवधेश कुमार से मिले और उन्हें अपना ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि उनके गांवों को जोड़ने वाला 57 सी रेलवे फाटक वाला रास्ता लगभग तीन सौ से चार सौ वर्ष पुराना है। उन्होंने बताया कि इस रास्ते पर मोहर्रम पर चार-पांच गांव से ताजिये भी आते हैं और इस रास्ते पर आबादी भी है।

उनका आरोप है कि रेलवे 57 सी रास्ते को बंद करना चाहता है। इस फाटक को बंद नहीं किया जाए।

इस दौरान स्टेशन मास्टर ने उनके ज्ञापन को उच्चाधिकारियों को भेजने का आश्वासन दिया। ज्ञापन पर नाजिम खां, शशि सैनी, रोहताश, दानिश, भूरा, तंजीम खां, फईम, उवैस, हरेंद्र सिंह, ताहिर, मोहम्मद युसूफ, गुड्डू, इरफान, रियाज, महमूद खां आदि के हस्ताक्षर हैं।




स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

● हिरनखेड़ा, बहांपुर, गंगापुर, डोहरिया समेत 12 से अधिक गांव को लोगों को होगी दिक्कत

## एक नजर

### सट्टे की खाईबाड़ी करते समय युवक गिरफ्तार

रामपुर,अमृत विचार : थाना खजुरिया पुलिस ने दानिश पुत्र मुन्ने निवासी गोधी को ग्राम गोधी तिराहे से पहले मैरिज हाल की बाउंड्री के पास से सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया। इसके पास से 610 रुपये, सट्टा पर्चा, एक गत्ता, एक नीला पेन, एक अधजली मोमबत्ती बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### रंजिश के चलते युवक को पीटा, तहरीर दी

रामपुर,अमृत विचार : थाना गंज क्षेत्र में रंजिश के चलते युवक को पीट दिया। इस मामले पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना गंज क्षेत्र के अजयपुर गांव निवासी मनोज का कहना है कि उसके गांव के ही कई लोग उसको काफी समय से जमीन के विवाद को लेकर रंजिश चली आ रही है। उसी के चलते रास्ते में आते जाते समय आरोपी उसके साथ गाली–गलौच करते हैं। आरोप है कि बुधवार दोपहर को रास्ते में रोककर उसके साथ गाली–गलौज करते हुए पीट दिया। इस मामले में पीड़ित ने तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ईओ ने कार्य में तेजी लाने के लिए दिए निर्देश

रामपुर,अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने जलकल, निर्माण विभाग और जन्म मृत्यु प्रमाण विभाग के कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने सभी विभागों के कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि जो वर्तमान में कार्य हो रहे हैं उनमें तेजी लाएं। इसके अलावा उन्होंने मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक डॉ. अविनाश कुमार को निर्देशित किया कि जो जन्म प्रमाण पत्र अधर में है, उनको जल्द ही बनवाया जाए।

### स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए दिया पत्र

रामपुर,अमृत विचार : कचहरी रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने से अंधेरा छाया रहता है। इससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने पालिकाध्यक्ष को पत्र देकर लाइट लगवाने की मांग की है।



श्रीराम की गोद में लेटे मूर्छित लक्ष्मण। ● अमृत विचार



थूनापुर में बालाजी दरबार में फीता काटकर शोभा यात्रा का आरंभ करते विहिप नेता अनिल वशिष्ठ। ● अमृत विचार



भगवान श्रीराम की पादुका लेकर जाते भरत। ● अमृत विचार

# शहर में धूमधाम से निकली श्रीराम शोभायात्रा

## शबरी के आश्रम में राम-लक्ष्मण, शेषनाग पर भगवान विष्णु की झांकियां रहीं शामिल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर में बुधवार को श्रीराम शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जगह-जगह पुष्प वर्षा से इसका स्वागत हुआ। इससे पहले श्रीराम नवमी पर कोसी मंदिर रोड स्थित श्री सनातन धर्म रामलीला प्रांगण में पूजा-अर्चना एवं आरती कर धार्मिक-ध्वज फहराया गया। सनातन गोशाला पर भी ध्वज फहराया।

मानव सत्संग मंडल की ओर से बुधवार शाम रामनवमी पर कोसी मंदिर रोड स्थित सनातन धर्म रामलीला प्रांगण से 46वीं श्रीराम शोभा यात्रा निकाली गई। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने झांकियों के स्वरूप में श्री गणपति, श्रीराम, श्रीलक्ष्मण माता सीता आदि स्वरूपों की आरती और टीका कर शोभायात्रा का आरंभ किया। शोभायात्रा में सर्वप्रथम मानस सत्संग मंडल का बैनर, तीन घुड़सवार, ढोल, श्री गणपति बग्गी, व्यास जी की गद्दी, शबरी के आश्रम में राम लक्ष्मण, शेषनाग पर भगवान विष्णु, श्री बांके बिहारी, दुर्गा महिमा संवाद, नन्दी पर भोलेनाथ की झांकी शामिल थीं। इसके अलावा लक्ष्मण, परशुराम संवाद, रामेश्रवर स्थापना, बैन्ड, रामलला स्थापित, केवट संवाद, रावण, हनुमान श्री राम दरबार झांकियां ने सबका मन मोह लिया। घरों एवं प्रतिष्ठानों पर लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। किसी ने शर्बत, किसी ने बूंदी- छोले, राजमा चावल तो किसी ने मिश्री सौंफ, किसी ने हलवे का वितरण किया। शोभायात्रा रामलीला मैदान, कोसी मन्दिर मार्ग से शाम चार बजे प्रारम्भ होकर नया गंज चौराहा, बाजार सर्राफा, राजद्वारा, गांधी समाधि, एसपी कोठी के पीछे आवास विकास, थाना सिविल लाइन, गुरुद्वारा रोड, टैक्सी स्टैंड रोड, राधा रोड होती हुई श्री हरि आदर्श रामलीला मैदान, आदर्श कॉलोनी, सिविल लाइन में सम्पन्न हुई।

इस मौके पर सुभाष नंदा भैया, धनंजय पाठक, महेश जुनेजा, अरविंद नंदा, वीरेंद्र गर्ग, अनूप अग्रवाल ने पूजा-अर्चना कर धर्म ध्वजारोहण किया। इस दौरान सुभाष नन्दा, सूर्य प्रकाश पाल, धनंजय पाठक, बृजेश गुप्ता, महेश जुनेजा, भूप सिंह यादव, हरिओम गुप्ता, अनूप अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, जुगेश अरोड़ा, राजीव मांगलिक, अनिल वशिष्ठ, सुनील गोयल, वीरेन्द्र गर्ग, राजीव सिंघल, अनुज सक्सेना, अजीत यादव, राकेश सिंघल, हरीश चन्द्र अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अमित मेन्दीरत्ता रविन्द्र गुप्ता नीटू, अनिल कुमार चौरसिया, अजय कुमार गुप्ता, रविशंकर गुप्ता, आरके जैन, सतेन्द्र भटनागर, गोविन्द पांडेय आदि उपस्थित रहे।



उत्सव पैलेस में भगवान श्रीराम की आरती करते शहर विधायक आकाश सक्सेना, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### भगवान श्री राम ही प्रशस्त करेंगे विश्व कल्याण का मार्ग : आकाश

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भगवान श्री राम सनातन धर्म और आध्यात्म की पहचान हैं। उन्होंने आदर्शों के ऐसे मानक स्थापित किए हैं, जो समृद्ध राष्ट्र का परिचायक हैं। उनके आदर्श और सिद्धांतों का अनुसरण करने से ही विश्व कल्याण संभव है। इस कार्य में भारत ही श्रेष्ठ भूमिका का निर्वहन कर सकता है। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के भक्ति भजनों की धूम रही। श्रृद्धालु भजनों पर थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं, जगह–जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया।



शोभायात्रा में शामिल शंकर और पार्वती की झांकियां। ● अमृत विचार

## शोभायात्रा में झांकियों ने मन मोहा

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार:** राम नवमी पर बुधवार को मां दुर्गा दरबार सेवा मंडल की ओर से थूनापुर से शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर इनका स्वागत किया गया। जय श्री राम के नारे भी लगाए। देर शाम भोट कस्बा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में शोभायात्रा संपन्न हुई।

सेवा मंडल ने थूनापुर स्थित बालाजी दरबार से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सुबह से ही भोट कस्बा स्थित मां जगदम्बा मंदिर में माता रानी के दर्शन को श्रद्धालुओं की कतार लगना शुरू हो गई थी। सुबह 10 बजे पंडित विन्देश चन्द्र शर्मा ने विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन के बाद महाआरती कराई। दोपहर दो बजे बालाजी दरबार मंदिर में गोसेवा आयोग के पूर्व सदस्य व विहिप के विभाग सेवा प्रमुख अनिल वशिष्ठ ने फीता काटकर शोभायात्रा का आरंभ किया। शोभायात्रा में श्रीगणेश, मां दुर्गा, बजरंग बली, शिव पार्वती व राधा कृष्ण समेत अन्य देवी देवाताओं की झांकियां निकाली गईं। शोभायात्रा थूनापुर, मिलक याकूब अली खां, भोट कस्बा भ्रमण कर देर शाम कस्बा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस दौरान कई स्थानों पर ग्रामीणों ने जलपान व प्रसाद बांटा। व्यवस्था में शांति कश्यप, प्रेमपाल, नन्द राम,विजेन्द्र कश्यप, धर्मपाल,पप्पू,लेखराज सैनी,महंत राम औतार आदि मौजूद रहे।



कन्या बरुओं को जिमाती महिला। ● अमृत विचार

## मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना कर कन्या-बरुओं को जिमाया

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** बुधवार को माता सिद्धीदात्री की पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने कन्या और बरुओं को जिमाकर उनके चरण स्पर्श कर मन्नत मांगी। विधि विधान से पूजा-अर्चना हुई। चैत्र नवरात्र की नवमी को सुबह से ही घरों में श्रद्धालुओं ने माता सिद्धीदात्री की पूजा की। घरों में पकवान बनाए। कन्याओं और बरुओं को भोजन करा अपने उपवास खोले। सुबह से ही जगह-जगह वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन पूजन हुए। इस दौरान मंदिरों पर माता के महिलाओं ने छंद गाए। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

## श्रद्धालुओं ने यज्ञ में दी आहुति, माता रानी के छंद गाए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के नौवें दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री का पूजन किया। पूजा-अर्चना कर अष्ट सिद्धियों का वर मांगा। घरों में पूजन के बाद मंदिरों में पूजा की। नवमी पूजन कर कन्या-बरुओं को जिमाया और नवरात्र व्रत पूर्ण किए। मंदिरों में हवन हुए, माता के छंद गाए गए।

चैत्र नवरात्र के नौवें दिन श्रद्धालुओं ने मां सिद्दिदात्री की पूजा-अर्चना की। घरों पर दुर्गा नवरात्र व्रत कथा, श्री दुर्गा चालीसा और आरती का पाठ कर अज्ञारी पूजन किया। मां की मूर्ति-चित्र के समक्ष ज्योति प्रज्ज्वलित की और मां की अज्ञारी में घी, हवन सामग्री, लौंग, कपूर, धूप आदि अर्पित कर पूजन किया। कई श्रद्धालुओं ने नवमी पूजन के साथ हवन भी करवाया। दोपहर को घरों में महिलाओं ने माता के छंद गए और कीर्तन किया। कन्या-बरुओं को भोजन खिलाकर तिलक किया और देवी स्वरूप कन्याओं का आशीर्वाद लिया। नगर के श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ, श्री मनोकामना मंदिर, प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर, श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, श्री हरि मंदिर, माई का थान, महालक्ष्मी मंदिर समेत शहर के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा की। उधर, चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने मुख्य यजमान सुधीर शरन कपूर सपरिवार सहित जगत कल्याण के लिए यज्ञ अनुष्ठान किया। यज्ञ में आहुतियां देकर भगवान श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया। यज्ञ पूर्णाहुति बाद राम दरबार में फूलों से सजाया गया।उसके बाद आरती की गई। उसके बाद कन्या बरुआ जमाए गए। जिनको दक्षिणा के रुप में माता की चुनरी,पर्स,पैंसिल बॉक्स तक दिए गए।



त्रिपुश्वेरी शक्ति पीठ में यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु व अन्य। ● अमृत विचार



कन्याओं का तिलक करती महिला। ● अमृत विचार

**समस्या** लोग बोले- अधिकारी व कर्मचारी साथ लेकर आते हैं पानी, राहगीर भटक रहे, समस्या को किया जा रहा अनदेखा

# सरकारी हैंडपंप और प्याऊ नहीं दे रहे पानी, लोगों को परेशानी

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** नेताओं को जनता की कोई परवाह नहीं है, वे वोट मांगने में व्यस्त हैं। क्षेत्र में सरकारी हैंडपंप और प्याऊ बदहाल हैं। अप्रैल, मई, जून की गर्मी में लोगों के लिए पानी का इंतजाम नहीं है। नगर पालिका क्षेत्र में विधायक निधि से लगे छह प्याऊ और सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हैं। पालिका क्षेत्र में लगे आठ शीतल जल प्याऊ और सार्वजनिक स्थलों पर लगे हैंडपंप खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

2022 के विधानसभा चुनाव से पहले विधायक राजबाला ने नगर क्षेत्र व कई गांवों में शीतल प्याऊ लगवाए थे। नगर क्षेत्र में सरकारी अस्पताल, तहसील परिसर, रेलवे क्रॉसिंग पटवाई रोड तिराहा, हाईवे स्थित भैरों बाबा के मंदिर, शाहूजी नगर एवं हाइवे स्थित मंडी की दुकान में बने स्वयं के कैंप कार्यलय में शीतल प्याऊ लगवाए गए थे। इन सभी प्याऊ ने दम तोड़ दिया। किसी भी प्याऊ से पानी की एक बूंद तक नहीं टपक रही है। सरकारी अस्पताल, तहसील परिसर में शीतल प्याऊ को देखकर ठंडा पानी पीने को मन करता है लेकिन, उनके खराब होने के कारण लोग मायूस हो जाते हैं। तहसील के अधिकारी व कर्मचारी अपनी प्यास बुझाने को साथ में पानी लेकर आते हैं। लेकिन उन्हें आम जनता की परवाह नहीं है। तहसील परिसर में लगे दो सरकारी हैंडपंप भी बदहाल हैं। शीतल जल प्याऊ ने भी अधिवक्ताओं एवं तहसील में पहुंचने वाली आम जनता को धोखा दे दिया। भैरों बाबा के मंदिर पर प्रत्येक माह की 17 तारीख को विशाल जलाभिषेक का मेला लगता है। यहां भी श्रद्धालु पेयजल नहीं होने पर प्यासे रहते हुए जलाभिषेक करते हैं।

विधायक के स्वयं के कैंप कार्यलय पर पहुंचने वाली जनता सूखे गले के साथ लौट जाती है। पालिका क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर लगे सरकारी हैंडपंप भी बदहाल अवस्था में खड़े हैं। नगर में आवागमन करने वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी नगर के मुख्य आंबेडकर पार्क चौराहे पर होती है। जहां एक मात्र सरकारी हैंडपंप पिछले छह माह से खराब है। चौराहे के आसपास के दुकानदार पानी-पीने के लिए इधर-उधर भटकते हैं। फिलहाल भीषण गर्मी के चलते लोग पानी-पीने को तरस रहे हैं लेकिन नेता करीबियों के लिए वोट मांगने में व्यस्त हैं।



आंबेडकर चौराहे पर खराब हैंडपंप।



चौराहे के हैंडपंप को खराब हुए छह माह हो गए। लेकिन प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। दुकानदार गर्मी में प्यास बुझाने के लिए वॉटर कूलर लेते हैं। **- रामौतार**



चौराहे पर एक दुकान है। महिलाएं बच्चों को पानी पिलाने के लिए भटकती हैं। रमजान में पानी खरीदना पड़ा। जिम्मेदार समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। **- आमिल**



चौराहे पर लोगों की प्यास बुझाने और हाथ धुलने के लिए एक मात्र हैंडपंप है। लोग 24 घंटे यहां से गुजरते हैं। हैंडपंप ठीक होना चाहिए। जिससे समस्या न हो। **- सर्वेश रस्तोगी**



नगर के मुख्य चौराहे पर एक मात्र सरकारी हैंडपंप लगा था। जिससे लोग अपनी प्यास बुझाते थे। छह माह से हैंडपंप खराब है। लोगों को पानी मयस्सर नहीं है। **- भोला**

## कूड़ा नहीं उठने से बढ़ रहा संक्रामक रोगों का खतरा

**रामपुर,अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला झंडा में सफाई कर्मचारी कूड़ा नहीं उठा रहे है। जिससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। यह आलम तब है कि जनपद संचारी रोग अभियान संचालित है।

इसके बावजूद भी सफाई कर्मी कोई ध्यान नहीं दे रहे है। आते-जाते लोगों के पैरों में कूड़ा कचरा पैरों में आ रहा है, कुत्ते भी कूड़ा बिखेर रहे हैं। मोहल्लेवासियों का कहना है कि कूड़ा उठवाने के लिए कई बार नगर पालिका के अधिकारियों को बता चुके है, लेकिन इसके बाद भी यहां पर कोई मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक, सुपरवाइजर और सफाईकर्मी होकर नहीं लौटे। उन्होंने कूड़ा उठाने की मांग की है।



## एक नजर

### आबकारी टीम ने नष्ट कराए शराब के ठिकाने

बिलासपुर, अमृत विचार : आबकारी विभाग की टीम ने तहसील क्षेत्र के छह गांवों में शराब बनाने वालों के ठिकानों को नष्ट कराया है। आबकारी निरीक्षक मोहम्मद सरफराज आलम के नेतृत्व मेंआबकारी टीम ने मनुनागर, रामनगर ,डिबडिबा,चंदेला, नवाबगंज व चांदपुर बरसाती नाले सहित अन्य गांवों में छापेमारी की। शराब की बिक्री व विक्रय कर रहे लोगों से हड़कंप मच गया। इस दौरान टीम ने एक स्थान पर बनी मिली 65 लीटर शराब व उपकरण को बरामद किया। 400 केजी लहन को बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि शासन व जिला आबकारी अधिकारी एस के शर्मा के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर यह छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### पिता-पुत्र के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

सैफनी, अमृत विचार : पुलिस ने झगड़ा वाले पिता-पुत्र के खिलाफ शांतिभंग कार्रवाई की है। बुधवार को थाना क्षेत्र के सराय इमाम गांव निवासी हाकिम और धर्मवीर को पुलिस ने किसी अन्य पक्ष से झगड़ा करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने दोनों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की और उनका चालान कर दिया।

# तेज हवा के बीच शहर में छह घंटे नहीं मिली बिजली

## पनवड़िया और बरेली गेट समेत कई क्षेत्रों में बाधित रही आपूर्ति, लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** तेज हवा चलने से शहर के पहाड़ी गेट और बरेली गेट क्षेत्र में छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे आपूर्ति नहीं आई। इससे लोगों को परेशानी हुई। दोपहर बाद आपूर्ति सुचारू होने से राहत की सांस ली।

अब गर्मी बढ़ती जा रही है। धूप में तेजी है। घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों में गर्मी सताने लगी है। गर्मी से राहत पाने के लिए पंखे और एसी चलाए जा रहे हैं। लाइनों पर अधिक भार बढ़ रहा है। इसके चलते लाइनों में खराबी आ रही है। बुधवार सुबह नौ बजे तेज हवा चलने से पहाड़ी गेट और बरेली गेट की 11 हजार की लाइनों के तार टूटकर गिर गए। तारों के टूटने से दोनों क्षेत्रों की बिजली छह घंटे तक के लिए ठप हो गई। विद्युत निगम के कर्मचारियों ने तारों को हाईवे से हटवाया। साथ ही तारों को सही कराया गया। यह कार्य पांच घंटे तक चला। दोपहर तीन बजे आपूर्ति सुचारू हुई। एसडीओ प्रथम सचिन कुमार ने बताया कि बिजली के तारों को सही कराया जा रहा है।

हवा चलने के कारण बरेली गेट और पनवड़िया क्षेत्र की लाइन के तार टूट गए थे। इस दौरान पहाड़ी गेट बिजलीघर को मोहल्ला चाह खजान खां, पक्का बाग, जौहर अस्पताल और बरेली गेट बिजलीघर पनवड़िया, मौलवी साहब का मजार, खटकान, बेगम वाली बगिया, शाह मुबारक, मैगजीन, मोहल्ला गूजर टोला, सतूने संग में बिजली नहीं आने पर लोगों को परेशानी हुई।



बरेली गेट क्षेत्र में तार सही करता बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार



नवाबगेट बिजलीघर में बकाएदारों की सूची बनाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### 12 करोड़ के सापेक्ष केवल 25 लाख रुपये की हुई वसूली

रामपुर, अमृत विचार : बिजली चोरी नहीं रुकने और वसूली न होने से विद्युत निगम के अधिकारी परेशान हो रहे हैं। वसूली न कर पाने के बाद तहसील स्तर से आरसी काटी जा रही है। आरसी काटने के बाद भी कोई हल नहीं निकल पा रहा है। एक साल में 12 करोड़ की आरसी दी जा चुकी है। लेकिन वसूली महज 25 लाख रुपये की हुई है। ऐसे में शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। बिजली चोरी और गड़बड़ी करने में रामपुर सबसे आगे है। बिल जमा न हो पाने में भी सबसे अधिक यहां लापरवाही बरती जाती है। पिछले साल बिजली चोरी और मीटर टेंपरिंग की हुई घटनाओं में दो हजार से अधिक एफआईआर दर्ज हुई है और इनमें भी सबसे अधिक मोहल्ले पहाड़ी गेट, डूंगरपुर और नवाबगेट की ओर गड़बड़ी मिलती है। वर्षों से विभाग यहां कार्रवाई करता है और एफआईआर दर्ज कर रहा है, लेकिन उसके बाद भी यहां करीब 12 करोड़ 91 लाख रुपये का बकाया है, यह बिल शुरूआत से ही लोगों का जमा नहीं हुआ है। इसके लिए निगम ने नोटिस भी दिए, मगर वसूली न के बराबर ही हो पा रही है। विद्युत निगम के एसडीओ तृतीय विनय कुमार ने बताया कि अभी चेकिंग और राजस्व वसूली अभियान चुनाव की वजह से ठंडे बस्ते में है। चुनाव होने के बाद अभियान में तेजी लाई जाएगी। मीटर में गड़बड़ी मिलने पर उपभोक्ता पर 35 हजार रुपये प्रति किलोवॉट के हिसाब से जुर्माना, एफआईआर भी दर्ज कराई जाती है। नवाबगेट, शाहबाद गेट, पहाड़ी गेट, सैजनी नानकार के अवर अभियंताओं से सूची बनाने के निर्देश दिए है, जिससे कि बकाया जमा हो सके। उधर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश विद्युत वितरण निगम, नवाबगेट के एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि पिछले साल 12 करोड़ रुपये की आरसी दी गई थी। लेकिन 25 लाख रुपये की वसूली हो सकी है।



किसानों के साथ मौजूद जिलाध्यक्ष शारिक इकबाल। ● अमृत विचार

# किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे छुट्टा पशु : शारिक

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** भाकियू तोमर की पंचायत में जिलाध्यक्ष शारिक इकबाल ने संगठन का विस्तार किया। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता होने के बावजूद समस्याओं से जूझ रहे हैं। लेकिन किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है। छुट्टा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। पशुओं से किसानों की जान को भी खतरा रहता है।

भारतीय किसान यूनियन तोमर के कार्यालय में बुधवार को किसानों की पंचायत हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के किसान इस समय अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। देश में किसान, मजदूर खेत में फसलों की रखवाली कर रहे है। इस दौरान छुट्टा पशु किसानों पर हमला कर देते हैं। इससे कई किसानों की जान जा चुकी है। उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए और भविष्य में उचित मुआवजे की व्यवस्था की जाए। केंद्र सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादों को पूरा किया जाना चाहिए। डॉ. स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को लागू करने की बात कही थी। रिजवान अली, मोहम्मद अनस, मोहम्मद इलियास को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर जिला महासचिव नईम अहमद, तेजपाल सिंह, हरपाल सिंह, आमिर खान, परवेज खान, रईस अहमद आदि मौजूद रहे।

# भगवान राम की भक्ति में डूबे भक्त, मंदिरों में किया कीर्तन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** नवरात्र के समापन पर बुधवार शाम भक्त भगवान श्री राम की भक्ति में डूब गए। महिलाओं ने मंदिरों और घरों में भजन कीर्तन किए। श्री राम के भजनों की धुन के साथ ही श्रृद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इस बीच जय श्री राम के उदघोष से मंदिर गूंज उठे।

बुधवार को नवरात्र का समापन था। लिहाजा, सुबह से ही श्रृद्धालुओं ने पूजन कर कन्याएं जिमाईं। इसके बाद शाम के समय मंदिरों में भजन गूंजे। कृष्णा विहार स्थित शिव मंदिर में शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गूंजन सक्सेना के साथ मोहल्ले की महिलाओं ने ढोलक की थाप पर मनमोहक भजन गाए। उन्होंने राष्ट्र के कल्याण की कामना की। देर रात तक भजन कीर्तन का सिलसिला जारी रहा। अंत में प्रसाद का वितरण हुआ।

इस अवसर रश्मि सक्सेना, आयुषी सक्सेना, पारूल, सोनी, शशि सक्सेना, मधु सक्सेना आदि उपस्थित रहीं।

### तुरैहा मछुआ समाज ने शोभायात्रा का किया स्वागत

रामपुर, अमृत विचार : तुरैहा मछुआ समाज के लोगों ने चौकी हजियानी पर श्री राम शोभ यात्रा का स्वागत किया। लोगों को जलपान कराया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा,दिनेश कुमार, कमल, मुन्ना, प्रीतम सिंह, रमेश चंद, कमल कुमार, डॉ. कृपाल सिंह, अरविंद, राधेश्याम, दिलीप कुमार, पंडित राम गोपाल आदि रहे।

# श्रद्धालुओं ने निकाली माता रानी की पालकी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने माता सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नगर में मां दुर्गा की ज्योति शोभायात्रा निकाली।

मोहल्ला डॉम कॉलोनी स्थित मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर से माता दुर्गा की ज्योति की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शामिल पालकी में ज्योति को विधि-विधान से विराजमान किया गया। श्रद्धालु पालकी को लेकर पैदल चल रहे थे। पालकी के पीछे श्रद्धालु भजन-कीर्तन कर रहे थे। शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी, पुरानी तहसील मार्ग, सिनेमा रोड, खजूरों वाली मस्जिद, मोहल्ला साहूकारा, कायस्थान, भट्टी टोला से होकर पंजाबी कालोनी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर पहुंची। यहां से फिर शोभायात्रा कैनाल मार्ग, पोस्ट आफिस रोड, शिवबाग मंडी, माटखेड़ा मार्ग, मोहल्ला लक्ष्मीनगर से होकर पुनः मंदिर परिसर पहुंच कर संपन्न हुई। इससे पहले मंदिर के महंत रविराज स्वरूप भटनागर ने झंडी दिखाकर शोभायात्रा का आरंभ किया। पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल सहित अन्य लोगों ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा तथा प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। इस मौके पर मंदिर के पुजारी सरोज मिश्रा, रामानंद शर्मा, राकेश मदान, नवीन शर्मा, राजाराम कश्यप, अरविंद गुप्ता, अनिल शर्मा, सोमदत्त, रितिक शर्मा, शाक्ति सिंह, विजय कुमार, पंकज कुमार, पवन, आकाश रस्तोगी, विशाल शर्मा सहित आदि श्रद्धालु शामिल रहे।



शोभायात्रा में शामिल पालकी। ● अमृत विचार

# विधि विधान से किया हवन-पूजन

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** रामनवमी के अवसर पर नगर मसवासी चौकी में पुलिसकर्मियों द्वारा विधि विधान से कन्याओं का पूजन किया गया। जिसके बाद कन्याओं को भोज कराया गया।

नवरात्रि में माता के भक्त पूरी श्रद्धा के साथ उपवास रखते हैं। जिसके समापन पर रामनवमी पर हवन पूजन कर कन्याओं को भोज कराया जाता है। उपनगर मसवासी पुलिस चौकी में भी कई पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी के बावजूद भी पूरी श्रद्धा के साथ माता रानी के पूरे उपवास रखे।

बुधवार के दिन नवरात्रि समापन पर चौकी परिसर साफ-सफाई कराई गई। जिसके बाद विधि विधान से हवन पूजन कराया गया। कन्या पूजन कर माता रानी स्वरूप कन्याओं को भोज कराया गया।

इस दौरान चौकी प्रभारी रोहित कुमार, हेड कांस्टेबल बबलू चौधरी,गौरव तोमर, अर्पित शर्मा, अरविंद कुमार, प्रदीप कुमार, नितिन सिरोही, कांस्टेबल अंकित कुमार दीपक, जोगिंदर सिंह मौजूद रहे।

# शोभायात्रा में कलाकारों ने दिखाए करतब

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** नगर में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें कलाकारों ने करतब दिखाए।

शोभायात्रा नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से प्रारंभ हुई। नगर के हाईवे स्थित पेट्रोल पंप के निकट पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार, क्षेत्रीय संगठन मंत्री सोहन सोलंकी, प्रमुख समाज सेवी सुशील कुमार गुप्ता, सुरेश चंद्र गंगवार ने आरंभ किया। उन्होंने नारियल फोड़कर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में सबसे आगे दो घुड़सवार और भगवान श्री गणेश के परिवार समेत झांकी के पीछे चल रहे काली का अखाड़ा के कलाकारों ने करतब दिखाए। इस दौरान बैंड,आतिशबाजी, अखाड़े का प्रदर्शन, सुंदर स्वचालित झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। उज्जैन से आए जय शिव महाकाल मंडल के कलाकारों की कला का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा।

यात्रा में दक्ष प्रजापति, पवन कुमार, सांई भगवान की पालकी, मां लक्ष्मी व श्री गणेश, शंकर भगवान, राधा-कृष्ण रोड शो, माता वैष्णो देवी, महाकाली का अखाड़ा, खाटू श्याम , श्रीराम की परिवार सहित आदि झांकियों को देख भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। शोभायात्रा रामपुर रोड, नई बस्ती पटवाई रोड, तीन बत्ती चौराहा, बरेली रोड से होती हुई नगर के आर्य विद्यालय इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। उधर, बुधवार को श्रीराम नवमी के अवसर पर नगर में दूसरी बार शोभायात्रा निकाली गई। पिछले वर्ष 2023 में प्रशासन ने नगर में नई परंपरा डलवाते हुए पहली बार श्रीराम नवमी की विशाल शोभायात्रा निकालने की अनुमति प्रदान की थी।



शोभायात्रा में प्रस्तुति देते उज्जैन के कलाकार। ● अमृत विचार

# इंटरलॉकिंग सड़क उखड़ने से पलट रहे ई-रिक्शा, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के अधिकतर मोहल्लों की इंटरलॉकिंग सड़कें कई स्थानों पर टूट गई हैं। इनसे जगह-जगह गड्ढे हादसों का सबब बन रहे हैं। इन गड्ढों में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। अधिकारी भी इसी रास्ते से गुजरते हैं लेकिन सुधार करने की पहल किसी ने अभी तक नहीं की है।

शहर का मोहल्ला पीपल वाला घेर की इंटरलॉकिंग सड़कें गुणवत्ता की कमी होने के कारण जगह-जगह से टूट चुकी हैं। इन जगहों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 17 में आता है। सड़क सही कराए जाने के लिए मोहल्लेवासी कई बार सभासद से लेकर पालिका के अधिकारियों के बता चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी इंटरलॉकिंग सड़क नहीं सुधरी है। नागरिकों का कहना है कि रात में लाइट नहीं आने पर हादसे होते हैं। कई बार ई-रिक्शा के पहिये भी उखड़ी सड़क में फंस गए हैं।

मोहल्लेवासी सुहैल, रहमान और अब्दुल रऊफ खां ने बताया कि इंटरलॉकिंग सड़क कई जगह से उखड़ी गई है।



उखड़ी हुई सड़क।

**महंगाई** अरहर की दाल हुई 30 से 40 रुपये महंगी, अन्य दालों के दाम भी बढ़े, महिलाएं बोलीं-जमाखोरों के खिलाफ हो कार्रवाई

# दाल की बढ़ती कीमतों ने बिगाड़ा रसोई का बजट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** अरहर दाल की बढ़ती कीमत रसोई का बजट बिगाड़ रही है। 10 दिन पहले जो अरहर की दाल 130 से 140 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रही थी। अब वह 160 से 170 रुपये किलोग्राम मिल रही है। 10 दिनों में 30 से 40 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। थोक बाजार में अन्य दालों में पांच से 10 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। थोक बाजार में अरहर दाल की 30 किलोग्राम की बोरी 4710 से 4750 रुपये में बिक रही है।

फुटकर किराना दुकानों में अरहर की दाल 160 से 170 रुपये किलोग्राम बिक रही है। बाजारों के जानकारों का कहना है कि इस वर्ष अरहर की फसल पर मौसम की मार पड़ी है। इसकी वजह से फसल काफी कमजोर हुई है और मांग की तुलना में आवक कम है। दाल की बढ़ रही कीमतों की वजह से केंद्र सरकार ने दालों की जमाखोरी करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। कई बार जमाखोरी के चलते भी दालों की कीमतें बढ़ती हैं। बाजार में उड़द की दाल 110 से 140 रुपये, मसूर की दाल 80-100 रुपये, अरहर की 160-170 रुपये, मूंग धुली 110-120 रुपये, मूंग की दाल 120-130 रुपये, और चने की दाल 70 से 90 रुपये प्रति किलो बिक रही है।



मिस्टन गंज स्थित थोक विक्रेता की दुकान पर रखीं दालें। ● अमृत विचार



दाल प्रोटीन के मामले में सबसे अच्छी होती है। 10 दिनों से बढ़ रही दाल की कीमत ने सोच में डाल दिया है। रसोई के बजट को बढ़ाना पड़ रहा है। बिना दाल भोजन करने से संतुष्टि नहीं मिलती है। दालों की कीमतें कम होनी चाहिए। - प्रियंका सहाय



लगातार बढ़ रही महंगाई के कारण रसोई का बजट बिगड़ गया। दोपहर के खाने में पकने वाली दाल रसोई से दूर हो गई है। अन्य दालों का प्रयोग करके देखा, लेकिन जो स्वाद अरहर की दाल में है, वह अन्य दालों में नहीं मिलता है। - हर्षिता शर्मा



रोज बढ़ती महंगाई से घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है। महंगाई रसोई का बजट बिगाड़ रही है। सामान्य व्यक्ति के लिए अधिक परेशानी है। ऐसे में रसोई का बजट बनाने में बहुत मुश्किल हो रही है। - ज्योति सक्सेना



इस मौसम में बढ़ती महंगाई ने घर का बजट बिगाड़ दिया है। महिलाओं को समझ में नहीं आ रहा है कि घर का खर्च कैसे चलाया जाए। किन-किन चीजों में कटौती की जाए। दालों की कीमतें कम हो तो राहत मिल सकती है। - शीलावती यादव

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइसेंज
यूजी डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/यूजी डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग क्रिटिकल केयर में नर्स प्रैक्टिशनर/(मेडिकल सर्जिकल/बाल स्वास्थ्य/सामुदायिक स्वास्थ्य/मानसिक स्वास्थ्य/प्रसूति एवं स्त्री रोग) में एमएससी नर्सिंग
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइसेंज
डिप्लोमा-मेडिकल लैब टैक्नीसियन/एक्स-रे टैक्नीसियन में डिप्लोमा/डायलिसिस टैक्नीसियन में डिप्लोमा/इमरजेंसी और ट्रामाकेयर में डिप्लोमा/एम आर आई टैक्नीसियन में डिप्लोमा/फिजियोथेरेपी में स्नातक/बीएससी (चिकित्सा प्रयोगशाला टैक्नीसियन)/रेडियोलॉजीकल इमेजिंग तकनीक में बीएससी/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइसेंज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (वित्त और कराधान)/बीसीए (आ टी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### यात्रियों की सुविधा को चलाई जा रहीं स्पेशल ट्रेनें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा गर्मी के मौसम में यात्रियों की सुविधा को निरंतर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। स्टेशनों पर उद्घोषणा व सहयोग केंद्र द्वारा यात्रियों को स्पेशल ट्रेनों की जानकारी दी जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि बीते मंगलवार को आनंद विहार टर्मिनल स्टेशन से मंडल के हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर होते हुए लखनऊ और लखनऊ से छपरा के लिए मेमो ट्रेन का संचालन किया गया। जिसका मंडल के स्टेशनों पर यात्रियों ने लाभ उठाया। इसके अलावा गुरुवार को गाड़ी संख्या 04552 अमृतसर – जयनगर का अमृतसर स्टेशन से सुबह 10 :56 बजे संचालित कर वाया दिल्ली, मुरादाबाद, लखनऊ, साहगंज, छपरा, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, मार्ग द्वारा संचालित किया गया। इसके अलावा ट्रेन संख्या 04654 अमृतसर–न्यू जलपाईगुड़ी को गुरुवार सुबह 10 .09 बजे अमृतसर से संचालित करते हुए वाया मुरादाबाद, सीतापुर, गोरखपुर, छपरा, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, कटिहार, किसनगंज, मार्ग द्वारा जलपाईगुड़ी स्टेशन तक संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन दोनों ट्रेनों को एनटीएस एप द्वारा ट्रेन की वर्तमान संचालन स्थिति को यात्रियों द्वारा देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त निरंतर स्टेशन परिसर में उद्घोषणा के द्वारा तथा सहयोग केंद्र के द्वारा भी यात्रियों को निरंतर सूचित किया जा रहा है। उनका कहना है कि यात्रियों की भीड़ को देखते हुए गाड़ियों का निरंतर स्पेशल गाड़ियों के रूप में संचालन किया जा रहा है, जिससे गर्मियों के मौसम में यात्रियों की यात्रा को बेहतर बनाया जा सके।

### बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महलकपुर निज़ामपुर में बुधवार को बाबा भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई। कलाकारों ने कार्यक्रम के माध्यम से बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। अखिल भारतीय महासभा अंबेडकर ग्राम पंचायत महलकपुर निज़ामपुर में बाबा साहब की जंयती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किए गए और शोभायात्रा निकाली गई। जिला पंचायत सदस्य डॉ. नोरतन सिंह ने बताया कि बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य में गांव में प्रति वर्ष 17 अप्रैल को कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दौरान प्रमोद कुमार, सचिन कुमार, हरद्वारी लाल, रोहित कुमार, डॉ. हरिनंदन, जयपाल सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह, रवि बौद्ध, डॉ. कैलाश कुमार आदि मौजूद रहे।

### बीमारी के चलते मंगलवार को हुआ था उनका निधन, मोक्षधाम में किया गया अंतिम संस्कार, साहित्यकारों ने बताया अपूरणीय क्षति, दी श्रद्धांजलि


# नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के अंतिम संस्कार में नम हुईं साहित्य प्रेमियों की आंखें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विख्यात साहित्यकार व नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के अंतिम संस्कार में साहित्य प्रेमियों की आंखें नम हो गईं। बुधवार को रामगंगा विहार स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके पुत्र समीर तिवारी ने मुखाग्नि दी। उनकी अंत्येष्टि के समय महानगर ही नहीं दूसरे शहरों से भी आए साहित्यकारों, कवियों, राजनेताओं ने श्रद्धांजलि देकर उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया।


साहित्य-संस्कृति व कला के साथ सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने उनके आवास गौर ग्रेसियस कॉलोनी और फिर मोक्षधाम पर पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनको श्रद्धांजलि देने वालों में देहरादून से आए राष्ट्रीय गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, नई दिल्ली से वरिष्ठ गीतकार सुभाष वशिष्ठ, गाजियाबाद से नवगीतकार जगदीश पंकज, नोएडा से कवयित्री भावना तिवारी, काशीपुर से लेखिका ऋचा पाठक व गजलकार मनोज आर्य, शरीफ भारती, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व विधायक राजीव चन्ना, कांग्रेस नेता असद मौलाई, सुधीर पाठक, संजीव आकांक्षी, साहित्यकार डॉ. आर सी शुक्ला, डॉ. महेश दिवाकर, योगेन्द्र वर्मा व्योम, रामदत्त द्विवेदी, राजीव प्रखर, जिया जमीर, डॉ. मनोज रस्तोगी, उदय प्रकाश सक्सेना, फक्कड़ मुरादाबादी, विवेक निर्मल, मयंक शर्मा, राहुल शर्मा, डॉ. कृष्ण कुमार नाज, काव्य सौरभ जैमिनी, धीरशान्त दास, योगेन्द्र रस्तोगी, ब्रजगोपाल व्यास मौजूद रहे।


श्रद्धांजलि देने पहुंचे एमएलसी डा. जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व विधायक राजीव चन्ना, कवि व साहित्यकार योगेंद्र वर्मा व्योम व अन्य ● अमृत विचार


अनगिनत यादें हैं जो समय दादा के सान्निध्य में बैठ कर बिताए हैं, लिखते हुए मन भर आता है। सोचता हूं कहां से प्रारंभ करूं, परन्तु उंगलियां नहीं लिख पा रही हैं। शत-शत नमन उस नवगीत के पुरोधा को जिनके आशीर्वाद से हम लोगों की पहचान बनी है।
**–अशोक विश्नोई**


नवगीत के पुरोधा कीर्तिशेष माहेश्वर तिवारी का आशीर्वाद सदैव मिलता रहा। मेरे लेखन के प्रारंभिक दिनों में मुझे उनके नवगीतों की अलग भाषा–शैली तथा बिम्बों–प्रतीकों ने बहुत आकर्षित किया। उन्होंने मेरे नवगीतों के कथ्य और शिल्प को निखारने में मदद की। मेरे प्रथम नवगीत संग्रह 'सुनो मुझे भी' पर 'अक्षरा' की ओर से प्रदान किया गया सम्मान उनके कर कमलों से प्राप्त हुआ। उनके निधन से स्तब्ध हूं।
**–जगदीश पंकज,** गाजियाबाद


हिन्दी नवगीत के शिखर पुरुष माहेश्वर तिवारी के निधन से हिन्दी साहित्य के साथ–साथ मेरा निजी रूप से बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। वह हमेशा मुझे अपने छोटे भाई की तरह ही प्रेम देते थे। अनेक बार उनके साथ कवि सम्मेलन के मंचों पर काव्यपाठ किया है। मुझे याद है कि सत्तर और अस्सी के दशक में उनका गीत–'याद तुम्हारी जैसे कोई कंचन कलश भरे/जैसे कोई किरन अकेली पर्वत पार करे' श्रोताओं की जुबान पर रटा हुआ था। वह अपने गीतों में सदा अमर रहेंगे।
**–डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र**


आधुनिक हिन्दी कविता में डॉ. माहेश्वर तिवारी हिन्दी नवगीत के पुरोधा थे। उनके सृजन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि, उनके गीत जब हम किसी सम्मेलन में, उनके सस्वर पाठ के साथ सुनते थे, तब तो अच्छे लगते ही थे, लेकिन जब पत्र–पत्रिका या पुस्तक में पढ़ते थे, तब भी बहुत अच्छे लगते थे।1972 में दिल्ली हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा आयोजित ''अखिल भारतीय गीतकार सम्मेलन से मेरा उनसे सम्बन्ध लगभग 50 वर्ष पुराना था।
**–डॉ. सुभाष वशिष्ठ,** नई दिल्ली


मन को विश्वास ही नहीं हो रहा कि दादा माहेश्वर तिवारी जी नहीं रहे। नवगीत के पुरोधा और मुरादाबाद में साहित्य के संरक्षक, साहित्यकारों के संरक्षक साथ ही साहित्य के नवोदित रचनाकारों के मार्गदर्शक तिवारी जी बहुत विस्तृत आयाम के सम्प्रेरक रचनाकार थे। अनायास ही समय ने हमें ठग लिया है। चारों ओर एक अकेलापन घिर आया है। हमारे भीतर दुख इतना घना है कि शब्द बाहर नहीं आ रहे हैं कन्ठ से भी और अश्रुजल बनकर भी।
**–डॉ. अजय अनुपम,** मुरादाबाद


बात चाहे उर्दू साहित्य की हो या हिंदी साहित्य की, मुरादाबाद साहित्य के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। श्रद्धेय दादा माहेश्वर तिवारी ने नवगीत के क्षेत्र में मुरादाबाद को विशेष पहचान दिलाई। जो लोग नवगीत को हेय दृष्टि से देखते थे, दादा ने उन्हें बता भी दिया और जता भी दिया कि नवगीत हिंदी साहित्य की सशक्त विधा है। नवांकुरों की उंगली पड़कर उन्हें चलना सिखाना दादा के स्वभाव में शामिल था। दादा के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। दादा को विनम्र श्रद्धांजलि। **–डॉ. कृष्ण कुमार नाज**


आदरणीय दादा का जाना सिर्फ मेरा व्यक्तिगत नुकसान नहीं है हमारे पूरे साहित्यिक समाज की अपूरणीय क्षति है, मुहब्बत से सर पर हाथ रखने वाला, गमों में हौसला बढ़ाने वाला, ख़ुशी में उत्साह बन जाने वाला एक संत नहीं रहा। मेरे मरहूम वालिद जनाब गौहर उस्मानी को बड़ा भाई मानने वाले और उम्र भर इस रिश्ते को निभाने वाले आदरणीय दादा जैसा अब कोई मिलना मुश्किल है, वो मुरादाबाद में तहज़ीबी बहार के आख़िरी फूल थे, उनके साथ नवगीत का एक युग समाप्त हो गया।
**–मंसूर उस्मानी**

# ट्रक, कैंटर भिड़ंत में चालक-खलासी घायल

### मूंढापांडे थाना क्षेत्र के काशीपुर-अलीगंज मार्ग पर हुआ हादसा, घायलों का इलाज जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के काशीपुर-अलीगंज मार्ग पर गोविंदपुर खुर्द चौराहे के पास बड़ा हादसा हो गया। ट्रक ने आयशर कैंटर में टक्कर मार दी। इसमें कैंटर चालक व खलासी घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि ट्रक में बालू लोड थी। कैंटर दलपतपुर की ओर से आ रहा था। घटना के दौरान ट्रक चालक व खलासी अपना वाहन छोड़कर फरार हो गए हैं। राहगीरों ने घटना की खबर पुलिस को दी। पुलिस ने कैंटर के घायल चालक गोपाल पुत्र किशोर व खलासी को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया है। हादसे के बाद काशीपुर-अलीगंज मार्ग पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि, पुलिस ने जेसीबी की मदद से दोनों वाहनों को रास्ते से किनारे कराया और फिर यातायात बहाल हुआ। इस व्यवस्था को दुरुस्त करने में करीब डेढ़-दो घंटे लग गए थे। आमने-सामने ट्रक व कैंटर में हुई भिड़ंत से दोनों वाहन काफी क्षतिग्रस्त हुए हैं। कैंटर का अगला हिस्सा टूटकर बिखर गया है। कैंटर चालक गोपाल रामपुर जिले के थाना अजीम नगर क्षेत्र के नवाबगंज का रहने वाला है। वह उत्तराखंड से आ रहा था। आसपास के लोगों ने बताया कि काशीपुर-अलीगंज मार्ग पर अधिकांश वाहन खनन सामग्री वाले ही आवागमन करते हैं। इस कारण यह मार्ग जर्जर भी हो गया है।


काशीपुर–अलीगंज मार्ग पर गोविंदपुर खुर्द चौराहे के पास हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

### मिनी ट्रक में मारी टक्कर, कई श्रद्धालु घायल

**ठाकुरद्वारा /सुरजननगर, अमृत विचार :** मेला देखकर आ रहे श्रद्धालुओं की पिकअप ने बुधवार को ट्रक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसमें सवार कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया। मौके पर जुटी भीड़ ने ट्रक के परिचालक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस परिचालक को भीड़ से मुक्त करा कर चौकी ले गई। सुरजननगर चौकी गांव भनोटी निवासी हरि सिंह पुत्र रामचंद्र अपने परिवार के साथ काशीपुर चैती मेला देखने गए थे। वहां पर प्रसाद चढ़कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बस स्टैंड पर पीछे से आए ट्रक चालक ने पिकअप में टक्कर मार दी। जिससे उसमें सवार कई लोग घायल हो गए। भीड़ को देख चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। वहीं लोगों ने ट्रक में बैठे परिचालक को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिचालक को भीड़ से मुक्त कराकर चौकी ले आई।

## होटल में बुलाकर युवती से दुष्कर्म, एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शादी की बातचीत के बहाने होटल में बुलाकर उत्तराखंड के युवक पर युवती से धमकी देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि रिश्ते की बात करने के बहाने से उत्तराखंड के काशीपुर निवासी युवक ने उसे बुलाकर दुष्कर्म किया। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर मुगलपुरा थाना पुलिस ने आरोपी युवक और उसके माता-पिता समेत चार लोगों के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

मुगलपुरा थाना क्षेत्र की युवती ने पुलिस को बताया है कि उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के काशीपुर थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी नेकी के रहने वाले रितिक प्रजापति से उसकी जान-पहचान हो गई थी। एक फरवरी 2022 को रितिक ने युवती को यह कहकर होटल में बुलाया था। पीड़िता ने बताया कि जब वह होटल पहुंची तो वहां रितिक के पिता सुरेश प्रजापति, मां रामवती और एक अन्य महिला संतोष पहले से मौजूद थी। उसी दौरान रितिक ने पीड़िता से अन्य कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया था। मुगलपुरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के चार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# घायल छात्र की खुल नहीं रही आंख, परिजन हो रहे परेशान

- **आरोपी शिक्षक हस्सान, प्रधानाचार्य और स्कूल के अन्य स्टॉफ के खिलाफ मामला दर्ज**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/मैनाठेर

**अमृत विचार :** मैनाठेर में इंडियन पब्लिक स्कूल में सोमवार को शिक्षक ने छात्र पर फेंक कर डंडा मार दिया था। इससे उसकी आंख में चोट लगी थी। इस मामले में पीड़ित छात्र के पिता शरीयत हुसैन ने आरोपी शिक्षक हस्सान, प्रधानाचार्य और स्कूल के अन्य स्टॉफ के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। घायल छात्र के माता-पिता उसके इलाज के लिए पहले मंगलवार को जिला अस्पताल लाए थे, यहां इलाज से संतुष्ट न होने पर अब वह लोग निजी डॉक्टर के पास दौड़ रहे हैं। शरीयत हुसैन ने बताया कि बेटे की आंख में जख्म है। बुधवार को कचहरी के पास के एक डॉक्टर के पास ले गए थे। डॉक्टर ने बेटे को दवा दी है।

शरीयत हुसैन ने बताया कि घटना सोमवार दोपहर की है। उन्होंने मैनाठेर थाने में तहरीर देकर पुलिस को जानकारी दी थी। जिस पर मंगलवार रात में आरोपी शिक्षक हस्सान, प्रधानाचार्य व अन्य स्टॉफ के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि उनके कुल तीन बच्चे हैं। इनमें सबसे बड़ी बेटी मेहानी उर्फ नेहा है, जो तस्लीमा इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा रही है। छोटा बड़ा बेटा मोहम्मद याजिज है, जिसने छोटे बेटे मोहम्मद शाकिर के ही स्कूल में इसी साल कक्षा 11 की परीक्षा पास की है। घायल हुआ छोटा बेटा मोहम्मद शाकिर कक्षा-10 का छात्र है। वह अभी 14 वर्ष की आयु का है। उन्होंने बताया कि दोनों बेटे इंडियन पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं। ये स्कूल पाकबड़ा मार्ग भीकनपुर अड्डा के पास मुनाजिर पेट्रोप पंप के सामने स्थित है।

शरीयत हुसैन ने बताया कि वह खेती-किसानी करते हैं। उधर, इस विवाद में मैनाठेर थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि घायल छात्र के पिता की तहरीर पर आरोपी शिक्षक के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। इसमें स्कूल का प्रधानाचार्य को भी नामजद है। अन्य स्टॉफ अज्ञात के रूप में आरोपी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले में जांच की जा रही है।


लालबाग स्थित कैंप पर उपस्थित सिविल डिफेंस के वार्डन। ● अमृत विचार

## खोए बच्चों को माता-पिता से मिलाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिद्धपीठ माता काली मंदिर पर चैत्रीय नवरात्रि राम नवमी पर कैंप के दूसरे दिन भी उपनियंत्रक जय राज तोमर के संरक्षण में वार्डन ने ड्यूटी की। इसमें खोए पाए बच्चों को उनके माता-पिता से मिलाया, साथ ही कैंप में दर्शनार्थियों के पीने के लिए शुद्ध जल की व्यवस्था की। मंदिर के चारों ओर वार्डन पीली ड्रेस में ड्यूटी को अंजाम देते रहे। कैंप में मंदिर के प्रांगण में भी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में घर से निकलकर वोटों का प्रयोग अवश्य करने की घोषणा बराबर करते रहे। प्रभारी डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, स्टाफ अधिकारी चक्रेश लोहिया, आईसीओ तिलक राज सिक्का, स्टाफ अधिकारी शरीफ अहमद, पोस्ट वार्डन विपुल अग्रवाल, लक्ष्मण सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## रामनवमी पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**अगवानपुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत के मोहल्ला रामलीला ग्राउंड स्थित राम मंदिर में रामनवमी पर पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद बच्चों को भोज कराया गया।

जिसके बाद ढोल नगाड़े के साथ श्रीराम की झांकी निकाली गई। बुधवार को नगर के मोहल्ला रामलीला ग्राउंड स्थित राम मंदिर से भगवान श्रीराम की झांकी निकाली गई।

जो मोहल्ला कायस्थान से होते हुए मोहल्ला विश्नोईयान, शुक्रवार का बाज़ार से होते हुए राम मंदिर पर आकर शोभायात्रा समाप्त हुई। इस दौरान वरुण गुप्ता, अंशुल गुप्ता, अभिनव गुप्ता, भूरा प्रजापत, संजीव गुप्ता, डॉ. राकेश कुमार, नीरज भटनागर, बलवीर सिंह सैनी, नेतराम सैनी आदि मौजूद रहे।

# एनडीए को हराएगा पीडीए, भाजपा जुमलेबाजों की पार्टी: अखिलेश

संवाददाता, डिलारी

**लोकसभा चुनाव**
- **भोजपुर में सपा अध्यक्ष ने की जनसभा**
- **गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने की अपील**

**अमृत विचार :** बुधवार को मुरादाबाद लोकसभा सीट से सपा-गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा के समर्थन में भोजपुर में जनसभा हुई। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन को पीडीए हराएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक झटके में सेना में भर्ती को चार साल के लिए समेट दिया। कहीं ऐसा न हो कि पुलिस में सेवा को भी तीन साल कर दिया जाए। वहीं उन्होंने डायल 100 को लेकर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि हमने डायल 100 की व्यवस्था बनाई थी, लेकिन भाजपा ने नंबर बढ़ाते हुए इसे 112 कर दिया और पुलिस वालों ने भी उसी अनुपात में अपनी वसूली का स्तर बढ़ा दिया है। भाजपा जहां 400 पार का नारा दे रही है। वहीं जनता भाजपा से वादे पूरा करने को कह रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल झूठ बोलती है। उन्होंने भाजपा सरकार पर प्रश्न पत्र लीक होने को लेकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करना बताया। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के मतदान में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा।

इस दौरान जनसभा में उनके साथ मुरादाबाद सपा प्रत्याशी रुचि वीरा, देहात विधायक नासिर कुरैशी, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, पूर्व विधायक हाजी युसूफ अंसारी, पूर्व विधायक हाजी रिजवान, पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, संभल प्रत्याशी जियाउर्रमान बर्क, पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मिकी, विधायक कांठ कमाल अख्तर, विधायक ठाकुरद्वारा नवाब जान, सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।


भोजपुर में जनसभा में उपस्थित सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र भेंट करतीं प्रत्याशी रुचि वीरा व अन्य। ● अमृत विचार


जनसभा में मौजूद सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**कार्रवाई** — 42 .96 लाख की अवैध कच्ची, देशी–अंग्रेजी शराब तो 1.61 करोड़ की कीमत के मादक पदार्थों की हुई बरामदगी

# 24 हिस्ट्रीशीटरों की खुली कुंडली, 52 को जिले से बाहर खदेड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए इस बार पुलिस अपराधियों एवं संदिग्धों से सख्ती से पेश आ रही है। वैसे पुलिस ने वर्ष 2024 के प्रारंभ से ही चुनाव की तैयारी शुरू कर दी थी। उसी हिसाब से अपराध रोकने को आरोपियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू हो गई थी।

नतीजा ये है कि वर्ष की शुरूआत में जिले में कुल 2,018 हिस्ट्रीशीटर थे। इनके गांव-घर जाकर पुलिस ने गतिविधियां जांची थी। इसमें 178 हिस्ट्रीशीटर मृत पाए गए थे, जिनकी फाइल बंद करा दी थीं। सक्रिय मिले 1,008 हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध चालान/पाबंदी की कार्रवाई की है। 43 हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध गुंडा एक्ट लगाया है। जबकि, 520 हिस्ट्रीशीटरों को अभ्यस्त अपराधी मानकर उनके विरुद्ध पुलिस ने 110जी की कार्रवाई की है। पुलिस ने गुंडा अधिनियम कार्रवाई करते हुए 12 हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई कराकर उन्हें जिले की सीमा से बाहर खदेड़ा है। इसी के साथ ही अन्य 34 हिस्ट्रीशीटरों पर गैंगस्टर लगा दिया है। वर्तमान में में 169 हिस्ट्रीशीटर जिला कारागार में निरुद्ध हैं। पुलिस ने अपराध में सक्रिय 339 अभियुक्तों के विरुद्ध गुंडा अधिनियम में कार्रवाई की है। इनमें 40 लोगों को जिला बदर किया गया है। इस तरह जिले से बाहर खदेड़े जाने वाले अपराधियों की कुल संख्या 52 है। वैसे जिले में बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी भी है। पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो 2024 में जनवरी से 12 अप्रैल तक मादक पदार्थों के संबंध में जो कार्रवाई हुई है, उसमें 1.61 रुपये से अधिक कीमत के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं।

| चालान/पाबंदी की कार्रवाई |
|---|
| 53,348 संदिग्धों/आरोपियों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई हुई है। |
| 40,982 लोगों को पुलिस ने एक से दो लाख रुपये के मुचलकों से पाबंद किया है। |
| 3,266 अभ्यस्त व्यक्तियों को धारा–110जी के तहत पाबंद किया है। |
| 1792 व्यक्तियों को शांति भंग में गिरफ्तार कर दो लाख के मुचलकों से पाबंद किया है। |

| अवैध शस्त्र बरामदगी |
|---|
| अवैध शस्त्र रखने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध 414 मामले दर्ज हुए हैं। इसमें 429 अभियुक्त जेल गए हैं। |
| गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 291 तमंचा, 330 कारतूस और 151 चाकू/छुरी बरामद हुआ है। |
| अवैध शस्त्र बनाने वाले अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कर 5 शस्त्र फैक्ट्रियां पकड़ी गई हैं। |
| सिविल लाइंस, भोजपुर, मूंढापांडे से एक–एक व कांठ क्षेत्र से दो अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्रियां ध्वस्त की। |

| मादक पदार्थों के तस्करों पर सख्ती |
|---|
| मादक पदार्थों की बिक्री में 123 एफआईआर दर्ज हुई हैं। इनमें 136 लोगों को जेल भेजा गया है। |
| 136 अभियुक्तों के पास से 27 .349 ग्राम गांजा, 15 .413 किग्रा चरस, 28 .230 किग्रा डोडा, अन्य मादक पदार्थ 21 .164 किग्रा बरामद। |
| पुलिस ने बरामद मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत 1,61,80,716 रुपये आंकलित की है। |

| अवैध शराब के कारोबारियों पर कार्रवाई |
|---|
| शराब बिक्री में 819 एफआईआर दर्ज हुई। इसमें 868 लोगों को जेल भेजा गया है। |
| जेल गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 14,093 लीटर अवैध शराब बरामद की है। |
| बरामद शराब में 38 लीटर देशी शराब उत्तराखंड मार्का, 56 लीटर हरियाणा मार्का व 1,056 लीटर अपमिश्रित है। |
| शराब की विभिन्न कंपनियों के नकली रेपर, खाली बोतल और नकदी भी बरामद हुई है। |
| 51 भट्टियां एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए। 40,000 लीटर लहन नष्ट कराया। |

लोकसभा चुनाव को सकुशल कराने के लिए अपराध को नियंत्रित किया गया है। जिले में कानून प्रभावी है। इस अपराध मुक्त व्यवस्था को बनाने के लिए जनवरी से अभियान चलाकर कार्रवाई कर रहे हैं। मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शस्त्रों की खरीद–फरोख्त करने वाले गिरोह/सदस्यों, कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया है। अपराधियों को चिह्नित कर कार्रवाई की है। **– हेमराज मीना,** एसएसपी


जिला स्तरीय कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा के प्रतिभागी खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

## बेल्ट प्रमोशन परीक्षा में दिखाया दम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से बुधवार को ताइक्वांडो क्लब में जिला स्तरीय कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें ताइक्वांडो क्लब के 25 खिलाड़ियों ने परीक्षा दी।

यह परीक्षा येलो बेल्ट, ग्रीन बेल्ट, ब्लू बेल्ट व रेड बेल्ट के लिए कराई गई। कोच सुमित शर्मा ने बताया कि हर तीन महीने में बेल्ट टेस्ट होता है। इसमें सभी खिलाड़ियों का पूमसे ,सेल्फ डिफेंस, किक, पंच व फिजिकल फिटनेस टेस्ट लिया जाता है। इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव शाहवेज अली, केशव थापा, संदीप कुमार, शोभित भारद्वाज, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे ।

## एक नजर



अमरोहा में वाहन चेक करती पुलिस।

### अभियान चलाकर 402 वाहनों का किया चालान

**अमरोहा, अमृत विचार :** बुधवार को लोकसभा चुनाव को शांति एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक ने जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाने के आदेश जारी किए। जिले में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चला कर 402 वाहनों के चालान किए। चालान हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने पर किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने चार पहिया वाहनों की भी चेकिंग की।

### पुलिस ने 27 अपराधियों पर की गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं भय मुक्त कराने के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का अभियान चला रखा है। अभियान के दौरान जिले की पुलिस ने 27 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

### तमंचों और चाकू के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**रहरा, अमृत विचार :** थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि गश्त के दौरान जयतौली से रुखालू रोड पर महमूद पुत्र साबिर निवासी जयतौली को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उधर, पुलिस ने सुबोध पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम छपना को तमंचा के साथ पकड़ा। इसके अलावा लालू उर्फ नाजिर पुत्र शाहिद निवासी ग्राम बुरावली को भी तमंचा के साथ पकड़ा। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कल जनपद की सीमाओं पर बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**अमरोहा, अमृत विचार :** प्रथम चरण का लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को बिजनौर और मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में होना है। इस दिन जिले की सीमा पर शराब की दुकान पूरी तरह से बंद रखी जाएंगी। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बताया कि पहले चरण में मतदान बिजनौर और मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में होगा। इन दोनों जनपदों की सीमा से लगे अमरोहा जिले के कस्बे और गांव में शराब की दुकानों को बंद रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस जनपद में चुनाव होगा, उसकी सीमा से आठ किलोमीटर की दूरी तक शराब की दुकानों को बंद रखने के आदेश निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए हैं। अमरोहा नगर में शराब की दुकान 19 अप्रैल को खोली जाएगी।

### कमरे में खड़ी बाइक में लगी आग, नुकसान

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां में सलीम पुत्र शब्बीर का मकान है। वह मिर्च मसाले की फेरी कर परिवार का पोषण करता है। पीड़ित का कहना है कि मंगलवार रात को फेरी के बाद उसने अपनी बाइक पर सामान लादकर कमरे में खड़ी कर दी थी। रात में किसी समय बाइक और उस पर रखे सामान में आग लग गई। जिसमें मिर्च, मसाला, जीरा, धनिया, काजू, बादाम आदि जल गए। बुधवार सुबह जब पीड़ित ने कमरा खोल कर देखा तो उसमें धुआं निकल रहा था। पीड़ित ने बताया कि आग से बाइक और उस पर रखे मिर्च मसाले आदि चलकर नष्ट हो गए हैं। एक से डेढ़ लाख रुपये का नुकसान है। आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है।

### मंगेतर को घर बुलाने पर परिजनों ने डांटा तो युवक ने दी जान

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के बिजौरा गांव निवासी जसवंत के 20 वर्षीय बेटे आलोक ने इस वर्ष कक्षा 12 की परीक्षा दी थी। उसकी शादी भी तय हो गई थी।

आलोक ने होने वाली पत्नी को बुधवार को फोन करके घर बुला लिया था। जानकारी आलोक के परिजनों को हुई तो उन्होंने लड़की को डांटने के साथ आलोक को डांटा। इससे नाराज आलोक बाइक लेकर घर से निकल गया और ओसीता जगदेपुर गांव के निकट रेलवे लाइन के किनारे बाइक खड़ी कर दी। इसके बाद मुरादाबाद से दिल्ली की दिशा में जा रही ट्रेन के आगे कूदकर आलोक ने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आलोक की शिनाख्त के बाद परिवार वालों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मंडी धनौरा में दुर्गा अष्टमी की शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार



गजरौला में मंदिर में पूजन करती महिला। ● अमृत विचार

# मां शेरावाली की शोभायात्रा में भक्तों ने खींचा रथ

## शोभायात्रा की झांकियों ने लोगों का मन मोहा, पूजन कर लिया मां से आशीर्वाद

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** युवा समाज सेवा समिति की ओर से अष्टमी पर मां शेरावाली की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। मां शेरावाली की झांकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा का शहर में स्वागत किया गया।

मंगलवार देर शाम को नव दुर्गा मंदिर से चैत्र अष्टमी पर मां शेरावाली की शोभायात्रा निकाली। माता रानी के रथ को पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने खींचकर शोभायात्रा का आंरभ किया। शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर बाईपास मार्ग, अहिल्या स्तंभ, कंचन बाजार, हरदेव बाजार, बड़ा फाटक, पुराना स्टेट बैंक चौराहा, तिकोनिया स्कूल, मुहल्ला गढ़ी, सोसायटी होती हुई नुक्कड़ शिव मंदिर पर पहुंच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा में झांकियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। शोभायात्रा में मां काली का अखाड़ा, पंचमुखी हनुमान, बांके बिहारी, अयोध्या मंदिर, शिव पार्वती की झांकी शामिल रहीं। श्रद्धालुओं ने माता के रथ को खींचते हुए जयकारे लगाए। इस मौके पर आयुष रस्तौगी, उमंग अग्रवाल, दीपक गर्ग, अरूण जैन, अंकित अग्रवाल, मोहित गर्ग,सागर सिंघल, आकाश मालवीय, अमित अग्रवाल, दीपाशु सिघल, मधुसूदन गोयल, सोनू अग्रवाल आदि रहे।

वहीं गजरौला में श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की। इसके बाद कन्या पूजन कर व्रत का समापन किया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई थी। पूजन के बाद दान कर सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारों का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया। गंगा प्याऊ मंदिर, बस्ती मार्ग स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर, ललिता देवी मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की दिनभर भीड़ रही।



हसनपुर में चामुंडा मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



रहरा में रामनवमी पर भोजन करतीं कन्याएं। ● अमृत विचार

### मां सिद्धिदात्री की पूजा कर भक्तों ने लिया आशीर्वाद

**हसनपुर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र की नवमी को देवी मंदिरों में मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां की पूजा कर अखंड सौभाग्य, धन-संपदा का वरदान मांगा। साथ ही श्रद्धालुओं ने हवन कराकर कन्या-बरुआ भी जिमाया। चामुंडा मंदिर में बुधवार को मां सिद्धिदात्री की पूजा के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। घंटा-घड़ियाल की ध्वनि के बीच श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना की। माता की प्रतिमा के समक्ष घी का दीपक व कपूर की बाती प्रज्ज्वलित की और लौंग, मिष्ठान, मेवा, फल, पुष्प अर्पित किए। माता को लाल चुनरी ओढ़ाई और श्रृंगार का सामान अर्पित कर मां दुर्गा की आरती और चालीसा का पाठ किया। दोपहर में माता के छंद गाए। इसके साथ ही घरों पर हवन कर श्रद्धालुओं ने कन्या-बरुआ भी जिमाया और उन्हें उपहार देकर विदा किया।



हसनपुर में भगवान श्रीराम की आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने कराया कन्याओं को भोजन

**रहरा, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र की नवमी को क्षेत्र के गांव रहरा, दौरारा, पौरारा, गंगेश्वरी, पथरा, चंदनपुर खादर, मटीपुरा, छपना आदि गांव में मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां की पूजा कर अखंड सौभाग्य, धन-संपदा आदि का वरदान मांगा। नवरात्र व्रत का परायण करने वाले श्रद्धालुओं ने हवन कराकर कन्या-बरुआ को भी जिमाया।

### यादव समाज ने रामनवमी मनाई

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को प्राचीन दुर्गा मंदिर मोहल्ला कोट पूर्वी यादव सराय में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर देवेंद्र कुमार यादव, विजय यादव, राजवी यादव, विकास यादव, कविता यादव, सीमा यादव, शारदा यादव, कुसुम यादव, सुरेश यादव, वेद प्रकाश यादव, मनोज यादव, शारदा देवी, प्रीति यादव, विद्या देवी, अनु यादव रहे।

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा की एसपीजी ने की रिहर्सल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा की तैयारियां दिन भर चलती रहीं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपीजी ने रिहर्सल किया। हेलीकाप्टर द्वारा भी सुरक्षा का रिहर्सल किया गया, वहीं जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर भी जनसभा स्थल पर पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। बुधवार को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने भी प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल का अधिकारियों साथ जायजा लिया।

19 अप्रैल को अमरोहा से भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधन करेंगे। प्रधानमंत्री की जनसभा की तैयारियों बुधवार को पूरे दिन चलती रहीं। पंडाल बनाने, मंच आदि तैयार करने के साथ-साथ अन्य सभी व्यवस्थाएं पूरी कराने का काम चलता रहा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। काफी देर तक हेलीकाप्टर शहर के चारों ओर घूमता देखकर लोगों को खासी उत्सुकता हुई, वहीं काफी लोगों ने जनसभा स्थल पर पहुंचकर भी हेलीकाप्टर देखा। प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर ने भी जनसभा स्थल पर पहुंचकर तैयारियों को देखा और जरूरी दिशा निर्देश दिए। वहीं नगर पालिका के कर्मचारियां ने जनसभा स्थल पर छिड़काव किया। दिन भर जनसभा स्थल पर अधिकारियों का जमावड़ा लगा रहा, वहीं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया। वहीं जनसभा को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया।



गजरौला में प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल पर चल रही तैयारियां। ● अमृत विचार

### कल बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे रहेगा बंद

**गजरौला, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दिन बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे पूरी तरह बंद रहेगा। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाइवे पर भी सिर्फ हल्के वाहन ही चल सकेंगे। भारी वाहनों को दूसरे रूट पर डायवर्ट किया जाएगा। पुलिस ने रूट प्लान तैयार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर कार्यक्रम जारी हो चुका है। गजरौला में इंदिरा चौक से बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे 19 अप्रैल की सुबह साढ़े पांच बजे से सभा समाप्ति तक पूरी तरह बंद रहेगा। बिजनौर, मुरादाबाद, संभल व अमरोहा जिलों के संबंधित अधिकारियों को रूट डायवर्जन का पालन करवाने का निर्देश भी जारी कर दिया गया है। सीओ ट्रैफिक अभिषेक यादव ने बताया कि 19 अप्रैल को रैली की वजह से वाहनों को बदले मार्ग से चलाया जाएगा।

### जनसभा के लिए संपर्क कर रहे भाजपा नेता

**अमरोहा, अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के चुनाव प्रचार को गति देने के लिए 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गजरौला में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन की तिथि घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ता उनकी जनसभा को सफल बनाने के लिए जुट गए हैं।

19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गजरौला में जनसभा को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री आगमन की तैयारी में जहां प्रशासन पूरी तरह से लग गया है। वहीं भाजपा के कार्यकर्ता भी जनसभा को सफल बनाने के लिए जुट गए हैं। लोगों को ले जाने के लिए संपर्क करना शुरू कर दिया है। जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र से भारी संख्या में लोगों को जनसभा में ले जाने का प्रयास करें।

कार्यक्रम — श्रीराम शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत, भक्तिमय हुआ माहौल

# श्रीराम शोभायात्रा में धार्मिक ध्वज लेकर लगाए जयकारे

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** श्री झारखंड महादेव शिव कांवर बेड़ा के तत्वावधान में श्री राम शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने आरंभ किया।

बुधवार को श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से शोभायात्रा का आरंभ हुआ। शोभायात्रा सुखदेवी इंटर कॉलेज, जामा मस्जिद, घास मंडी, रहरा बस स्टैंड से वापस दरबार, मोहल्ला होली चौक होते हुए शिवाला मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे धार्मिक ध्वज लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, हनुमान जी एवं खाटू श्याम की झांकी आकर्षण केंद्र रहीं। इस मौके पर देवेंद्र खड़गवंशी, राजेंद्र खड़गवंशी, अंकुर अग्रवाल, मनोज गोयल, अमित अग्रवाल, पुरुष अग्रवाल, संदीप गुप्ता, मोहित अग्रवाल, कालू उर्फ राकेश बंसल, विपिन प्रजापति, अंकुर प्रजापति, निशांत, आकाश, राहुल, अभिषेक, वरुण, अनुपम, रामपाल, संजय गुप्ता, चंदन, श्याम, मोहित, हनी, मिलन, महेश, पप्पू पंडित रहे।



मंडी धनौरा में पूजा करते जिपं अध्यक्ष ललित तंवर, विधायक राजीव तरारा।



हसनपुर में हनुमान जी की झांकी।



हसनपुर में शोभायात्रा में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व अन्य।

### श्रद्धालओं ने श्रीराम शोभायात्रा में की आरती

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बुधवार को कंचन बाजार स्थित बाबा जी के बाग से श्रीराम जानकी भक्त मंडल के तत्वावधान में श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ जिपं अध्यक्ष ललित तंवर, विधायक राजीव तरारा व पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने किया। शोभायात्रा कंचन बाजार से होकर गंज बाजार, हरदेव बाजार, पुराना स्टेट बैंक तिराहा, छोटी मस्जिद, सब्जी मंडी, मोहल्ला गढ़ी, सोसायटी, नुक्कड़ शिव मंदिर होती हुई मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। भगवान राम की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। श्रीराम के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। समापन पर आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुसुम लता गोयल ,अक्षय अग्रवाल, विजय कुमार, हर्ष भटनागर, सचिन अग्रवाल व बृजेश अग्रवाल रहे।

## सार-संक्षेप



अमरोहा में वाहन को झंडी दिखाते एडीएम। ● अमृत विचार

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकाली रैली

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम चल रहे हैं। बुधवार को नगर पालिका की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वाहन रैली निकाली। जिसका उद्घाटन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेन्द्र सिंह ने झंडी दिखाकर किया। पालिका के 40 से अधिक वाहनों पर मतदान कर बेहतर राष्ट्र का निर्माण की अपील के बैनर व झंडे लगे हुए थे। लोगों को लाउडस्पीकर से भी जागरूक किया जा रहा था कि 26 अप्रैल को मतदान करें। वाहन रैली नल चौराहे से आरम्भ होकर टीपी चौराहा, महात्मा गांधी प्रतिमा, चौराहा कोट होते हुए वाटर वर्क्स कंपाउंड पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर ईओ डॉ. बृजेश कुमार, खाद्य निरीक्षक मोहम्मद इलतेजा, जगत सिंह, वैशाली सोती, वरिष्ठ लिपिक छवि शर्मा, सहायक निरीक्षक साजिद जिया, शान ए इमरान आदि मौजूद रहे।



अमरोहा में पुलिस के नए वाहनों को झंडी दिखाते क्षेत्राधिकारी। ● अमृत विचार

### पुलिस को मिले नए आठ वाहन

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जिले में डायल 112 वाहनों के बेड़े में आठ और नए वाहन शामिल किए गए हैं। दो पल्सर बाइक को भी शामिल किया गया है। इन वाहनों के शामिल होने से पुलिस के वाहनों का बेड़ा और मजबूत हुआ है। इन वाहनों को मंडी समिति से सीओ अभिषेक यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस क्षेत्रधिकारी अभिषेक यादव ने बताया कि डायल 112 के प्रत्येक वाहन पर आपातकालीन सहायता किट के अतिरिक्त आधुनिक संसाधन जीपीएस व पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। ताकि आपात स्थितियों में कुशल सेवा सुनिश्चित हो सके।



हसनपुर के गांव भूवरा में पंचायत घर में बंद सांड़। ● अमृत विचार

### ग्रामीणों ने सांड़ों को पंचायत घर में किया बंद

**हसनपुर, अमृत विचार :** ग्रामीणों ने छुट्टा सांड़ों को पकड़कर गांव स्थित पंचायत घर में बंद कर दिया। हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव भूवरा के ग्रामीणों ने मंगलवार शाम 30 से 35 सांड़ों को पंचायत घर में रस्सी से बांध दिया। बुधवार सुबह तक भूखे प्यासे सांड पंचायत घर में बंधे रहे। ग्रामीणों द्वारा फोन कर तहसीलदार सुदीप कुमार को सूचना दी गई। सुदीप कुमार ने हल्का लेखपाल ओंकार सिंह को मौके पर भेजा और पंचायत घर में सांड़ों को चारे व पानी की सुविधा मुहिया कराने के लिए कहा। तहसीलदार सुदीप कुमार ने बताया कि गांव के पंचायत भवन में छुट्टा पशुओं के बांधने की सूचना प्राप्त हुई है। मौके पर लेखपाल को भेजा गया है।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें मतदान

**हसनपुर, अमृत विचार :** अच्छी सरकार ही देश को अच्छी दिशा दे सकती है। अध्यापक गौरव नागर ने कहा कि मतदान बहुत जरूरी है। वह भी सोच समझ अपने मत का प्रयोग करें। 26 अप्रैल को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता जरूर मतदान करें। कई लोग यह सोचकर वोट डालने से गुरेज कर जाते हैं कि हमें चुनाव से क्या लेना देना है। लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। मतदान में हमें चुनाव में पूरी दिलचस्पी दिखानी चाहिए। 100 प्रतिशत मतदान होना चाहिए। हर वोटर का एक-एक वोट काफी अहमियत रखता है। इसलिए भूलना नहीं है और पूरे दिन में कभी भी समय निकालकर मतदान करने के लिए जरूर जाएं।



गौरव नागर।

### बनखंडी मंदिर में रामलीला का मंचन

**रहरा, अमृत विचार :** रामनवमी पर क्षेत्र के गांव चचौरा के बनखंडी देवी मंदिर में रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इसका आयोजन बाबा सुंदरलाल महाराज द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा लोगों को रामायण से सीख लेनी चाहिए। सभी लोग भगवान श्रीराम को अपना आदर्श बनाएं। श्याम सुंदर शर्मा, सुभाष शर्मा, प्रवेश कुमार,अजय कुमार, कुलदीप सिंह आदि कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया। मंगलवार की रात को लक्ष्मण और मेघनाथ बीच युद्ध हुआ।

### छात्रा ने बनाया रामलला का चित्र

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा ने रामलला की तस्वीर बनाकर आस्था जताई। मोहल्ला गढ़ी निवासी आराध्या ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही आराध्या रामलला को लेकर उत्साहित है। वह बीते 15 दिन से भगवान की तस्वीर को उकेर रही थी। बुधवार को रामनवमी पर उसने तस्वीर बनाकर तैयार की। इंटरनेट पर भी उनके बनाई गई तस्वीर छाई रही। प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने भी बच्चों की प्रतिभा व आस्था की सराहना की।



आराध्या का बनाया रामलला का चित्र

### भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्राधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस क्षेत्र अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ता पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन देते हुए बताया कि कुछ लोगों ने गांव धोरिया के प्रवेश द्वार पर लगे जय भीम के झंडे को उखाड़कर फेंक दिया था। विरोध करने पर वह लोग जाति सूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया और सबक सिखाने की धमकी भी दी है। उन्होंने कई दर्जन लोगों को साथ लेकर उनके घरों पर भी हमला किया है। उन्हें अपनी जान का खतरा सता रहा है। दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में मोनू सिंह, राजू सिंह, विनोद, मनोज, कपिल, रूपचंद, महेंद्र, विपिन, सुनील, बंटी, शोविंदर, सोहित रहे।

### बिजली का तार टूटकर गिरने से गेहूं के खेत में लगी आग

**गजरौला, अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से गेहूं के खेत में लग गई। क्षेत्र के गांव नवादा खानपुर निवासी नंद किशोर के खेत के ऊपर से हाइटेंशन लाइन गुजर रही है। लाइन का तार अचानक टूटकर गेहूं की फसल पर गिर गया। तारों से निकली चिंगारी से खेत में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने फसल को चपेट में ले लिया। सूचना पर पीड़ित किसान भी खेत पर पहुंच गया। इसके बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका। किसान के मुताबिक आग से उसका 50 हजार रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

## एक नजर

### छत से गिरा मजदूर गंभीर रूप से घायल

**असमोली, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर सत्ता निवासी बिट्टू त्यागी के पुराने मकान की छत का मरम्मत का काम चल रहा है। बुधवार को मजदूरी करते समय गांव के ही रिंकू का अचानक छत से पैर फिसल गया। जिससे रिंकू छत से नीचे जमीन पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर परिजन रिंकू को उपचार के लिए गांव की निजी डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने रिंकू को दूसरे अस्पताल में लेकर जाने को कहा। जिसके बाद परिजन उसे लेकर अमरोहा पहुंचे और उपचार के लिए रिंकू को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### पंचायत में ग्रामीण को पीटकर किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में पंचायत में किसी बात का विरोध करने पर गांव के लोगों ने घर में घुसकर ग्रामीण को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर नियावली में मंगलवार की रात नौ बजे धार्मिक कार्य कराने को लेकर ग्रामीणों की पंचायत हो रही थी। गांव के राहुल ने पंचायत में किसी बात का विरोध किया। इसी बात को लेकर गांव का युवक राहुल के साथ गाली गलौज करने लगा। उस समय तो अन्य ग्रामीणों ने समझा-बुझाकर राहुल व युवक को घर भेज दिया। आरोप है कि युवक परिजनों व मेरठ निवासी अपने फुफेरे भाइयों को लेकर रात 11 बजे राहुल के घर पहुंचा और लाठी डंडों से मारपीट करते हुए राहुल को घायल कर दिया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर बुधवार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मारपीट करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**सिरसी, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मिलक सिरसी निवासी नसीम व नाजिम ने रविवार को अपने परिजनों के साथ मिलकर गांव के ही अकील अहमद व उसकी पत्नी तहशीना, बेटे मोहम्मद अजीम व बेटी महजबी के साथ मारपीट की थी। अकील अहमद ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नसीम व नाजिम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नसीम व नाजिम का शांतिभंग में चालान कर दिया।


संभल में रामनवमी शोभायात्रा का पूजा कर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार


संभल में रामनवमी शोभायात्रा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार


चंदौसी में रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल काली का अखाड़ा। ● अमृत विचार

# श्रीराम नवमी पर निकाली गई शोभायात्रा, गूंजे राम नाम के जयकारे

## पंचमुखी हनुमान समेत झांकियों ने दर्शकों का मोहा मन, कई जगहों पर हुआ स्वागत,सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्रीराम लीला कमेटी ने शहर में श्रीराम नवमी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कई स्थानों पर स्वागत करते हुए श्रीराम के जयकारे लगाए। सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

शहर में मुख्य डाकघर पर श्रीराम चबूतरा से श्रीराम नवमी शोभायात्रा निकाली गई। यहां भाजपा नेता पंकज गुप्ता व संजय सांख्यधर ने विधिवत श्रीराम दरबार का पूजन किया। श्रीराम दरबार आरती में विष्णु सरन रस्तोगी, आशुतोष रस्तोगी, विनय गुप्ता, अरविंद गुप्ता (चिंकू) आदि रहे। शोभायात्रा श्रीराम चबूतरा मुख्य डाकघर से शुरू होकर देर रात सूर्य कुंड मंदिर पर संपन्न हुई। जिसमें भगवान गणेश, श्रीकृष्ण-राधा, मां शेरावाली, भगवान शिव, पंचमुखी हनुमान की झांकी शामिल रही। झांकियों को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए और स्वागत किया। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय गुप्ता पोली, प्रबंधक अनुराग गुप्ता (अन्नू), कमलकांत तिवारी, शोभित गुप्ता, पूरन त्यागी, राहुल शर्मा एडवोकेट, अभिनंदन शर्मा, शोभित शास्त्री, अनुज शर्मा, अभिषेक शर्मा, राजकुमार शर्मा, उज्जवल सक्सेना, राजीव गुप्ता, नितोष अग्रवाल आदि रहे।


बहजोई में रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल झांकी।

### माता महाकाली के अखाड़े ने दिखाए करतब

**बहजोई, अमृत विचार :** रामनवमी के अवसर पर नगर में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। जहां एक ओर भगवान श्री राम सीता लक्ष्मण की झांकी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी तो वहीं माता महाकाली के अखाड़े ने अपने करतब दिखाकर सभी को अचंभित किया। भगवान श्री राम बड़ा मंदिर से शोभायात्रा का आरंभ भगवान श्री राम, सीता व लक्ष्मण की पूजा अर्चना कर किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे माता महाकाली का अखाड़ा अपने करतब दिखा रहा था। इसके बाद भगवान श्री राम की झांकी सभी के मन को मोह रही थी। अंत में भगवान श्री राम सीता लक्ष्मण सिंहासन पर पदाधिकारी प्रसाद वितरण करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा भगवान श्री राम बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर सिद्धपीठ मां भगवानपुर देवी मंदिर पर संपन्न हुई। जहां महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान राजेंद्र कुमार गुरु, विनीत बजाज, राजेश कुमार, रामकुमार, सचिन कुमार सहित आदि व्यवस्था बनाए हुए चल रहे थे।

### जुनावई में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

**जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव घौंसली रामसहाय में श्रीराम नवमी पर शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें कई झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा में श्रीराम दरबार, राधा कृष्ण, भगवान शिव, मां दुर्गा, मां काली की झांकी शामिल रहीं। शोभायात्रा गांव की गलियों से होकर गांव घोंसली वाहन और घोंसली अनिरुद्ध आदि में घूमी। बैंड बाजे और डीजे पर युवा थिरकते हुए एक-दूसरे पर गुलाल की बौछार करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का गांव के शिव मंदिर पर ही समापन किया गया। इस दौरान तमाम ग्रामीण मौजूद रहे। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल मुस्तैद रहा।

## शोभायात्रा में श्री रामलला की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

- बैंड-बाजे के साथ धूमधाम से निकली शोभायात्रा,जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** श्री रामनौमी रामलीला मंडल ने गाजे बाजे के साथ श्री रामनवमी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में काली का खेलता स्वरुप और अयोध्या की तर्ज पर बनाई गई श्री रामलला की झांकी समेत अन्य झाकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

शोभायात्रा बुधवार की शाम पांच बजे सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम से निकाली गई। श्री राम दरबार की आरती के साथ शोभायात्रा का आरंभ हुआ। शोभायात्रा में सबसे आगे काली के स्वरुप के साथ भीड़ चल रही थी। ज्यों-ज्यों काली लांगुरियों संग खेलती हुई आती। त्यों-त्यों भीड़ भी आगे पीछे तितर-बितर हो रही थी। अयोध्या की तर्ज पर बनाई गई श्री रामलला की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही थी। रामलला के उद्घोष भी गूंज रहे थे। इसके अलावा भगवान श्री गणेश, माता लक्ष्मी जी के साथ भगवान श्री विष्णु, माता दुर्गा, भगवान भोले नाथ की झांकी समेत राम दरबार, राधा कृष्ण, नृत्य करते हनुमान जी की स्वचलित झांकी आकर्षण का केंद्र बनी थी। डीजे पर राधाकृष्ण स्वरुप कलाकार नृत्य कर रहे थे। सबसे पीछे श्री राम दरबार का मुख्य सिंहासन था। सिंहासन के आगे कीर्तन मंडली भजन गाती चल रही थी। भजनों पर श्रद्धालु झूम रहे थे। शोभायात्रा श्री रघुनाथ आश्रम से आरंभ होकर बिसौली गेट, पुरानी पैठ, सीता रोड होते हुए रघुनाथ आश्रम पहुंच कर संपन्न हुई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष रविशंकर शर्मा, मनोज बसंल, चंदन रस्तौगी, रविश चंद्र कसेरे, राजेंद्र सिंह, रोहित बंसल, डॉ. वीरेश कुमार, उमेश चंद्र, संजय बंसल, स्पर्श बंसल, पंकज सुदर्शन, भारत गुप्ता, पराग शर्मा, मनु अग्रवाल, चिराग शर्मा समेत बजरंगी ग्रुप के सदस्यों का सहयोग रहा।


रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल हनुमान स्वरुप की झांकी। ● अमृत विचार


रामनवमी की शोभायात्रा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

### जय श्रीराम, भारत माता की जय के जयकारे लगे

**गुन्नौर, अमृत विचार :** श्रीराम के जन्मोत्सव पर काली अखाड़ा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसे देखने के लिए सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा में काली स्वरूप में कलाकार ने तलवार के करतब दिखाए। शोभायात्रा की शुरूआत ब्लॉक के सामने से बुधवार को देर शाम सात बजे हुई। समाजसेवी विजेंद्र प्रजापति ने माता काली की पूजा कर शोभायात्रा आगे बढ़ाई। शोभायात्रा को देखने के लिए नगरवासियों में उत्साह नजर आया। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे रास्ते पर जगह जगह शोभा यात्रा के स्वागत में लोग पुष्प वर्षा करते रहे। माहौल जय श्रीराम, भारत माता की जय के जयकारों से गुंजायमान होता रहा। शोभायात्रा में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की। इस दौरान गोविंद कुमार, नीरज कुमार, रविराज, आकाश वार्ष्णेय (कल्लू), सोनू गुप्ता, संदीप वार्ष्णेय, अमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सिद्धिदात्री की पूजा कर किया व्रत का पारण, जिमाईं कन्या

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र में नवमी को मंदिरों में उमड़े भक्तों ने मां दुर्गा के स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करके मनौती मांगी। भक्तों ने घरों पर कन्या और वरूएं जिमाकर उपहार दिए। भजनों से माता रानी का गुणगान किया। भक्तों ने नवरात्र व्रत का समापन करते हुए सुख समृद्धि की कामना की।

संभल जिले के मंदिरों में बुधवार को सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह पांच बजे से भक्तों ने मां दुर्गा के स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना शुरू कर दी। विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए मनौती मांगी।

संभल के मुहल्ला हल्लू सराय में स्थित चामुंडा मंदिर, हयातनगर के चामुंडा मंदिर और घुंघावली के चामुंडा मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।


हयातनगर में कन्याओं को भोजन कराती महिला। ● अमृत विचार

- चैत्र नवरात्र में अंतिम दिन मंदिरों में लगा भक्तों का तांता, पूजा अर्चना कर मांगी मनौती

भक्तों ने घरों पर कन्या और वरूए जिमाकर उपहार और रुपये भेंट किए।

कन्या-वरूए जिमाने का सिलसिला घंटों तक चलता रहा। इस बीच महिला भक्तों ने घरों पर भजनों की प्रस्तुति देते हुए माता रानी का गुणगान किया। भक्तों ने चैत्र नवरात्र व्रत का समापन करते हुए सुख समृद्धि के लिए कामना की। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, कैला देवी, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई और रजपुरा क्षेत्र में भक्तों ने पूजा अर्चना करके नवरात्र व्रत का समापन किया। मंदिरों पर पूजा अर्चना के दौरान सुरक्षा के प्रबंध रहे।

### इच्छित फल प्रदान करती हैं मां सिद्धिदात्री

**संभल, अमृत विचार :** शिव गोरख मंदिर समिति के तत्वावधान में श्री कल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत मां दुर्गा स्तवन की श्रृंखला में मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। 108 साधक साधिकाओं ने हवन में 51 लाख जाप कर 2 लाख 51 हजार आहुतियां दी। 108 कन्याओं और वरूओं का पूजन कर दक्षिणा दी गई।

इस दौरान पंडित राधेश्याम श्रीमाली ने कहा कि मां दुर्गा का नवां स्वरूप मां सिद्धिदात्री परम दयालु और भक्तों की नौ दिनों की साधना से प्रसन्न हो उन्हें इच्छित फल प्रदान करती हैं। साथ ही, निष्काम भक्तों के भी अभीष्ट कार्य स्वयं सिद्ध कर देती हैं। नौ वर्ष की कन्या के पूजन से प्रसन्न हो सोम सुधा रस महायज्ञ से यह दर्शन का सुअवसर भी प्रदान करती हैं। इस दौरान समिति के प्रतिनिधि, शिव शक्ति महिला मंडल के सदस्य मौजूद रहे।


कैला देवी धाम पर यज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन कैला देवी मंदिर पर पूजा अर्चना को उमड़े लोग

संवाददाता, सौंधन

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी पर कैला देवी मंदिर पर भक्तों की भीड़ उमड़ी।

भक्तों ने मंदिर में पूजा कर परिवार की खुशहाली के लिए कामना की। मंदिर में माता रानी के भजन गूंजते रहे। यहां बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए गए।

बुधवार को सुबह लोगों ने मंदिर में पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। माता रानी के दर्शन के लिए भक्तों की कतारें लगी रहीं।

मंदिर के पास मेले लगा। जिसमें बच्चों ने खेल खिलौने खरीदे तो महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुओं की खरीदारी की। दूसरी तरफ भक्तों ने घरों पर हवन कराया। कन्या वरूए जिमाकर दान दक्षिणा दी।

## सार-संक्षेप

### हयातनगर में बैंड बाजे संग निकली शोभायात्रा

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** श्रीराम नवमी पर हयातनगर में शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में कई झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। सुरक्षा में पुलिस बल मुस्तैद रहा। हयातनगर में बुधवार को शाम जर्मन वाला मंदिर से देवेंद्र पाल एडवोकेट ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा पुरानी पुलिस चौकी, मेन बाजार, से होकर चामुंडा मंदिर पहुंची। यहां आरती के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में श्रीराम दरबार, मां शेरावाली, मां सरस्वती, हनुमान आदि की झांकियां शामिल रहीं। कई स्थानों पर स्वागत भी हुआ। इस दौरान मुनेंद्र पाल, पूर्व सभासद संजीव कुमार, विपिन कुमार, गणेश शर्मा, हितेंद्र उर्फ कक्कू, अरविंद शर्मा, बालमुकुंद, यशपाल गुप्ता, विजयपाल गुप्ता, रोहताश कुमार, विपिन कुमार सर्राफ आदि मौजूद रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### रामनवमी पर मंदिरों में हुए भंडारे, हवन में दीं आहुतियां

**संभल, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र में रामनवमी पर जनपद भर के मंदिरों में भंडारे के साथ हवन का भी आयोजन किया गया। हवन में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देते हुए कल्याण की कामना की। यज्ञ के महत्व पर भी प्रकाश डाला। वहीं भंडारों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण करके पुण्य कमाया। रामनवमी पर धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। बुधवार को सुबह से ही कार्यक्रमों का आयोजन किया जाने लगा। संभल के हल्लू सराय में चामुंडा मंदिर पर भंडारे का आयोजन हुआ। मंदिर पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में मंदिर महंत मुरली सिंह, शिवओम गुप्ता, रामकिशन, विनोद, दिनेश ठाकुर आदि का सहयोग रहा। वहीं शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर स्थित तुलसी मानस मंदिर पर सुबह हवन हुआ। जिसमें यजमान और श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दीं। श्रद्धालुओं ने कल्याण और सुख समृद्धि के लिए कामना की। यहां यज्ञ का महत्व भी बताया किया। जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण करने का सिलसिला घंटों तक चल रहा। रामनवमी के मौके पर शहर के अन्य मंदिरों पर भी धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन कराया गया। वहीं जिले के अन्य शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र में रामनवमी पर धार्मिक अनुष्ठान करते हुए कल्याण की कामना की गई। इस बीच भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा।


सिरसी में शबीहे ताबूत का जुलूस निकालते शिया। ● अमृत विचार

### मजलिस के बाद निकला शबीहे ताबूत का जुलूस

**संभल/सिरसी अमृत विचार :** सिरसी के मुहल्ला शर्की में मदरसे जमाए इमाम मेहंदी में हुई मजलिसे अजा में मर्सिया ख़्वानी हाजी वाकर मेहंदी और साथियों ने पढ़ी। मजलिस में मौलाना शादाब मेहंदी ने कहा कि हर इंसान को अपने मां, बाप की इज्जत करनी चाहिए। उनकी दुआओं से ही इंसान को तरक्की और जिंदगी में सुकून मिलता है। कहा कि शव्वाल की आठ तारीख को सऊदी अरब की सरकार ने रसूले करीम की इकलौती बेटी जनाबे फात्मा जेहरा, उनके बेटे दूसरे इमाम इमाम हसन, चौथे इमाम इमामे जैनुल आबेदीन और पांचवें इमाम मुहम्मद बाकिर के मजारों को शहीद कर दिया था। उसी की याद में शबीहे ताबूत निकाला गया। जिसमें अंजुमन दिलदारे हुसैनी, अंजुमन सफीनाए अजा ने नौहाख्वानी पढ़ी। जुलूस में मौलाना यावर रजा और मौलाना मेहजर अली ने तकरीर की। जुलूस निर्धारित रस्तों से होता हुआ इमाम बारगाह सादात पर पहुंचकर संपन्न हुआ।

### हादसे में महिला व बाइक सवार घायल

**बबराला अमृत विचार :** मुहल्ला सराय निवासी शरीफन जंगल से घास की गठरी सिर पर रख कर लौट रही थी। शाम साढ़े छह बजे सड़क पार करते समय राम मंदिर वाली गली के सामने बाइक से टकरा गई। हादसे में शरीफन और बाइक सवार बबलू भी घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

संभल/सिरसी, अमृत विचार : हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बारीपुर भमरौआ निवासी विशाल किशोरी के साथ दुष्कर्म व एससी एसटी और पाक्सो एक्ट के आरोप में वांछित था। सूचना मिलने पर बुधवार को पुलिस मौके पर पहुंची और विशाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विशाल का चालान कर दिया।

### सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान आज करेंगे नामांकन

**संभल,अमृत विचार :** संभल लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क आज गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।जियाउर्रहमान बर्क गुरुवार सुबह दस बजे अल करीम पैलेस संभल से नामांकन के लिए रवाना होंगे। यहीं पर उनके समर्थक सुबह को जुटेंगे। मीडिया प्रभारी रजीउर्रहमान ने बताया कि नामांकन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नामांकन के मौके पर समाजवादी पार्टी के तमाम जिम्मेदार नेता व पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना पुलिस ने बुधवार को न्यायालय के आदेश पर महिला सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने जनवरी माह में कार सवार हिमांशु शर्मा, पुष्पेंद्र निवासी बहजोई, गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर निवासी लक्ष्मण शर्मा और अपनी सहेली नगर पंचायत बबराला निवासी शैलेश की पत्नी मिथलेश पर अपहरण कर तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर धनारी थाना पुलिस ने हिमांशु शर्मा, पुष्पेंद्र, लक्ष्मण शर्मा और मिथलेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

आयोजन | हाजी मुक़र्रम वारसी ने सूफियाना कलाम पेश कर बांधा समा

# अकीदत के साथ मनाया गया वारिसे पाक का जश्न

- जश्न का शुभारम्भ तिलावते कुराने करीम से हुआ
- भाईचारे को मौलाना शफीक उल कादरी ने दुआ कराई

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** जश्ने सरकार वारिस पाक उत्साह के साथ प्यार और मोहब्बत के पैगाम के साथ सम्पन्न हो गया।

मोहल्ला कोट गर्बी स्थित वारसी हाउस पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जश्ने सरकार वारिस पाक मनाया गया। इस मौके पर जश्न का शुभारम्भ तिलावते कुराने करीम से हुआ और नातों मनकबत के नज़राने पेश किये। इसके बाद महाराष्ट्र से आये मौलाना शफ़ीक़-उल-क़ादरी ने अल्लाह उसके रसूल सल्लाहु अलैहि वसल्लम एवं पंजतन पाक और अहलेबत की शान बयान की। प्यारे आका सल्लाहु अलैहि वसल्लम एवं मौला-ए-क़ायनात हज़रत अली की फज़ीलत बयान की। इसके बाद महफिले समा हुई अकरम शान वारसी उझारी ओर हाजी मुक़र्रम वारसी ने सूफियाना कलाम पेश कर समा बांधा। इस मौके पर मेहमाने खूसूसी साद महमूद वारसी प्रबंधक दरगाह वारसी एसोसिएशन देवा शरीफ, खानकाह दरगाह हाफ़िज़ प्यारी देवा शरीफ के मुत्वल्ली इशरत महमूद वारसी, मज़हर वारसी, शहर इमाम मौलाना आफ़ताब हुसैन वारसी, दरगाह ओघाट शाह मियां बछरायूं के सज्जादनाशीन चौधरी शकील वारसी रहे। कार्यक्रम आयोजक हाजी नसीम वारसी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौक़े पर परवेज़ वारसी, सईद अख्तर इसराइली, फ़रज़न्द वारसी, सूफी जाने आलम, बाबा अकबर, सुल्तान वारसी, सुहैल वारसी, मुदस्सिर वारसी, रफीक वारसी, फुरकान वारसी, अली वारिस, वदूद खां वारसी, कशिश वारसी, सूफी साबिर हुसैन वारसी, अकरम पहलवान वारसी, राशिद सिद्दीकि, साकिब वारसी, मुशर्रफ हुसेन अशरफी, मोहसिन कादरी, माजिद चिश्ती इंतेखाब आलम, मो. वसीम, बाबर खां साबरी, आमिर राजा, मो. असलम सैफी, अख्तर वारसी आदि मौजूद रहे।


जश्न ए वारिस पाक के दौरान मौजूद उलेमा व अन्य। ● अमृत विचार

संचालन हकीम बुरहान संभली ने किया। अंत में सलाम पेश किया। मुल्क व शहर में अमन शांति एवं भाईचारे को मौलाना शफीक उल कादरी ने दुआ कराई। सभी अकीदतमंदों को तबर्रुक बांटा गया।

## एक नजर

### बैंक चोरी मामले में 11 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव देहपा में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में हुई चोरी के मामले में पुलिस 11 दिन बाद भी नकदी बरामद कर बदमाशों का पता नहीं लगा पाई है। डेढ़ दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद भी पुलिस को बैंक में चोरी करने वाले बदमाशों का पता नहीं चल सका है। पिछले रविवार की रात नकाबपोश बदमाश खिड़की तोड़कर चार लाख रुपये से अधिक की नकदी चोरी कर फरार हो गए थे।

### पिता पुत्रों सहित छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** रास्ते को लेकर मार्च माह में हुए विवाद में 20 दिन बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पिता पुत्रों सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र में के गांव पैतिया रसूलपुर में 29 मार्च को रघुराज ने बेटे अवनीश, मोहित व परिवार के सौरभ, शिवम और आशीष के साथ शोभाराम के घर पहुंचा। आरोप है कि लाठी डंडों से मारपीट करते हुए रघुराज व उसकी पत्नी राजकुमारी को घायल कर दिया था।

# सरिया चोरी मामले में रामपुर के दो बदमाश और दो व्यापारी गिरफ्तार

## पुलिस ने खुलासा करते हुए 28 क्विंटल सरिया व चोरी में प्रयुक्त कैंटर को किया बरामद

संवाददाता,बहजोई(संभल)

**अमृत विचार:** बहजोई कस्बे से 10 दिन पहले व्यापारी के गोदाम से कैंटर लगाकर सरिया चोरी करने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सरिया चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी का सरिया खरीदने वाले दो व्यापारियों को भी गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी का 28 क्विंटल सरिया, चोरी में प्रयुक्त कैंटर गाड़ी, तमंचा व चाकू भी पुलिस ने बरामद किए हैं।



मामले में जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत व गिरफ्त में सरिया चोर गिरोह के बदमाश व व्यापारी। ● अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि 7 अप्रैल को बबराला रोड स्थित व्यापारी सचिन के गोदाम से दो चोर 28 कुंटल सरिया कैंटर गाड़ी में भरकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बहजोई बबराला मार्ग स्थित डीके ढाबा से चोरी की वारदात में शामिल अफरोज अली पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी गांव हमीरपुर मजरा मिलक दाससगंज थाना टांडा जनपद रामपुर व अता मोहम्मद पुत्र शाहिद अली निवासी हमीरपुर मजरा खुशहालपुर थाना टांडा जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो उन्होंने पूछताछ में बताया कि सरिया कहां बेचा था। दोनों की निशानदेही से सरिया खरीदने वाले दुकानदार मुजाहिद उल इस्लाम पुत्र रईस अहमद व उसके भाई मुनाजिर निवासी ग्राम ढक्का हाजी नगर थाना अजीमनगर जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर लिया।

- 10 दिन पहले व्यापारी के गोदाम से सरिया हुई थी चोरी

उनके पास से 28 क्विंटल सरिया बरामद की गई। बदमाशों के पास से चोरी में प्रयुक्त की गई कैंटर गाड़ी, एक तमंचा, चाकू भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ थाना बहजोई में कार्रवाई की गई है।

## बोलेरो की टक्कर से दो बाइकों पर सवार चार लोग घायल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बिलारी-आसफपुर मार्ग पर ग्राम काजीवाला के निकट तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से दो बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गए।

हादसा बुधवार की शाम उस समय हुआ जब कुढ़फतेहगढ़ की साप्ताहिक बाजार से लौट रहे बाइक सवार सत्यवीर की बाइक को पीछे से तेज रफ्तार आ रही बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार सत्यवीर, हरी सिंह तथा मासूम अंश ग्राम काजी वाला घायल हो गए। वहीं आगे कुछ दूरी पर स्योंडारा की ओर से आ रहे दूसरी बाइक सवार सौरभ निवासी मोहन तख्तपुर थाना कुन्दरकी भी बोलेरो की चपेट में आकर घायल हो गया। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। घायलों का बिचैटा चौराहे पर निजी चिकित्सक से उपचार कराया गया। सत्यवीर के अधिक चोट आने पर परिजन उसे चन्दौसी के निजी अस्पताल ले गए।

## सार-संक्षेप



आंबेडकर शोभायात्रा में नृत्य करते बच्चे। ● अमृत विचार

### धूमधाम से निकाली बाबा साहब की शोभायात्रा

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर के गांव अकरौली में बुधवार की शाम संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा बैंड- बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। अतिथियों ने फीता काटकर आरंभ किया। शोभायात्रा में एकलव्य, सम्राट अशोक, सावित्रीबाई फुले, संविधान निर्माण समिति आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। डीजे पर युवा व बच्चे नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए आंबेडकर पार्क पहुंच कर संपन्न हुई। इस अवसर पर शेर सिंह एडवोकेट, डॉ. वीर सिंह, चंद्रभान सिंह, हीरा सिंह, रामरतन, शिवनंदन, मेहर सिंह, प्रेम सिंह, संजय सिंह, सचिन कुमार, मथुरा प्रसाद, यादव सिंह, बीरन सिंह, दुर्योधन आदि का सहयोग रहा।



वार्ष्णेय शिक्षक सभा के कार्यक्रम का आरंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

### अक्रूरजी तिथि पत्रक पत्रिका का विमोचन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री वार्ष्णेय शिक्षा सभा ने वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन ब्रजनगर कालोनी स्थित भोलेनाथ भवन में किया। इस दौरान अक्रूरजी तिथि पत्रक पत्रिका का विमोचन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने फीता काट कर कार्यक्रम का आरंभ कर अक्रूरजी तिथि पत्रक पत्रिका का विमोचन किया। इस दौरान सुंदर परिधानों में सज कर आए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से मनमोह लिया। इसके बाद समाज के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नीरज साई, यामिनी वार्ष्णेय, रामकिशोर, मधुर वार्ष्णेय, विपिन वार्ष्णेय, ज्ञान प्रकाश, विकास चंद वार्ष्णेय, नीरु वार्ष्णेय, सुभाष चंद, कृष्ण कुमार, यामिनी वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## युवक ने दुष्कर्म का वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक ने ननिहाल में रह रही युवती के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने का डर दिखाकर युवती को ब्लैकमेल कर उसके साथ तीन माह तक शारीरिक संबंध बनाता रहा।

ननिहाल में रह रही युवती के साथ तीन माह पहले गांव के ही युवक ने उस समय तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया था जबकि वह घर पर अकेली थी। युवती का कहना है कि दुष्कर्म करते समय युवक ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। घटना के कुछ दिन बाद युवक ने अश्लील वीडियो वायरल करने का डर दिखाते हुए फिर से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। युवती एक बार मान गई तो युवक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इस पर भी युवक ने अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने युवती के मामा की तहरीर पर आरोपी धीरेंद्र निवासी जमालपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गर्भपात से महिला की मौत परिजनों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- बिना मर्जी के अस्पताल के डॉक्टरों ने कराया गर्भपात
- हंगामा होने पर पहुंचीं सीएमओ ने अस्पताल कराया सील

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गवां में स्थित निजी अस्पताल में युवक की बिना मर्जी के ही उसकी गर्भवती पत्नी का गर्भपात कर दिया गया। हालत बिगड़ने पर महिला की दूसरे अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई। परिजनों ने शव अस्पताल पर ले जाकर हंगामा किया तो पुलिस भी पहुंच गई। सीएमओ और नोडल अधिकारी ने अस्पताल को सील कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के गांव करकोरा निवासी गिर्राज की पत्नी मीना (35 वर्ष) ढाई महीने की गर्भवती की। पेट में दर्द होने पर मीना को गवां के निजी अस्पताल में दिखाया गया। आरोप है कि दो महिला और दो पुरुष डॉक्टरों ने बिना गिर्राज की मर्जी के ही रविवार को मीना का गर्भपात कर दिया। मीना की हालत बिगड़ी तो गिर्राज को जानकारी हुई। जिसके बाद मीना को घर भेज दिया गया। इस बीच गिर्राज ने अस्पताल के जिम्मेदारों से शिकायत की तो उसे डांट फटकार कर भगा दिया गया। गिर्राज ज्यादा हालत खराब होने पर बुधवार को मीना को दूसरे अस्पताल लेकर जा रहा था लेकिन ज्यादा खून बहने से मीना की रास्ते में ही मौत हो गई। परिजन शव को लेकर अस्पताल पहुंचे और लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जिसके बाद सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा और नोडल अधिकारी डॉ.विरास यादव ने अस्पताल को सील कर दिया।

## भाजपा प्रत्याशी का नामांकन आज, आएंगे डिप्टी सीएम

**बहजोई, अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बृहस्पतिवार को बहजोई में मिनी स्टेडियम में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

इसके बाद वह कलेक्ट्रेट तक भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो करेंगे। रोड शो के बाद वह भाजपा प्रत्याशी के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने नामांकन स्थल पहुंचेंगे। बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने बताया कि हरदोई से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हेलीकॉप्टर से दोपहर 12 के लगभग चंदौसी आएंगे।

चंदौसी से उनका गाड़ियों का काफिला बहजोई के मिनी स्टेडियम पर पहुंचेगा। जहां पर वह जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह रोड शो के साथ कलेक्ट्रेट पर पहुंचेंगे। जहां पर भाजपा प्रत्याशी का नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

## ट्रक की टक्कर से खंदक में पलटी ट्रैक्टर ट्राली, तीन लोग घायल

संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र में सौंधन आदमपुर मार्ग पर खोई से लदे ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे खंदक में पलट गई। हादसे में सगे भाइयों सहित तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीछा कर ट्रक कब्जे में लेकर चालक को पकड़ लिया। थाना क्षेत्र के गांव सौंधन की मिलक निवासी अमर सिंह मंगलवार की देर रात सगे भाई शिवकुमार व चचेरे भाई राहुल के साथ अमरोहा जिले के गांव आदमपुर के साप्ताहिक बाजार से गल्ला खरीदकर ट्रैक्टर ट्राली से घर आ रहा था। सौंधन आदमपुर मार्ग पर गांव सौंधन के पास पीछे से आ रहे गन्ने की खोई से लदे ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। टक्कर के लगते ही ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे खंदक में पलट गई और अमर सिंह, शिवकुमार व राहुल घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर अमर सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### खंदक में घुसी बोलेरो बाइक सवार घायल

**असमोली, अमृत विचार :** सैदनगली मनोटा मार्ग पर ऐचोड़ा कंबोह थाने के पास बाइक में टक्कर मारने के बाद बोलेरो खंदक में घुस गई। जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। अमरोहा जिले की नगर पंचायत सैदनगली निवासी कोमल बुधवार की सुबह नौ बजे बाइक पर सवार होकर ईंटों भट्टों पर लकड़ी के रुपये के रुपये लेने जा रहा था। कोमल की बाइक में टक्कर मारने के बाद बोलेरो खंदक में घुस गई। इस हादसे में कोमल गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



माता की चाब निकालते सैनी समाज के लोग। ● अमृत विचार

### सैनी समाज ने माता की चाब निकाली, किया भजन कीर्तन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री राम नवमी के अवसर पर हर वर्ष की भांति बुधवार को सैनी समाज की ओर से घटलेश्वर गेट सैनी बस्ती से माता की चाब व कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मां दुर्गा के सिंहासन के आगे महिलाएं सिर पर कलश उठा कर चल रही थीं। सबसे आगे कीर्तन मंडली माता के भजन गाते चल रही थी। कलश यात्रा घटलेश्वर गेट से शुरू होकर जवाहर रोड, घंटाघर, मुरादाबाद गेट, फव्वारा चौक, स्टेशन रोड, रामस्वरुप रोड, संभल गेट होते हुए गांव भवानीपुर स्थित मां चामुण्डा देवी मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। इस अवसर पर संजय सैनी एडवोकेट, दुर्गादास सैनी, श्याम सैनी, सर्वेश सैनी, रामचन्द्र सैनी, ब्रजपाल सैनी, हरि सिंह सैनी, सनी सैनी, होरी लाल सैनी, रामपाल सैनी, गोकुल सैनी, चंद्र प्रकाश सैनी, रमेश सैनी, महिपाल सैनी, बंटी सैनी, जगदीश सैनी, मुकेश सैनी, मीरा सैनी, मंजू सैनी, कमलेश सैनी, पूनम सैनी, खूशबू सैनी, धानी, डॉली समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस तैनात रही।

# मां सिद्धिदात्री की पूजा कर जिमाए कन्या-बरुआ, दिए उपहार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र का बुधवार को नवमी पूजन के साथ समापन हुआ। भक्तों ने विधि विधान से मां दुर्गा के नवम स्वरुप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की और माता को हलवा, पूड़ी व चना आदि का भोग लगा कर कन्या व बरुआ जिमाए। बच्चों को उपहार बांटे। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिले नजर आए।

नवमी पर सुबह उठ कर देवी भक्तों ने स्नान आदि कर पूजन की तैयारी की। महिलाओं ने हलवा, पूड़ी, चना आदि पकवान बनाए। विधि विधान से माता की पूजा अर्चन की।

माता को भोग लगाया और आरती कर मन्नत मांगी। पास के देवी मंदिर पहुंच कर माता को अठावरी चढ़ाई। इस दौरान ब्रह्म बाजार स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिर पर अठावरी चढ़ाने के लिए देवी भक्तों की भीड़ लगी रही।



चन्दौसी के आवास विकास में कन्या-बरुआ को तिलक करती महिला श्रद्धालु।

- महिलाओं ने हलवा, पूड़ी, चना आदि पकवान बनाए
- कन्याओं को तिलक कर उपहार भेंट कर पैर छूकर आशीर्वाद लिया

तत्पश्चात घर पहुंच कर कन्या-बरुआ जिमाए। कन्याओं को तिलक कर उपहार भेंट किए और आशीर्वाद लिया। शाम के समय रामबाग धाम स्थित श्री सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, सीता आश्रम स्थित श्री शीतला माता नवदुर्गा मंदिर (बगिया वाली देवी मंदिर), मौलागढ़ स्थित श्री कंकाली देवी मंदिर पर माता के दर्शन के लिए पहुंचे और माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शाम सात बजे देवी भक्तों ने महाआरती में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान माता के जयकारे गूंजते रहे।



श्रीदेवी गंगा मंदिर में राम दरबार की आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### रामनवमी पर रामदरबार की आरती में उमड़े श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रामनवमी पर नगर में विभिन्न संगठनों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ब्रह्म बाजार स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिर में दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी मनोज शर्मा ने राम दरबार की आरती की। आरती में भक्तों ने शामिल होकर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान श्री राम के उद्घोष गूंजते रहे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## महिला श्रद्धालु से लूटे मोबाइल और कुंडल

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में बात करते वक्त महिला श्रद्धालु से बाइक सवारों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। इतना ही नहीं, महिला के कुंडल भी खींचकर भाग गए।

थाना क्षेत्र के गांव भैंसरौली निवासी लज्जावती पत्नी लेखराज ने थाने में तहरीर देकर कहा कि वह सोमवार को दोपहर में पति लेखराज के साथ बाइक से जनपद बुलंदशहर में स्थित देवी दर्शन करने के लिए जा रही थी। रजपुरा थाना क्षेत्र में गवां-अनूपशहर मार्ग गांव दीपपुर डांडा के पास पहुंचे तो बाइक रुकवाकर लज्जावती मोबाइल पर बात करने लगी। तभी बाइक सवार दो लोग पीछे से आए और झपट्टा मारकर लज्जावती से मोबाइल छीन लिया। इतना ही नहीं, उसके कानों के कुंडल खींचकर बाइक सवार भाग गए। वहीं टी पॉइंट चौकी प्रभारी ओमकार सिंह का कहना रहा कि यह मामला झूठा लग रहा है।




रामनवमी कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेता बच्चे, साथ में पदाधिकारी।

### रामायण ज्ञान प्रतियोगिता में ऋतिक गुप्ता ने बाजी मारी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री नारायण सेवा समिति के द्वारा श्री रामनवमी के अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों द्वारा श्री राम जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का आरंभ किया गया। तत्पश्चात श्री रामचंद्र कृपालु भजमन....स्तुति के सामूहिक गायन से आरती की गई। प्रबंधक हरीश कठेरिया ने समिति की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि राम के बिना भारत के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। राम धरती के कण-कण में विद्यमान हैं। मुख्य अतिथि विपिन वार्ष्णेय बालाजी ने कहा कि परम आराध्य राम हमारे जीवन पालनहार हैं। उनकी आराधना के लिए राम राम कहना ही पर्याप्त है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता व केजी गुप्ता ने विचार व्यक्त किए। डॉ. जयशंकर दुबे ने राम का गीत प्रस्तुत करके वातावरण भक्तिमय कर दिया। इसके बाद बीएन पब्लिक स्कूल के 10 विद्यार्थियों के लिए श्री रामायण ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें ऋतिक कश्यप ने प्रथम, तनुष बाबू ने द्वितीय तथा प्रिंस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कृष्ण गोपाल मंगलम, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, नीता सक्सेना, निशा अग्रवाल, मीरा गुप्ता, शशिबाला आदि उपस्थित रहे।

# नीलगाय से टकराकर कार क्षतिग्रस्त, चालक घायल

संवाददाता, असमोली

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर नियावली निवासी आसिफ बुधवार को पत्नी आसिया, बहन शब्बो और छोटे भाई अतीक के साथ कार से थाना क्षेत्र के गांव दबोई खुर्द में स्थित ससुराल जा रहा था।

संभल मनोटा मार्ग पर थाना क्षेत्र के गांव महमूदनगर व अकबरपुर गहरा के बीच अचानक से सड़क पर खेत से निकलकर नीलगाय आ गई। जिससे आसिफ का कार से नियंत्रण खो गया और कार अनियंत्रित होकर नीलगाय से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे आसिफ मामूली रुप से चोटिल हो गया।

मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। जिसके बाद आसिफ ने निजी डॉक्टर के पास पहुंचकर अपना उपचार कराया। गनीमत रही कि आसिया, शब्बो और अतीक को चोट नहीं आई।

### सांड़ से टकराई बाइक, मां-बेटे घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर कोतवाली के पास बाइक छुट्टा सांड़ से टकरा गई। हादसे में मां-बेटे घायल हो गए। जबकि गर्भवती महिला और मासूम बच्चे को खरोंच तक नहीं आई। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव गेहट निवासी अजय गर्भवती पत्नी गुड्डो को डॉक्टर के यहां दिखा कर बाइक से लौट रहा था। बाइक पर मां अनोखी और डेढ़ वर्षीय बच्चा भी था। शाम करीब सात बजे कोतवाली से पहले बाइक अचानक छुट्टा सांड से टकरा गई। जिससे अनोखी और अजय सड़क पर गिरने से घायल हो गए। गनीमत रही कि गर्भवती गुड्डो और उसकी गोद में रहे बच्चे को खरोंच तक नहीं आई। घायलों का सीएचसी में उपचार कराया गया।

त्योहार

हनुमान चालीसा का पाठ किया, संगठन के विस्तार पर जोर दिया

# विहिप कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया रामनवमी पर्व

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद द्वारा गांव पथरा में रामनवमी के अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिलाध्यक्ष अमित वार्ष्णेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर रामनवमी के बारे में विस्तार से बताया। रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने संगठन के विस्तार पर जोर दिया। बजरंग दल जिला संयोजक नितिन शर्मा, जिला सह मंत्री अतुल कुमार ने स्वयं सेवकों को संगठन का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन नगर मंत्री श्याम ठाकुर ने किया। इसी दौरान नगराध्यक्ष चंद्रपाल गुप्ता, दयानंद वार्ष्णेय, राजेश, शिवम कुमार, नितिन कुमार, आशीष, कौशल ठाकुर, रोहित यादव, नीरज, सनी, बॉबी, लव कुमार, निखिल तोमर, उत्कर्ष मिश्रा आदि थे।

इस बीच नरौली में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड नरौली द्वारा मोहल्ला बजरिया वाला में रामोत्सव का कार्यक्रम किया गया। जिला अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय, जिला सह मंत्री अतुल गुप्ता, जिला सेवा प्रमुख राजेश कुमार गुप्ता, जिला संयोजक बजरंग दल नितिन शर्मा ने दीप प्रज्जवलित किया। नगर अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीमाली ने बताया कि आगामी 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक श्री राम जन्मोत्सव एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम क्षेत्र के साथ खंड में प्रत्येक मंदिरों में विहिप के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्यता के साथ मनाए जाएंगे। अमित कश्यप, दीपक कश्यप, शिवम कश्यप, सनी कश्यप, नरेश कुमार, राकेश शर्मा, अमन श्रीवास्तव, कन्हैया लाल शर्मा, आदित्य वाल्मीकि, कृष्णा शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



नरौली में रामनवमी के अवसर पर दीप प्रज्जवलित करते विहिप पदाधिकारी।

- 23 अप्रैल तक श्री राम जन्मोत्सव एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम मंदिरों में मनाए जाएंगे

उधर विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड चन्दौसी पश्चिम के द्वारा गौरीशंकर नव देवी मंदिर विकास नगर में आयोजित राम जन्मोत्सव मनाया गया। विभाग धर्म प्रसार प्रमुख रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम हमारे आदर्श हैं तथा रामायण हर हिंदू परिवार में होनी चाहिए। जिसमें पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक आदि सभी पहलुओं पर विस्तार से वर्णन किया गया है। उन्होंने संस्कार और संस्कृति पर विस्तार से चर्चा की। महिलाओं ने भजन गाए। पीएन शर्मा, अमिता सिंह, कपिल शर्मा, एमडी पाठक, राहुल शर्मा, सुभाष चन्द्र गुप्ता, जौनी, सुमन सिंह, शैलजा शर्मा, मंजू शर्मा, छाया, बेबी, सुमन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 51/2022
श्रीमति धनदेवी
बनाम
1. ओरियन्टल इंश्योरेंस कंपनी
2. इसरार अहमद पुत्र जहूरउददीन निवासी 123/189, काजलगंज पेट्रोल पम्प चौराहा कानपुर नगर जिला कानपुर

श्रीमति धनदेवी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 15.05.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

**सूचना**

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 52/2022
श्रीमति विनिता
बनाम
1. ओरियन्टल इंश्योरेंस कंपनी
2. इसरार अहमद पुत्र जहूरउददीन निवासी 123/189, काजलगंज पेट्रोल पम्प चौराहा कानपुर नगर जिला कानपुर

श्रीमति विनिता ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 15.05.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सर्वाभिलाषिणः सर्वभोजिनः सपरिग्रहाः ।
अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु ॥

अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले, और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहीं है ।


## संपादकीय

# नहीं ले पा रहे लाभ

पिछले कुछ दशकों से देश में नौकरियों की कमी की समस्या है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है जो कि अल्प-रोजगार और प्रच्छन्न बेरोजगारी के लिए बदनाम है। भारत में 62 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या की आयु 15 से 59 वर्ष के बीच है तथा जनसंख्या की औसत आयु 30 वर्ष से कम है। इसका तात्पर्य यह है कि भारत जनसंख्या की आयु संरचना के आधार पर आर्थिक विकास की क्षमता का प्रतिनिधित्व करने वाले 'जनसांख्यिकीय लाभांश' के चरण से गुजर रहा है। उधर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत चीन या कोरिया की तरह जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। देश की तरक्की को लेकर हो रहे 'प्रचार' पर भरोसा कर भारत गलती कर रहा है। बहुत सारे भारतीय नवप्रवर्तक अब सिंगापुर या सिलिकॉन वैली का रुख कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां अंतिम बाजारों तक पहुंच बहुत आसान लगती है। इसके लिए मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। जनसांख्यिकीय लाभांश किसी देश की जनसंख्या की संरचना में बदलाव के कारण होने वाली आर्थिक वृद्धि है, जो आमतौर पर प्रजनन और मृत्यु दर में गिरावट का परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश पर एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर वर्ष 2005-06 से वर्ष 2055-56 तक पांच दशकों के लिए उपलब्ध है।

कोई भी जनसांख्यिकीय लाभांश इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, शासन और अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सही नीतियां लागू करती है या नहीं। इसके अलावा, किसी देश को मिलने वाले जनसांख्यिकीय लाभांश की मात्रा युवा वयस्कों की उत्पादकता के स्तर पर निर्भर करती है, जो बदले में, देश में स्कूली शिक्षा के स्तर, रोजगार प्रथाओं, समय और बच्चे पैदा करने की आवृत्ति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति पर भी निर्भर करती है। जनसांख्यिकीय लाभांश बचत, श्रम आपूर्ति, मानव पूंजी और आर्थिक विकास के साथ पाया जा सकता है। भारत की अल्प-वित्त पोषित शिक्षा प्रणाली युवाओं को उभरते रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए अपर्याप्त है। इसलिए 'जनसंख्या विस्फोट' की आशंका से अधिक यह महत्वपूर्ण है कि भारत युवा जनसंख्या की स्वास्थ्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करे, क्योंकि भारत का कल्याण इसी पर निर्भर है। युवा आबादी की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास भारत की श्रम शक्ति को आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए सही कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। युवाओं के कल्याण की रक्षा करना आवश्यक है क्योंकि भारत का कल्याण उन्हीं पर टिका है।

# विश्व धरोहर दिवस पर सबाल्टर्न विरासत को भी बचाएं



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं।

आज 'वर्ल्ड हेरिटेज डे' के आयोजन के समय अपनी मूर्त और अमूर्त धरोहरों को याद करते हुए इन्हें बचाए रखने का संकल्प लिया जाता है। हमारा अधिकांश ध्यान भवनों पर केन्द्रित रहता है जबकि सभ्यताओं की तरक्की के दौर में वास्तुशिल्प से परे हरेक वह वस्तु -फिजिकल और नॉन-फिजिकल, धरोहर है जिससे मनुष्य जीवन और समाज के चरित्र पर गुणात्मक असर पड़ता रहा है। गायन, नृत्य, चित्रभाषा, किताब या नदी पर बनाया गया पुल, लिखने के लिए पुराने इंक पेन और एम्ब्रायडरी वाले परिधान भी मनुष्य के जीवन को गुणात्मक दृष्टि और जीवनशैली देने, दृश्य-स्वरुप गढ़ने और बौद्धिक आनंद के सृजन हेतु निर्मित्ति के दायरे में आते हैं। दिवस विशेष एक परंपरा की भांति गुज़र जाने दिए जाते हैं। कुछ संगठन एक निर्धारित दिवस पर एक आयोजन बेशक प्रभावी तरीके से करते हैं खासतौर से अगर यह उनके मैंडेट से संबंधित हो, लेकिन अन्य संगठन दूसरों से संबद्ध दिवस-आयोजन से बहुधा, ख़ास वास्ता नहीं रखते। ऐसा क्यों? 'वास्ते' का सवाल नैतिकता और प्रबंधन के नाके पर आकर अटक जाता है। संबंधित संस्थाओं को इन विशिष्ट अवसरों पर लोगों तक पहुंच बनाने के लिए आधुनिक सूचना तकनीक का इस्तेमाल करना चाहिए जैसे कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, वेबकास्ट, यू-ट्यूब।

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजनहिताय-सर्वजनसुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं। ऑफिस की स्टाफ कौंसिल के निर्णय के अनुसार इनमें से विशिष्ट दिवसों को चिह्नित करके इनके बारे हम कार्यक्रम आयोजित करते थे। यह सब करने से आयोजनकर्ताओं का भी मानसिक स्तर ऊंचा उठता है। इसे आयोजित करने से आकलन किए जाने का एक सुअवसर मिलता है कि अभी तक एक फील्ड में जो भी किया उसे करने की जरूरत क्या थी और जो हुआ या किया गया इसके नतीज़न हमने एक क्षेत्र विशिष्ट में ऐसा क्या किया जिसे लोककल्याण, लोकज्ञान और संबद्ध घटनाओं को परखने में हमारे दृष्टिकोण में गुणात्मक वृद्धि हुई। विषय स्टेटिस्टिक्स का हो या न्यूक्लियर फिजिक्स का, वायरल प्रोटीन्स की फोल्डिंग का है या फिर एस्ट्रोनॉमी विषय में ब्रह्माण्ड में तारों के जन्म या मृत्यु से संबंधित, गेहूं की नई नस्ल के विकास का है या पानी के पुराने आर्किटेक्चर से संबंधित, मनुष्य का इन्हें देखने और बरतने का अंदाज़ एथिक्स के बिना व्यर्थ है। मनुष्य निर्मित पुरातात्विक धरोहर के प्रति दिखाए-बरते गए नैतिक मानक संहिता में ठहराव है जबकि इन्हें गतिमान होना चाहिए। इसे बनाए रखने के लिए काम करने की पद्धतियों में सुधार करने के लिए ऐसे विशिष्ट अवसर विमर्श हेतु उपयुक्त होते हैं जिनमें जनभागीदारी भी हो सकती है। अन्यथा बंद कमरों में आचार समितियों की बैठकों के दौरान निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या रहती, इसके बारे में मालूम नहीं होता।

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

विश्व-धरोहर दिवस का आयोजन महानगरों में स्थित कुछ बड़े संस्थाओं के दायरे में सिमट जाता है। भारत के गांवों और कस्बों में निवास करने वाली एक बड़ी संख्या इसमें, पैसिव और एक्टिव दोनों तरह की, भागीदारी से छूट जाती है। विद्यालयों और कालेजों तक में विशिष्ट दिवसों पर विषय से संबंधित कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते। गांवों और कस्बों में ऐसी अनेक वस्तुएं और विधाएं मौजूद रही हैं जिन्हें स्थानीय महत्व पर मान मिल सकता है जैसेकि प्रयाग में जमुना किनारे और गया में स्टेशन रोड पर शानदार धर्मशाला भवन एवं उत्तर प्रदेश में गंगा नहर पर 200 वर्ष या इससे पहले बनाये गए पुल, गांव में 75-100 वर्ष पहले की बनायी हुई एक हवेली और चौपाल के आलावा बुजुर्ग महिलाओं द्वारा एक सदी पहले बरते जाने वाले वाले परिधान जिन पर शानदार कशीदाकारी हुआ करती। प्रचलन से बाहर हो गए खेती के हमारे औजार, गांव में मौजूद शानदार कलात्मक कुएं, एक बावड़ी, कुंड या पक्का तालाब, मंदिर और इसमें स्थापित देव मूर्ति, अन्य धर्मों के आस्था स्थल जो सदियों पुराने हो सकते हैं, हमारे साझा धरोहर हैं।

विविध प्रकार की धरोहर हमारे आसपास ही होती हैं, लेकिन इनकी पहचान और संरक्षण अत्यावश्यक है। इनके संरक्षण के लिए अनेक तरह का नया वैज्ञानिक ज्ञान, पद्धति और टूल्स हमारे पास अब मौजूद हैं। लेकिन जरूरत है इसके इस्तेमाल की और ऐसी पहल की जिससे सांस्कृतिक धरोहर जब तक संभव है, बचाई जा सके। दुनिया में कोई वस्तु या कला सदा के लिए तो नहीं रहती क्योंकि हरेक की एक निश्चित फिजिकल लाइफ होती है, लेकिन हम बेहतर देखभाल से इन्हें दीर्घायु तो कर ही सकते हैं।

धरोहर संरक्षण के प्रति देश में पर्याप्त निष्ठा है, संरक्षण के लिए तकनीकी क्षमता भी, लेकिन सियासत और धनाभाव के चंगुल में यह ऐसी उलझी है जिससे हमारे गांव-कस्बों और बाहरी इलाकों में मौजूद लाखों की संख्या में सबाल्टर्न हेरिटेज की लिस्टिंग नहीं हो पाई है बावजूद इसके कि इंडियन नेशनल ट्रस्ट ऑफ़ आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) और स्वेच्छा से काम करने वाले हज़ारों उत्साही व्यक्ति इस काम में पिछले करीब 40 वर्ष से लगे हुए हैं। यह प्रशंसनीय है कि देश में इन्हें सूचीबद्ध किए जाने और संरक्षण के प्रति सांप्रदायिक भेदभाव और रोषयुक्त नीति कभी नहीं रही बल्कि विविध प्रकार के स्मारक भवनों के इर्द-गिर्द नीति का ताना-बाना समान रूप लागू रहा चाहे यह ब्रिटिश राज का समय था अथवा आधुनिक संप्रभु भारत। फिलवक्त पुरातात्विक अध्ययन और संरक्षण के लिए मौजूद विशाल तंत्र के संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में न तो प्रशिक्षित मैनपावर है और न ही संरक्षण-निधि। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पूर्व-महानिदेशक डॉ.राकेश तिवारी से इस बाबत बात हुई तो कहने लगे कि 'भारत में स्थानीय महत्व की बिल्ट-हेरिटेज के महत्व को स्थानीय तौर से लोग जब तक नहीं समझेंगे तब तक इसका संरक्षण भी नहीं हो पाएगा। इसे बिना सरकारी मदद के साझाप्रयास, आर्थिक अंशदान से ही किया जाना संभव है। पंचायती राज तंत्र में इसे 'इनबिल्ट' नहीं किया गया। केंद्रीय या प्रांतीय स्तर के सरकारी तंत्र से इसका संचालन और संरक्षण असंभव है'।

देश में कुछेक बड़े न्यास और मिल-जुल कर लोगों द्वारा बनाए गए रजिस्टर्ड संगठनों के लिए इंटेक ने काफी काम करवाया है। अभी कुछेक राज्यों में कम्युनिटी लीडर्स और राज्य सरकारों की रुचि आमजन को 'हेरिटेज वाक' करवाने की हो गई है जिससे यह भरोसा बढ़ने लगा है कि जागरूकता के प्रसार से सूचीबद्ध होने से छूट गई सबाल्टर्न स्तर पर निम्न महत्व की मानी गई वास्तु और अमूर्त धरोहर का संरक्षण तेज़ी से हो पाएगा। लोकवार्ता में लोकगायन करने वाले साजिंदों की डॉक्यूमेंटेशन दूरदर्शन और आल इंडिया रेडियो ने की है। राजस्थान में विजयदान देथा और कोमल कोठारी और हरियाणा में आरसिंह और आरके नैन जैसे लोगों ने 50 वर्ष में काफी काम किया। उन लोगों का काम महत्व दिए जाने योग्य है जिन्होंनें अपने बलबूते पर, अपने संसाधनों से दुःख-सुख झेलकर भारत की अमूल्य मूर्त-अमूर्त धरोहर की डॉक्यूमेंटेशन की है। पिछले सौ वर्ष में देश में ऐसे करीब 100 से अधिक संख्या में निष्ठावान व्यक्तियों ने इस प्रकार का काम किया है। इन व्यक्तियों के बारे में फोटोग्राफिक क्लब्स और सोसाइटीज, फिल्म डिवीज़न, संग्रहालयों में स्थापित फोटोग्राफ़िक एवं फिल्म सेक्शन्स के रिकॉर्ड, प्राइवेट आर्काइव्ज वगैरह स्रोतों से हमें अनेक नाम उपलब्ध हो सकते हैं। विश्व धरोहर दिवस ऐसे लोगों के अभिनंदन के लिए उपयुक्त अवसर होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# यमुना की बदहाली गाथा

सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

यमुना छठ पर यमुना भयानक गंदगी से भरी थी। गंदगी से भरी यमुना को देखकर किसी को गुस्सा नहीं आता। भक्त गण, यमुना प्रेमी लोग प्रतिवाद नहीं करते। बल्कि गंदगी में यमुना को रखकर जश्न मनाते हैं। इवेंट करते हैं। गंदगी से भरी यमुना में धार्मिक इवेंट देखने हो तो आप कभी भी यमुना किनारे विश्राम घाट-सतीघाट आदि प्रमुख घाटों पर आएं और गंदगी में धार्मिक इवेंट का आनंद लें।

यमुना छठ पर घाट किनारे भाजपा के अनेक नेता और लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी भी वहां आई थीं। उनको गंदगी से भरी यमुना देखकर शर्म नहीं आई। सन 2014 में पीएम मोदी ने कहा था हेमा मालिनी को जिता दो मैं 15 दिन में यमुना स्वच्छ करा दूंगा। दस साल हो गए। कोई यमुना साफ नहीं करा पाया। मीडिया के अनुसार यमुना स्वच्छ कराने के नाम पर कागज में 1697 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इनमें से अकेले मथुरा में 235 करोड़ रुपए किए हैं। लेकिन नतीजा जीरो है। हकीकत यह है मथुरा ने जब से भाजपा सांसद को चुना है तब से यमुना में प्रदूषण बढ़ा है। यमुना जल विषाक्त हुआ है। इसका प्रधान कारण है कारखानेदारों-भवन निर्माताओं -कमीशनखोरों-स्थानीय माफ़िया गिरोहों -मिडिल क्लास के साथ सांठगांठ।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

मथुरा में बेशर्मी और सैलीब्रिटी हेकड़ी का आलम यह है कि सांसद ने विगत दस साल में मथुरा की जनता को कभी समय नहीं दिया। टिककर कभी मथुरा में नहीं रहीं। मंदिरों का राजनीतिक प्रचार के लिए दुरुपयोग किया। संसद में दस सालों में उनकी न्यूनतम शिरकत रही है। साल में कभी एक आध बार संसद में बोलती हैं।

शहर में असंख्य समस्याएं हैं। जनता भटकती रहती है और दलालों -कमीशनखोरों से काम कराती रहती है। जब मेले आते हैं तो डीजे-नाच-गान आदि के शोर में जनता को इस कदर डुबो दिया जाता है कि वह यमुना की गंदगी, बंदरों के आतंक, बेरोजगारी, अकादमिक अव्यवस्था आदि पर सोचने की किसी के पास फुरसत नहीं होती।


हालत इस कदर ख़राब हैं कि जो लोग कुछ साल पहले तक अपने को 'प्रगतिशील' कहते थे वे आज गर्व से हेमा मालिनी और संघ को चंदा दे रहे हैं। घर में बैठकर राम नाम जप रहे हैं। सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

यमुना छठ के दिन मथुरा की जनता का किस तरह उत्पीड़न किया गया उसका एक ही नमूना काफी है। यमुना छठ के दिन विश्रामघाट-सती घाट आदि घाटों पर मेला लगता है। लेकिन अचानक रात को तक़रीबन एक घंटे बिजली ग़ायब रही। लाखों लोग उससे परेशान हुए। इतने विशाल मेले के समय बिजली का गायब रहना साधारण घटना नहीं है। अव्यवस्था का आलम यह था कि विश्राम घाट और उसके आसपास के बाजार और क्षेत्र में भयानक अव्यवस्था थी, जनता परेशान रही। कोई सुव्यवस्था नज़र नहीं आई।

विगत दस साल में मथुरा में बेरोज़गारी और अपराध बढ़े हैं। फुटकर व्यापारी, छोटे दुकानदार आदि के व्यापार में तबाही मची हुई है। मंदिरों की आमदनी बड़ी मात्रा में गिरी है। देह-व्यापार बढ़ा है। आए दिन सरेआम अपराध हो रहे हैं।

मथुरा में रहने वाले व्यक्ति को जब भी जनता ने चुना है, उसने जनता की सेवा की है। ऐसे यशस्वी सांसदों में राजा महेंद्र प्रताप, चौधरी दिगंबर सिंह, ठा.चकलेश्वर सिंह, मानवेन्द्र सिंह के नाम उल्लेखनीय हैं। आज सांगठनिक तौर पर भाजपा के अलावा और किसी दल का संगठन जमीनी स्तर पर काम नहीं कर रहा। विपक्ष की इस तरह अनुपस्थिति भी भाजपा को जिताने में मदद कर रही है। विपक्ष ने यह मान लिया है कि उसे यहां काम नहीं करना।

# आखिर क्यों ना जोड़ें नक्सलियों से बातचीत के तार



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे।

गर्मी और चुनाव की तपन शुरू हुई और नक्सलियों ने धुंआधार हमले शुरू कर दिए। हालांकि सरकार की कार्यवाही में बीते दो महीनों में 52 नक्सली मारे गए और कई बड़े नाम आत्मसमर्पण कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनते ही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो बार मंशा जाहिर की कि सरकार बातचीत के जरिए नक्सली समस्या का निदान चाहती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नक्सलियों के गढ़ दंतेवाड़ा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील करते हुए आश्वासन दिया था कि उनकी सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है और वह हर जायज मांग को मानेगी। इसके बाद 21 मार्च को दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने पत्र जारी कर कहा कि हम सरकार से बातचीत को तैयार हैं लेकिन सरकार पहले हमारी शर्तों को माने। इधर बातचीत की तैयारी चल रही थी और दूसरी तरफ बस्तर की सीमा से लगे गढ़चिरौली में एक साथ कई कथित नक्सली मार दिए गये। उसके बाद 10 अप्रैल को नक्सलियों ने पर्चा जारी कर इसे सरकार की बातचीत की आड़ में धोखाधड़ी बताया।

समझना होगा कि नक्सली कई कारणों से दवाब में हैं। सरकार की स्थानीय आदिवासियों को फोर्स मे भर्ती करने की योजना भी कारगर रही है। एक तो स्थानीय लोगों को रोजगार मिला, दूसरा स्थनीय जंगल के जानकार जब सुरक्षा बलों से जुड़े तो अबुझमाड़ का रास्ता इतना अबूझ नहीं रहा। तीसरा जब स्थानीय जवान नक्सली के हाथों मारा गया और उसकी लाश गांव-टोले में पहुंची तो ग्रामीणें का रोष नक्सलियों पर बढ़ा। एक बात जान लें कि दंडकारण्य में नक्सलवाद महज फैंटेसी, गुंडागर्दी या फैशन नहीं है। वहां खनिज और विकास के लिए जंगल उजाड़ने व पारंपरिक जनजाति संस्कारों पर खतरे तो हैं और नक्सली अनपढ़-गरीब आदिवासियों में यह भरोसा भरने में समर्थ रहे हैं कि उनके अस्तित्व को बचाने की लड़ाई के लिए ही उन्होंने हथियार उठाए हैं। यह भी कड़वा सच है कि नक्सल विरोधी कार्यवाही में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग भी जेल में हैं व कई मारे भी गए, इसी के चलते अभी सुरक्षा बल आम लोगों का भरोसा जीत नहीं पाए हैं। लेकिन यह सटीक समय है जब नक्सलियों को बातचीत के लिए झुका कर इस हिंसा का सदा के लिए अंत कर दिया जाए।

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे। याद करें 21 अक्तूबर 2016 को न्यायमूर्ति मदन लौकुर और एके गोयल की पीठ ने फर्जी मुठभेड़ के मामले में राज्य सरकार के वकील को सख्त आदेश दिया था कि पुलिस कार्यवाही तात्कालिक राहत तो है लेकिन स्थाई समाधान के लिए राज्य सरकार को नागालैंड व मिजोरम में आतंकवादियों से बातचीत की ही तरह बस्तर में भी बातचीत कर हिंसा का स्थाई हल निकालना चाहिए।

बस्तर से भी समय-समय पर यह आवाज उठती रही है कि नक्सली सुलभ हैं, वे विदेश में नहीं बैठे हैं तो उनसे बातचीत का तार क्यों नहीं जोड़ा जाए। हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा में सर्व आदिवासी समाज चिंता जताता रहा है कि अरण्य मे लगातार हो रहे खूनखराबे से आदिवासियों में पलायन बढ़ा है और इसकी परिणति है कि आदिवासियों की बोली, संस्कार, त्योहार, भोजन सभी कुछ खतरे में हैं। यदि ईमानदार कोशिश की जाए तो नक्सलियों से बातचीत कर उन्हें हथियार डाल कर देश की लोकतांत्रिक मुख्य धारा में शामिल होने के लिए राजी किया जा सकता है।

भारत सरकार मिजोरम और नगालैंड जैसे छोटे राज्यों में शांति के लिए हाथ में क्लासनिकोव रायफल ले कर सरेआम बैठे उग्रवादियों से ना केवल बातचीत करती है, बल्कि लिखित में युद्ध विराम जैसे समझौते करती है। प्रधानमंत्री निवास पर उन अलगाववादियों को बाकायदा बुलाया जाता है और उनके साथ हुए समझौतों को गोपनीय रखा जाता है जो दूर देश में बैठ कर भारत में जमकर वसूली, सरकारी फंड से चौथ वसूलने और गाहे-बगाहे सुरक्षा बलों पर हमला कर उनके हथियार लूटने का काम करते हैं। फिर नक्सलियों मे ऐसी कौन सी दिक्कत है कि उनसे टेबल पर बैठ कर बात नहीं की जा सकती। कभी विचार करें कि सरकार व प्रशासन में बैठे वे कौन लोग हैं जो हर हाल में जंगल में माओवादियों को सक्रिय रखना चाहते हैं। जब नेपाल में वार्ता के जरिये उनके हथियार रखवाए जा सकते थे तो हमारे यहां ऐसे प्रयास क्यों नहीं हुए ?

## सोशल फोरम

# सबसे बड़ा सवाल

एक मोमिन की पोस्ट देखी। रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के आदर्श, धर्म और नैतिकता की तारीफ करते हुए उन्होंने लिखा कि हमने अपना धर्म बदला है अपने पूर्वज नही। अपनी संस्कृति अपनी सभ्यता नही। अपनी आस्था अपना मुल्क नहीं। दूसरे धर्म वाला जब आपकी आस्था के संबंध में ऐसी बातें कहे तो आपके लहालोट होने के लिए इतनी पंक्तियां काफी है। लेकिन क्या बात इतनी ही सिंपल है। जैसी दिखाई देती है।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे विचार से ऐसा संभव नही। ये दो विपरीत ध्रुव हैं। दो विपरीत विचारधाराएं हैं। और ऐसा ही कुछ धर्मों के मामले में है। एक दूसरे के धर्म का सम्मान अच्छी बात है। लेकिन मानते तो हम कोई एक धर्म ही हैं। यानी कोई एक विचारधारा। क्या कोई व्यक्ति एक ही समय मे दक्षिणपंथी और मार्क्सवादी हो सकता है?

आज जैसे राजनीति में वैचारिक दरिद्रता आ गई है। एक वैचारिक शून्य उत्पन्न हो गया है। विचारधारा का कोई महत्व ही नहीं रहा। थोड़े से स्वार्थ के लिए लोग राजनीतिक पार्टियां बदल रहे हैं। ऐसा ही कुछ मुझे धर्म के मामले में भी नजर आता है। यहां लोग धर्म नहीं बदलते लेकिन अपने धार्मिक नियमों, मान्यताओं के विरुद्ध जाना आज बड़ी साधारण सी बात है। क्योंकि लोगों में वैचारिक शून्यता अपने धर्म के मामले में भी है। धर्म ग्रंथ अक्सर लोग पढ़ते नही। ठीक से समझते नही। यहां सारा धर्म देखा देखी का है, स्वार्थ का है। विचारधारा के कोई मायने नहीं।

मैं तो बस यही चाहता हूं कि जिस धर्म/विचारधारा को भी हम माने, उसे पढ़ें, जाने उसके सिद्धांतों को समझें बूझें। उसकी अच्छाइयों और बुराइयों को भी जाने। जरूरत महसूस हो तो धर्म का तार्किक विश्लेषण भी करें। अधूरा ज्ञान किसी काम का नहीं।

मेरा सबसे बड़ा सवाल यहां ये है कि जिन्होंने भी धर्म बनाया, उसके नियम बनाए। उन्होंने निश्चित ही कुछ सोचा समझा जाना होगा तभी ऐसा किया होगा। तो उन सब बातों का कट्टरता से पालन उचित है या बदलते समय के साथ, जैसा कि आज के राजनैतिक परिदृश्य में घट रहा है, विपरीत विचारधारों के मिश्रण में कोई हर्ज नही है।

-फेसबुक वॉल से

# ऐसा हतप्रभ चुनाव तो आज तक नहीं देखा

अपने बाल्यकाल से अब तक स्वतंत्रता के बाद से सारे चुनाव देखें हैं लेकिन ऐसा अद्भुत चुनाव आज तक नहीं देखा जहां चुनाव से पूर्व ही सभी पक्ष विपक्ष यह मान कर चल रहे हैं कि आएंगे तो मोदी ही। आप देख रहे होंगे कि टीवी डिबेट में मुद्दा यह नहीं होता कि मोदी जीतेंगे या नहीं बल्कि चार सौ सीट क्यूं चाहिए ही, होता है। इसका मतलब सरकार बनाने के लिए आवश्यक 272 तो मिल ही रहीं है बहस सिर्फ़ इतनी है कि इसके ऊपर कितनी जाएंगी। विपक्ष के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी घुमा फिराकर मोदी जी की जीत स्वीकार करते हुए कहते हैं कि जादू चलाकर यदि मोदी जीत जाते हैं तो देश में आग लग जाएगी, जीत वो भी पक्की मान रहे हैं। ख़ुद की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पारंपरिक अमेठी सीट छोड़कर वायनाड गए हैं। एक हताश, निराश, पराजित योद्धा की तरह अभी से पूरा विपक्ष एक आवाज में कह रहा है ईवीएम की वजह से जीतेंगे। क्या मतलब हुआ कि जीत सभी मान रहें हैं। वो भी पहले चरण के मतदान से पहले ही ऐसा आत्मसमर्पण चुनाव में मैंने तो पहले कभी नहीं देखा। चुनाव पूर्व सर्वे के आख़िरी दिन सभी टीवी चैनलों ने 350 से 400 से ऊपर एनडीए को दिखाया है, कांग्रेस को तो इस बार चालीस से नीचे रहने का अनुमान सभी चैनल दिखा रहे हैं।



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

इस वातावरण से एक बात स्पष्ट समझ आती है मोदी की गारंटी, मोदी पर विश्वास, मोदी की विकास यात्रा, मोदी की विकसित भारत के लिए दूरदृष्टि और मोदी के पिछले दस साल के दृढ़तापूर्वक किए गए कार्य। विपक्ष की सभी पार्टियों ने भाजपा के संकल्प पत्र से कहीं अधिक जनकल्याण के वायदे अपने अपने घोषणा पत्रों में किए हैं लेकिन उन पर कहीं चर्चा ही नहीं हो रही।

बेरोज़गारी और महंगाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी विपक्ष ने मोदी के चक्रव्यूह में फंसकर गौण कर दिया। धूमधाम से बनाया गया खंडित विखंडित जिसमें कहा गया था हर जगह भाजपा के विरुद्ध संपूर्ण देश में विपक्ष का एक ही उम्मीदवार होगा व्यक्तिगत अपेक्षाओं के कारण चुनाव से पहले ही धूलधूसरित हो गया। अब अधिकतर जगह आपस में ही भिड़े हुए है या चुनाव से पहले ही गठबंधन पहले ही छोड़ गए हैं।

मोदी जी ने राष्ट्रवाद, विकसित भारत, हिंदुत्व, सनातन, अपनी विकास यात्रा में सब भारतीयों को सम्मिलित करना, विश्वगुरु बनने के मार्ग पर प्रशस्त करना, अर्थव्यस्था में विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था बनाकर तीसरी पारी में तीसरी विश्व की बड़ी अर्थववस्था का संकल्प, विश्व को सुदृढ़ नेतृत्व देने की अभूतपूर्व क्षमता इत्यादि शामिल है।

क्या जनता मोदी पर विश्वास इसलिए भी कर रही है कि जिस कार्य को करने की हिम्मत पिछली सरकारों ने नहीं दिखाई वह मोदी जी ने कितनी सहजता से कर दिखाया। इसमें प्रमुख हैं कश्मीर को धारा 370 से मुक्ति, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति, महिला आरक्षण, शताब्दी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना से देश को सुरक्षित बाहर निकालना, आत्मनिर्भर भारत बनाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में सहयोग, सभी तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार, ग़रीबों को ग़रीबी से बाहर निकालना, जनकल्याण की योजनाओं को लाभार्थियों तक सीधा पहुंचाना इत्यादि। विपक्ष समझ ही नहीं पा रहा कि 2024 का भारत बदल गया है, अब वह जातीय जनगणना, सांप्रदायिक विद्वेष, तुष्टिकरण हिंदू और हिंदुत्व और सनातन को गालियों के जुमलों में ना फंसकर सिर्फ़ विकसित भारत देखना चाहता है।

# बादलों के बरसने की चाहत

पिछले कुछ दिनों से सुबह पूर्व आकाश पर हल्के बादलों का जमावड़ा बना रहता था। मंगल और शनि पूर्वी क्षितिज पर बहुत कम कांतिमान से दर्शन दे रहे हैं। आज बहुत प्रयास के बाद इनकी पहचान कर सका हूं। इनकी स्थिति चालीस अंश ऊपर है लेकिन यह सूर्योदय के समय की स्थिति है। आकाश में धूल और धुंध के कारण पांच बजे के बाद तो स्वाति जैसे चमकदार तारे भी धुंधलेपन से प्रभावित हो जा रहे हैं। चार दिन पहले से अपराह्न हल्के बादलों से भवाली भीमताल के आसमान में हल्के-फुल्के बादल छा रहे थे कल से उनके भी दर्शन नहीं हो रहे हैं। जिन बादलों से आशा की जा रही थी वो कश्मीर की कली की नायिका की तरह रूठ कर चल दिए हालांकि जिस तरह नायिका हमेशा रूठी नहीं रह सकती उसी तरह बादल हैं कभी तो बरसेंगे ही। भवाली न सही कहीं तो बरसना ही है चाहे नेपाल जाकर बरस लें। लेकिन मित्रो जल स्रोतों में निस्सरण कम होता जा रहा है और छोटी क्यारियों में उग आई चौलाई, ऊगल, बीन और मूली को अब रोज पानी की दरकार हो गई है। इसलिए बादलों से बरसने की चाहत बढ़ती जा रही है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

यह उसी तरह है जैसे अट्ठाईस साल की उम्र को छूते ही मुझे शादी की दरकार हो गई थी और विलंब से होने वाली बारिश और शादी की परिणति दोनों ही आंधी तूफान से शुरू होती है। अब सूर्य मेष राशि में प्रवेश कर गए हैं और जो बारिश होगी वो ओलों और आंधी-तूफान के साथ ही आनी है। फलदार पेड़ों पर जो थोड़े फल दिखाई दे रहे हैं वे समय असमय काल कवलित हो जाएंगे।

**मतदाता खामोश और ध्रुवीकरण गुम है। प्रचार के अंतिम दिन सबने जोर लगाया पर कहीं कोई लहर या तूफान नहीं बन पाया। चर्चा में मोदी हैं, तो सुरक्षा के मुद्दे पर योगी की बात है। पिछले चुनावों की तरह सड़कों पर जय श्री राम का जयघोष नहीं है, पर रामनवमी के आयोजनों में राम मंदिर बनने के उत्साह की हिलोर है। जीत-हार के सवाल पर भाजपा का माहौल है, लेकिन जाति-बिरादरी से नहीं इंकार है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान से पहले कुछ ऐसा ही हाल है। चौराहों, चाय-पान की दुकानों और चौपालों में वोटों का हिसाब किताब है। भाजपा से टक्कर में दूसरे और तीसरे नंबर की उलझन का गुणा-भाग है। कौन किधर जा रहा है, इसे लेकर हर किसी का अपना कयास है। अधिकतर सीटों पर त्रिकोणीय मुक़ाबले की तस्वीर में कौन कितना आगे-पीछे यह जानने के लिए हर कोई बेकरार है।**

## पश्चिम यूपी की आठ सीटों पर प्रथम चरण में कल मतदान

# वोटर की चुप्पी, बूथ पर ही टूटेगी शोर थमने के साथ बढ़ी धुकधुकी

मनोज त्रिपाठी

उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान में आठ लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इन आठ सीटों में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें हार गई थी। सहारनपुर, बिजनौर और नगीना लोकसभा सीट बसपा ने जीती थी, जबकि मुरादाबाद और रामपुर में सपा की साइकिल दौड़ी थी। ऐसे में इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी के लिए हर सीट बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि इस बार सपा और बसपा के अलग-अलग चुनाव लड़ने और रालोद का साथ मिलने से भाजपा के लिए राहत की बात है, लेकिन फिर भी पार्टी ने राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी से माहौल बनाकर परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर जोरदार प्रहार करते हुए विकसित भारत के धारदार प्रचार अभियान में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। इसके बावजूद जातीय गोलबंदी उसे मतदान से पहले न सिर्फ परेशान कर रही है, बल्कि जीत का अंतर तय करने में उलझन में डाल रही है। भाजपा की यह चिंता बेवजह भी नहीं है, क्योंकि पश्चिम यूपी की कई लोकसभा सीटें जातिगत समीकरण में उलझती दिख रही हैं। कहीं मुकाबला कड़ा होता तो कहीं फंसता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा को टक्कर देने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन हो या बसपा दोनों ने इस बार जातिगत समीकरणों का ही सहारा लिया है। इस रणनीति के चलते जानकार मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर लोकसभा सीट पर भाजपा, बसपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला मानकर चल रहे हैं। जाट, गुर्जर, पिछड़े और दलित वर्ग के साथ मुस्लिम मतों के लिए घमासान है। इनमें कुछ पत्ते कहीं बंद, तो कुछ कहीं हवा के साथ बहते नजर आ रहे हैं। मुस्लिम मतदाता सीट दर सीट चुनाव का रुख भांपकर मतदान करने का मन बना रहा है। उसकी निगाह बसपा या सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों की मजबूती पर टिकी है।

### रामपुर : खेल बिगाड़ने आई बसपा को दिखने लगा अपने खेल के आसार

मुस्लिम बहुल रामपुर लोकसभा सीट पर यह पहला चुनाव है, जब नूर महल का नवाब खानदान और सपा नेता मो. आजम खान नेपथ्य में हैं। ऐसे में भाजपा अपने प्रत्याशी घनश्याम लोधी जिन्होंने उपचुनाव में आजम खान के विश्वस्त आसिम रजा को हराकर बड़ा उलटफेर किया था, की फिर से जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के जनाधार वाली इस सीट पर पहले बसपा प्रत्याशी जीशान खान को लेकर कहा जा रहा था कि वह सपा उम्मीदवार मौलाना मोहिबुल्लाह का खेल बिगाड़ने आए हैं। लेकिन सपा की भीतरी कलह और प्रत्याशी मोहिबुल्लाह जो तुर्क बिरादरी से आते हैं, पर पठानों के मुकाबले तुर्क को तरजीह देने का आरोप लगने के बाद बसपा को भाजपा से मुकाबले में अपना खेल बनता नजर आने लगा है। इस सीट पर साढ़े चार लाख युवा मतदाताओं में अधिकांश जाति-धर्म की सियासत से हटकर नया चुनाव कर सकते हैं। इस समीकरण को देखते हुए भाजपा ने पूर्व सांसद बेगम नूर बानो के पौत्र पूर्व विधायक नवेद मियां के बेटे हमजा मियां को पार्टी में लेकर युवाओं को साधने में लगा दिया है। यहां मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा की राह आसान मानी जा रही है।


**2019** के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें गई थी हार

**02** सीट मुरादाबाद और रामपुर में जमकर दौड़ी थी सपा की साइकिल

**03** सीट सहारनपुर, बिजनौर और नगीना बसपा ने जीत ली थी

### पीलीभीत : भाजपा को लग रहा आसान इम्तिहान


इस सीट पर वरुण गांधी की जगह भाजपा से उतरे प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को चुनौती देने के लिए सपा प्रत्याशी भगवत शरण गंगवार और बसपा उम्मीदवार अनीस अहमद खान ने प्रचार के अंतिम दिन तक पूरी ताकत लगाए रखी। प्रधानमंत्री मोदी यहां दस दिन पहले सभा करके भाजपा का माहौल बना गए थे। इसके बाद जितिन प्रसाद ने पूरा अपना चुनावी अभियान प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ इलाके के विकास पर केंद्रित रखा। उधर, सपा प्रत्याशी गंगवार के समर्थन में ईद के बाद अखिलेश यादव सभा करके जोश भर गए थे। सपा प्रत्याशी बरेली के नवाबगंज से पांच बार विधायक रहने की याद दिलाते हुए जनता से जुड़ाव और अपने काम की याद दिलाकर लोगों से रिश्ता जोड़ने का प्रयास करते रहे। बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद खान ने इस सीट पर करीब पांच लाख मुस्लिम मतदाताओं पर नजर गड़ा रखी है।




### मुरादाबाद : भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीधा संघर्ष

**मुरादाबाद** : इस मुस्लिम बहुल सीट पर टिकट को लेकर हुई कलह के बाद सपा नेता आजम खान समर्थकों का साथ मिलने से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा थोड़ी राहत महसूस कर रही हैं। हालांकि मौजूदा सपा सांसद एसटी हसन खुलकर उनके प्रचार में नहीं उतरे हैं। लेकिन इस क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार होने से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार सिंह का मुकाबला करने में सपा-कांग्रेस गठबंधन को ज्यादा मुश्किल पेश नहीं आ रही है। जानकारों के मुताबिक यहां मुकाबला भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन की सीधी लड़ाई में बदलता नजर आ रहा है। हालांकि बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी मुस्लिम वोटों में सेंध लगाकर और परंपरागत दलित मतों को साधकर भाजपा की राह आसान करते नजर आ रहे हैं।

### 2019 में किसको मिले कितने वोट




### सहारनपुर: मुस्लिम वोट बैंक पर भाजपा की निगाह

सहारनपुर में भाजपा से तीसरी बार मैदन में उतरे राघव लखनपाल शर्मा ने क्षत्रियों की नाराजगी को तो कुछ हद तक दूर कर लिया है, लेकिन सपा-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। हालांकि इस लड़ाई में बसपा प्रत्याशी माजिद अली उनकी राह आसान करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में सबकी निगाह मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी है, जिसकी संख्या छह लाख से ज्यादा बताई जाती है। प्रचार खत्म होने तक इस सवाल का जवाब नहीं मिल पाया है कि क्या मुस्लिम वोट एकमुश्त मसूद के समर्थन में जाएगा? पिछली बार यह सीट सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने जीती थी। यदि मुस्लिम वोट में बिखराव होता है तो भाजपा को लाभ निश्चित रूप से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।




### 2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

**49.6 %** भारतीय जनता पार्टी

**49.2%** सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन)


### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम




### कैराना : सीधी लड़ाई में बदलता दिख रहा चुनाव


कैराना लोकसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। इस सीट को जीतने के लिए मुख्यमंत्री योगी जहां हिंदुओं को पलायन की याद दिलाकर विपक्ष को ललकार गए हैं, वहीं अंतिम दिन रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने रोड शो करके हुंकार भरी। जानकारों के मुताबिक इस सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन की हसन परिवार से उम्मीदवार इकरा हसन भाजपा को सीधी टक्कर देती नजर आ रही हैं। 28 वर्षीय इकरा लंदन में पढ़ी हैं और हिंदू गांवों में जाकर वोट मांगने के दौरान भाजपा सांसद की निष्क्रियता को मुद्दा बनाती रही हैं। भाजपा ने इस सीट पर गुर्जर समाज के प्रदीप चौधरी को दूसरी बार मैदान में उतारा है। प्रदीप चौधरी ने 2019 में इकरा हसन की मां तब्बसुम हसन को हराया था। लेकिन इस बार उनकी मुश्किल की एक वजह बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा भी हैं, जो भाजपा से नाराजगी का मुद्दा उछालकर पार्टी के परंपरागत ठाकुर वोट बैंक में सेंध लगा रहे हैं।

### 2019 लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत




### नगीना : सुरक्षित सीट पर चंद्रशेखर आजाद ने फंसाया पेंच

नगीना सुरक्षित सीट पर आज़ाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद चुनाव के केंद्र में हैं। बसपा उन्हें अपने लिए चुनौती मान रही है, यही वजह रही कि पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने नगीना में ही सभा करके प्रचार अभियान शुरू किया था। यहां करीब 70 प्रतिशत मतदाता मुस्लिम और दलित हैं। भाजपा से नहटौर के विधायक ओम कुमार तो इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व जज मनोज कुमार मैदान में हैं। उनके समर्थन में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रचार खत्म होने से पहले आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के साथ माहौल बना गए हैं। बसपा से सुरेंद्र पाल प्रत्याशी हैं। भाजपा को छोड़कर सभी प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान के दौरान दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति बनाई। इसी तरह भाजपा के अलावा मुस्लिम मत भी तीनों प्रत्याशियों में बंटते नजर आ रहे हैं। दलित-मुस्लिम मतों के विभाजन का भाजपा सीधा फायदा उठा सकती है।




### 2019 का वोट प्रतिशत

| | | |
|---|---|---|
| बसपा | मलूक नागर | 51.21 |
| भाजपा | कुंवर भारतेंद्र | 44.67 |
| कांग्रेस | नसीमुद्दीन | 2.36 |

बसपा भाजपा कांग्रेस

### बिजनौर : भाजपा-बसपा की लड़ाई सपा ने त्रिकोणीय बनाई

बिजनौर लोकसभा सीट पर 2019 के चुनाव में सपासे गठबंधन के चलते बसपा ने जीत हासिल की थी। इस बार बसपा से चौ. विजेन्द्र सिंह प्रत्याशी हैं। वह जाट और दलित के साथ अति पिछड़ों को साधकर कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी चंदन चौहान मीरापुर से रालोद के विधायक हैं। वह गुर्जर बिरादरी से आते हैं। चंदन को मजबूत करने के लिए बिजनौर से बसपा के सांसद मलूक नागर को रालोद में लेकर दलित वोट जोड़ने की कवायद की गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी इस सीट पर जी-जान लगाए हैं, तो सीएम योगी और बसपा सुप्रीमो मायावती भी जनसभा कर गई हैं। इस सीट पर सपा प्रत्याशी दीपक सैनी संघर्ष को त्रिकोणीय बनाकर वास्तव में भाजपा की मुसीबत बढ़ा रहे हैं।

### मुजफ्फरनगर : भाजपा के वोट बैंक में सेंध की कोशिश

बसपा ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से दारा सिंह प्रजापति को प्रत्याशी बनाकर भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है। दलित और प्रजापति वोटों को साधकर बसपा की कोशिश मुस्लिम वोट अपने पक्ष में करने की है। यहां से भाजपा प्रत्याशी दो बार से सांसद केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान की हर तरफ चर्चा के बीच कुछ विरोध के स्वर भी सुनाई देते हैं। बालियान जाट समाज के साथ ओबीसी वर्ग में मजबूत समर्थन रखते हैं। लेकिन उनके विरुद्ध प्रचार में त्यागी, ठाकुर और सैनी समाज की नाराजगी को हवा देने की कोशिश की जाती रही। कांग्रेस-सपा गठबंधन से मैदान में उतरे हरेन्द्र मालिक कई चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण हर समाज में पहचान और पकड़ रखते हैं। वह अंतिम समय तक भाजपा के वोटों में सेंधमारी करके मुकाबला अपनी तरफ मोड़ने की जद्दोजहद करते नजर आए।

---

# बिहार की चार सीटों पर कल डाले जाएंगे वोट

**पटना।** बिहार में इंडिया गठबंधन और राजग के बीच लोकसभा चुनाव में कड़ा मुकाबला है। दोनों ही दलों ने प्रचार में ताकत झोंक दी हैं। पहले चरण में यहां की चार सीटों जमुई, गया, नवादा और औरंगाबाद पर 19 अप्रैल को डाले जाएंगे। इन सीटों को जीतने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों और विरोधी गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव सबने अपने तरकश के हर तीर को आजमा लिया है। एक- एक वोट का महत्व समझते हुए राजद, जदयू, हम, भाजपा और लोजपा के कार्यकर्ता मतदाताओं को घर- घर जाकर मनुहार कर रहे हैं।

औरंगाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा के सुशील सिंह ताल ठोक रहे हैं तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाटी राष्ट्रीय जनता दल के अभय कुशवाहा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। पिछले तीन चुनाव से सुशील सिंह यहां से जीत रहे हैं। उन्होंने 2009 में जदयू और उसके बाद के दोनों चुनावों में भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की। अब उनके विजय रथ को रोकने के लिए अभय कुशवाहा ने रात दिन एक कर रखा है। तेजस्वी यादव ने यहां सभा कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की भरपूर कोशिश की है तो पीएम मोदी के साथ ही राजग के बड़े नेताओं ने भी यहां कोई कसर नहीं छोड़ी है।

गया सुरक्षित सीट को हॉट सीट की श्रेणी में रखा गया है क्योंकि यहां से पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम के अध्यक्ष जीतन राम मांझी मैदान में हैं। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल के कुमार सर्वजीत से है। इसके साथ ही विभिन्न दलों और निर्दलीय 12 और उम्मीदवार यहां से ताल ठोक रहे हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच ही है। 2019 में इस सीट पर जदयू ने परचम लहराया था।

भाजपा ने जमुई लोकसभा सीट अपनी प्रमुख सहयोगी पार्टी लोजपा रामविलास को दी है। इस सुरक्षित सीट पर लोजपा रामविलास ने अरुण भारती तो राजद ने अर्चना कुमारी रविदास को उम्मीदवार बनाया है। यह सीट लोजपा प्रमुख चिराग पासवान के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। लगातार दो चुनाव में वे इस सीट पर खुद ही जीत चुके हैं। अब उन्होंने अरुण भारती को उतारा है। नवादा सीट पर भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार ताल ठोक रहे हैं। इन्हीं दोनों के बीच मुख्य मुकाबला भी है।

● राजग ने पिछले चुनाव में जीतीं थीं ये लोकसभा सीटें



### 2019 में कौन कहां से जीता

| सीट | विजेता पार्टी |
|---|---|
| गया | जदयू |
| नवादा | लोजपा |
| जमऊ | लोजपा |
| औरंगाबाद | भाजपा |

# तमिलनाडु में 20 सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष!

चेन्नई

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में सबसे बड़ा मुकाबला तामिलनाडु में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के बाद लोकसभा सीटों के मामले में यह देश का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। इस दक्षिणी राज्य में अभी तक अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच द्वि-ध्रुवीय मुकाबला ही होता रहा है। राष्ट्रीय दल कांग्रेस और भाजपा इन दोनों में किसी एक पार्टी के साथ हाथ मिलाते रहे हैं। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में यहां दो दर्जन से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा के नेतृत्व वाला राजग यहां से अपनी सीटें बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों में पहली बार भाजपा अपने फायरब्रांड नेता के अन्नामलाई के नेतृत्व में कम से कम 10 लोकसभा सीटें और दो अंकों में वोट शेयर दर्ज करने की उम्मीद कर रही है।

पिछली बार 2019 के चुनाव में डीएमके गठबंधन ने तमिलनाडु की 39 में से 38 सीटें जीती थीं। पार्टी को उम्मीद है कि इस बार अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच वोट विभाजन के कारण उनके लिए राह और भी आसान हो सकती है, क्योंकि अन्नाद्रमुक और भाजपा एक साथ चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

**2014 में द्रमुक का नहीं खुला था खाता:** तमिलनाडु में साल 2014 के आम चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री जे जयललिता के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक ने 37 सीटें जीती थीं। भाजपा ने एक सीट और एस रामदास के नेतृत्व वाली पट्टली मक्कल काची ने एक सीट जीती थी।

**39 सीटों पर मतदान कल**

- भाजपा अपने फायरब्रांड नेता अन्नामलाई के नेतृत्व में 10 सीटें और दो अंकों में वोट शेयर की कर रही उम्मीद
- द्रमुक को भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच वोट विभाजन के कारण नजर आ रही जीत की राह और आसान

**2019 का चुनाव परिणाम**

| | |
|---|---|
| द्रमुक गठबंधन | 38 |
| अन्ना द्रमुक गठबंधन | 01 |

**2019 वोट शेयर**

द्रमुक गठबंधन : **53.15%**

अन्ना द्रमुक गठबंधन : **30.56 %**

**26** उम्मीदवार नामांकन में दाखिल किए गए चुनावी हलफनामों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले 40 सबसे अमीर उम्मीदवारों में तमिलनाडु से हैं।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम प्रांत के नलबाड़ी में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया।

**मतदाताओं का मिजाज** 17 चुनावों में सिर्फ तीन बार 1998, 2014 और 2019 के चुनाव में बरेली संसदीय सीट पर 60 फीसदी से ज्यादा पड़े वोट

# मंदिर और मोदी लहर में फर्स्ट डिवीजन पास हुए बरेली के मतदाता

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली संसदीय सीट पर मतदाताओं का मिजाज मुद्दों, लहर और ध्रुवीकरण से प्रभावित होता रहा है। यही वजह है कि पिछले 72 बरसों में हुए 17 चुनावों में महज तीन बार ही यहां के मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए, जबकि बाकी चुनावों में 60 फीसदी का आंकड़ा नहीं छू सके। अब इस बार डिस्टिंक्शन यानी 75 फीसदी मतदान के लिए चुनाव आयोग, राजनीतिक दल और प्रत्याशी सभी जोर लगा रहे हैं।

आजादी के बाद पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनाव में बरेली सीट पर 36.55 फीसदी मतदान हुआ था। 1957 में वोटिंग प्रतिशत छह प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ 42.8 पर पहुंचा। 1962 के चुनाव में मतदाताओं ने और उत्साह दिखाया तो 48.1 प्रतिशत मतदान हुआ। 1967 में फिर मतदाता बड़ी संख्या में घरों से बाहर आए और 57.7 प्रतिशत वोटिंग हुई। 1971 के चुनाव में जिला प्रशासन और सियासी दलों को वोटिंग प्रतिशत और बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन मतदाताओं ने निराश कर दिया। वोटिंग प्रतिशत धड़ाम होकर 45.6 फीसद पर अटक गया।

हालांकि 1977 के चुनाव में उत्साह फिर देखने को मिला और 53.21 फीसदी मतदान कर मतदाताओं ने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया, लेकिन 1980 में मतदान प्रतिशत गिरकर 44.6 रह गया। 1984 में वोटिंग प्रतिशत में फिर उछाल आया। 54.01 फीसदी मतदान हुआ। 1989 के चुनाव में मतदान तीन फीसदी लुढ़ककर 51.8 रहा। 1991 में फिर बढ़ोत्तरी हुई और मतदान प्रतिशत का आंकड़ा 58.3 फीसदी पहुंचा। लेकिन 1996 में मतदान प्रतिशत 50.6 फीसदी पर चला गया। लेकिन 1998 ने पहली बार रिकॉर्ड बनाया। 61.7 फीसदी वोटिंग के साथ मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए। हालांकि, एक साल बाद 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ, तो मतदान 58.5 प्रतिशत ही हुआ। 2004 में उदासीनता दिखी और मतदान प्रतिशत 52.9 पर सिमट गया। 2009 में आंकड़ा 50.4 फीसदी रहा, लेकिन 2014 के चुनाव में मतदाताओं ने कमाल कर दिया। 11 फीसदी ज्यादा वोट पड़े और मतदाताओं ने 61.2 फीसदी वोटिंग के साथ फर्स्ट डिवीजन का दूसरा रिकॉर्ड बनाया। 2019 में 2014 वाली स्थिति मतदाता बरकरार तो नहीं रख पाए, मगर 60.5 प्रतिशत मतदान के साथ फर्स्ट डिवीजन पर बने रहे।

**भाजपा और मोदी लहर में रचा कीर्तिमान**

- बरेली संसदीय सीट का चुनावी इतिहास बताता है कि मतदातओं ने जिन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग की, उस समय देश में भाजपा और मोदी की लहर रही। 1998 के लोकसभा चुनाव के वक्त राम मंदिर आंदोलन के कारण भाजपा के पक्ष में माहौल था, तो 2014, 2019 में मोदी लहर थी। इसके सियासी निहितार्थ भी निकाले जा रहे हैं, क्योंकि बरेली सीट को मुस्लिम बाहुल माना जाता है। ऐसे में इन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग होना दिलचस्प है।

**1977** में जनता पार्टी की लहर में 53.21, 1984 में सहानुभूति के चलते 54.01 और 99 में 58.5 फीसदी पड़े वोट

**33,54,696** मतदाता बरेली और आंवला सीट पर

**1796060** पुरुष मतदाता

**1558544** महिला मतदाता

### अपनी ढपली अपना राग



भाजपा सरकार सिर्फ अमीरों की हैं। इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो आम नागरिकों, किसानों व व्यापारियों के लिए काम होगा। -राहुल गांधी



भाजपा संविधान को मानती है न लोकतंत्र को। ईडी व सीबीआई के जरिये सबको जेल भेजना चाहती है।

- शिवपाल यादव




इंडी गठबंधन के लोग जब गांव में जाएंगे तो लोग इन्हें भिंडी गठबंधन कहेंगे। ये गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं।

-ब्रजेश पाठक



प्रदेश में विकास हुआ है तो अखिलेश सरकार में। आज स्कूल, अस्पताल व अच्छी शिक्षा चाहिए।

-संजय सिंह



इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। विपक्षी गठबंधन में एक अनार सौ बीमार वाली हालत है।

- नंद गोपाल गुप्ता नंदी

# यहां के वोटर भी गजब

## पसंद आए तो पलकों पर... वरना जब्त कराई जमानत

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी



**अमृत विचार :** सांसद चुनने में बाराबंकी के मतदाताओं का अंदाज कुछ अलग है। जो मन को भाया उसे पलकों पर बैठाया, जो पसंद नहीं आया, उसकी जमानत तक जब्त करा दी। जी हां, अब तक के लोकसभा चुनाव में 179 में से 130 प्रत्याशी अपनी जमानत जब्त करा चुके हैं। इनमें प्रमुख सियासी दलों के दिग्गज भी शामिल हैं। बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र का पहला आम चुनाव 1951 में हुआ था। पहले चुनाव में कांग्रेस की गंगा देवी सांसद निर्वाचित हुई थे। पहले चुनाव में 11 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई थी। इनमें नौ की जमानत जब्त हो गई थी।

1957 के चुनाव में संसद पहुंचने की हसरत लेकर पांच उम्मीदवारों ने चुनावी दंगल में किस्मत आजमाई थी। इस चुनाव में रामसेवक यादव ने निर्दल के रुप में चुनाव जीता था। दो प्रत्याशी अपनी जमानत गंवा बैठे थे। 1962 के चुनाव में यहां दो लोकसभा सीटें थी। इनमें रामसनेहीघाट सीट एससी तो बाराबंकी सीट सामान्य के रुप में निर्धारित की गई थी। आरएससघाट सीट पर चार प्रत्याशी चुनाव लड़े थे। जिसमें कांग्रेस के स्वामी रामानंद विजेता तो जनसंघ के भागीरथ 35.48 प्रतिशत मत पाकर रनर रहे थे। जबकि दो प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। जबकि दूसरी सीट पर पांच प्रत्याशियों में से 34.11 प्रतिशत मत पाने वाले कांग्रेस के हुसैन कामिल किदवाई को छोड़कर तीन प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी। 1967 में भी दो सीटों पर चुनाव हुआ था। रामसनेहीघाट सीट पर तीन तो बाराबंकी सीट पर चार उम्मीदवार थे। रामसनेहीघाट सीट पर बी. कुरील ने जीत दर्ज की थी तो एस कैलाश 35.06 फीसदी मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे। वहीं बाराबंकी सीट पर दो उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी।

इसी तरह 1971 में रामसनेहीघाट सुरक्षित सीट पर तीन प्रत्याशी चुनावी दंगल में उतरे थे। जिसमें बैजनाथ कुरील ने बाजी मारी थी। जबकि एनसीओ दल के बाबूलाल कुशमेश 35.75 फीसदी मत हासिल कर रनर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। वहीं बाराबंकी सामान्य सीट पर कुल चार उम्मीदवार उतरे थे। जिसमें कुंवर रुद्र प्रताप सिंह ने चुनाव जीता था। 36.49 मत पाकर सोशलिस्ट पार्टी के रामसेवक यादव रनर रहे थे। दो की जमान जब्त हो गई थी। 1977 के चुनाव में बाराबंकी सुरक्षित सीट पर आधा दर्जन प्रत्याशियों में से राम किंकर विजेता थे। वहीं कांग्रेस के बैजनाथ कुरील 19.66 फीसदी मत पाकर दूसरे नंबर पर रहे और चार उम्मीदवारों ने अपनी जमानत गंवा दी।

1980 के चुनाव में पांच प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी बैजनाथ कुरील को छोड़ तीन अन्य उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे।

इस चुनाव में राम किंकर ने लगातारक दूसरी बात बाजी मारी थी। इसी तरह 1984 का चुनावी दंगल आठ प्रत्याशियों के बीच हुआ था। इसमें 28.44 फीसदी मत हासिल कर दूसरे नंबर पर रहने वाले एलकेडी के रामसागर को छोड़कर अन्य उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इस चुनाव में कमला प्रसाद रावत जीते थे। 1989 का चुनाव नौ धुरंधरों के बीच लड़ा गया, इनमें दूसरे नंबर पर कांग्रेस के राम किंकर व तीसरे नंबर के प्रत्याशी बसपा के विजय कुमार को छोड़कर छह योद्धा जमानत नहीं बचा सके थे। इस लोकसभा चुनाव में रामसागर रावत विनर रहे थे। 1991 के चुनाव में 11 प्रत्याशियों में से रनर रहे बीजेपी के कपिल देव 27.18 और कांग्रेस के कमला प्रसाद रावत 19.80 फीसदी मत पाकर जमानत बचा पाए थे, जबकि राम सागर रावत ने लगातार दूसरी बार मैदान मारा था। वहीं आठ प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। 1996 में 24 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। राम सागर रावत ने इस चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाई थी। भाजपा के रनर प्रत्याशी कपिल देव सिंह व तीसरे नंबर पर रहे बसपा एपी गौतम को छोड़ अन्य सभी ने अपनी जमानत गंवा दी थी।

**1951** में पहली बार हुआ था लोस का चुनाव

**179** प्रत्याशी अब तक जमानत जब्त करा चुके हैं

**130** को जमानत बचाने के लिए जनता ने तरसाया

**11** प्रत्याशियों ने पहले चुनाव में आजमाई थी किस्मत

### सबसे ज्यादा 1996 में 21 प्रत्याशियों ने गंवाई जमानत

बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 21 प्रत्याशियों ने अपनी जमानत 1996 के लोकसभा चुनाव में गंवाई थी। इस चुनाव में दो दर्जन उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। सपा के रामसागर रावत ने भाजपा के कपिल देव को 14722 मतों से हराया था। बसपा के आनंद प्रकाश गौतम 17 .27 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इसके अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

### जमानत बचाने का यह है गणित


प्रत्याशी को जमानत बचाने के लिए कुल मतदान का 16 .66 फीसदी (1/6 हिस्सा) वोट प्राप्त करना जरूरी होता है। किसी प्रत्याशी को अगर कुल मतदान का छठवां हिस्सा (16 .66 फीसदी) वोट नहीं मिलते हैं तो नामांकन के समय जमा की गई ज़मानत राशि ज़ब्त कर ली जाती है। इसे जमानत जब्त होना कहते हैं।

### कई दिग्गजों की हुई थी बुरी हार

भाजपा के कद्दावर नेता में शामिल रामनरेश रावत को 2009 के चुनाव में मात्र 47656 मत ही हासिल हुए थे। इस हिसाब से वह चौथे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में बसपा के कमला प्रसाद रावत तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 167150 मत मिले थे। जबकि चौथे नंबर पर सपा की राजरानी रावत थी। इन्हें 159284 मत मिले थे। इन दोनों की जमानत जब्त हुई थी। जबकि दूसरे नंबर पर रहे पुनिया को 242236 तो विजेता रहीं भाजपा की प्रियंका रावत को 454214 मत मिले थे। इस चुनाव में 10 लाख 68 हजार 196 मत पड़े थे। इसी तरह 2019 के चुनाव में कांग्रेस के तनुज पुनिया की भी जमानत जब्त हुई थी। इन्हें 159611 मत मिले थे और वह तीसरे नंबर पर रहे थे। इस चुनाव में विजेता रहे बीजेपी के उपेंद्र रावत को 535917 जो सपा के रामसागर को 425777 वोट मिले थे। जबकि कुल पड़े मतों की संख्या 11 लाख 54 हजार 376 थी।

# आईना : डुमरियागंज लोकसभा सीट


### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| जगदम्बिका पाल | 4,92,253 |
| आफताब आलम | 3,86,932 |
| चंद्रेश उपाध्याय | 60,549 |
| अन्य | 11,757 |

2014 नोटा 11,757 | 2014 नोटा 6,776


### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | जगदंबिका पाल | 2,98,845 |
| बसपा | मोहम्मद मुकीम | 1,95,257 |
| सपा | माता प्रसाद पांडे | 1,74,778 |
| कांग्रेस | वसुन्धरा सिंह | 88,117 |
| पीईसीपी | डॉ. मोहम्मद अयूब | 99,242 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | जगदंबिका पाल | 229,872 |
| बीजेपी | जय प्रताप सिंह | 153,306 |
| बसपा | मोहम्मद मुकीम | 151,787 |
| पीईसीपी | इनामुल्लाह चौधरी | 79,820 |
| सपा | माता प्रसाद पांडे | 60,186 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | केशव देव मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | राम शंकर लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | कृपा शंकर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | नारायण स्वरूप शर्मा | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | केशव देव मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | माधव प्रसाद त्रिपाठी | जनता पार्टी |
| 1980 व 84 | काजी जलील अब्बासी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | बृजभूषण तिवारी | जनता दल |
| 1991 | रामपाल सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | बृजभूषण तिवारी | समाजवादी पार्टी |
| 1998 व 99 | रामपाल सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | मोहम्मद मुकीम | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | जगदंबिका पाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | जगदंबिका पाल | भारतीय जनता पार्टी |

**2024**

**कुल मतदाता-** 19,52 039

**पुरुष मतदाता-** 10,39,726

**महिला मतदाता-** 9,12,165



# शहर में सन्नाटा ... गांव में बना है चुनावी माहौल

सुनील मिश्रा, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** लोकसभा को लेकर प्रत्याशी इन दिनों गांव की गलियों से लेकर सड़कों तक कदमताल कर रहे हैं। अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने को हर जुगत भिड़ाने की कोशिश में हैं। हालांकि डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी अभी से पूरा महौल बनाए हुए हैं। वहीं, शहरों में सन्नाटा सा पसरा है।

डुमरियागंज संसदीय सीट से भाजपा के तीसरी बार प्रत्याशी बने जगदंबिका पाल जहां अपनी जीत को सुनिश्चित करने को जी तोड़ प्रयासरत हैं वहीं से सपा ने भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी के चुनावी मैदान में उतर जाने से चुनावी सरगर्मी बढ़ी नजर आती है। वह भी समर्थकों के साथ चुनावी समर में अपनी ताकत झोंक चुके हैं। इधर, बसपा ने ख्वाजा शमसुद्दीन को यहां अपना प्रत्याशी बनाया है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए गांव में पहुंचकर चुनावी डंका बजा रहे हैं।



डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी

लोकसभा डुमरियागंज में 25 मई को चुनाव का मतदान होगा और 5 जून को स्थिति साफ होगी। लोकसभा डुमरियागंज में कुल मतदाता 19 लाख 52 हजार अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष 10 लाख 39726, और महिला 912165, तथा अन्य 148 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। मालूम हो कि इस चुनावी महासंग्राम में मुस्लिम मतदाता और ब्राह्मण मतदाता चुनावी जीत हार में अहम भूमिका निभाएंगे। सपा में जहां ब्राह्मण मतदाता उतार कर भाजपा में खलबली मचा दी। वही बसपा में मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर सपा के लिए एक मुश्किलें खड़ी कर दी है।

### हर प्रत्याशी चल रहा है अपना - अपना दांव

इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अपनी हैट्रिक लगाने के लिए बेताब है। वह गांव के एक-एक व्यक्ति से मिलकर केंद्र और भारत सरकार के विकास की नीतियों को गिना रहे हैं। साथ ही तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील भी कर रहे हैं। वहीं, सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी भी लोगों का समर्थन पाने को पुरजोर दांव अजमा रहे हैं। स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी जो शेरे पूर्वांचल के नाम से जाने जाते रहे, के पुत्र भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी का भी पूर्वांचल के ब्राह्मणों में अच्छा प्रभाव माना जा रहा है। सपा से चुनावी भाग्य आजमाने उतरे कुशल तिवारी के आने से भाजपा में खलबली मची हुई है। क्योंकि सपा में अगर यादव मुस्लिम और ब्राह्मणों ने साथ दिया तो भाजपा के लिए कहावत सत्य होगी कि बड़ी कठिन है डगर पनघट की। यहां मतदान होने में अभी लगभग एक महीने का समय है। तीनों मुख्य पार्टियों को छोड़कर अन्य छोटे दल अभी अपने कितने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारते हैं यह परिदृश्य साफ नहीं। ऐसे में फिलहाल एनडीए, इंडिया और बसपा के बीच ही संघर्ष होना है। इन दलों के प्रत्याशी प्रचार करने लेकर सक्रिय हैं नतीजतन, चुनाव धीरे-धीरे रोचक होता जा रहा है।

### इंडी गठबंधन राम विरोधी, कांग्रेस-सपा ने किया आस्था से खिलवाड़ः केशव मौर्य

अमृत विचार, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि पूरा का पूरा इंडी अलायंस राम की विरोधी है। कांग्रेस और सपा ने देशवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कोई पहली बार नहीं किया, वे लगातार और बारंबार करते आ रहे हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि, सनातन विरोधी इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। आज सपा महासचिव ने भगवान राम और रामभक्तों के खिलाफ अनर्गल बयान देकर सनातनियों की श्रद्धा पर कुठाराघात किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि, लोकसभा चुनाव में जनता को एक बार फिर इनका घमंड तोड़ना पड़ेगा। जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं। कहा कि यदि सपा के महासचिव अपने नेता को रामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को स्वीकार करने की सलाह दिये होते तो राम इनके सारे पाप और कलंक धो देते।

### दो लड़कों की जोड़ी पहले भी फ्लॉप रही थीः भूपेन्द्र चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही थी और एक बार फिर इस जोड़ी को यूपी की जनता सिरे से नकार देगी। बुधवार को जारी एक बयान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, जिनके थीम सांग में ही ये कहा जा रहा हो कि दिल्ली में प्रवेश की खातिर व राहुल और अखिलेश की खातिर जनता वोट करे, ऐसे सत्ताभोगी और स्वार्थी लोगों को जनता अच्छी तरह पहचानती है। उन्होंने कहा, इनका जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके वादे जुबानी जमाखर्च से ज्यादा कुछ नहीं। इनके सारे वादे सत्ता में आने की छटपटाहट दिखाते हैं, क्योंकि न तो गरीब और किसान इनकी नीति में हैं और न ही नीयत में। दशकों तक देश पर राज करने के बाद भी आज जब वो गरीब की बात करते हैं तो मोदी पर नहीं, बल्कि खुद पर ही सवाल उठाते हैं। प्रदेश और देश की जनता उनके दिल्ली के तख्त पर आसीन होने की लालसा को कभी पूरा नहीं होने देगी।

# पहले चरण में 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के पहले चरण की आठ सीटों पर 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। करीब एक करोड़ 44 लाख मतदाता मतदान करेंगे। इसमें कई राजनीतिक दिग्गजों के लिए कड़ी परीक्षा होगी। सीटों के जीतने के लिए भाजपा, इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा और बसपा के प्रत्याशियों के बीच घमासान की स्थिति है।

इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। सहारनपुर सीट पर चुनाव मैदान में भाजपा से राघव लखन पाल हैं। पिछले चुनाव में पाल को बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने 20 हजार मतों से हराया था। बसपा ने इस बार माजिद अली को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इमरान मसूद पर दांव लगाया है।



राजनीतिक दिग्गजों के लिए होगी कड़ी परीक्षा

रामपुर सीट पर भाजपा से घनश्याम सिंह लोधी, सपा से मोहिबुल्लाह नदवी, बसपा से जीशान खां चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह, पीलीभीत सीट से भाजपा से मंत्री जितिन प्रसाद, सपा से भगवत शरण गंगवार, बसपा से अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू चुनावी लड़ाई लड रहे हैं। नगीना सीट से बसपा से सुरेंद्र पाल सिंह, भाजपा से ओम कुमार व सपा से मनोज कुमार हैं। इस सीट से आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं।

बिजनौर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल से चंदन चौहान, सपा से दीपक, बसपा से विजेंद्र सिंह चुनाव मैदान में हैं। मुरादाबाद सीट पर भाजपा से सर्वेश सिंह, सपा से रूचि वीरा व बसपा से इरफान सैफी हैं। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा से केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, सपा से हरेंद्र मलिक व बसपा से दारा सिंह प्रजापति चुनाव मैदान में हैं। कैराना सीट पर भाजपा से सांसद प्रदीप कुमार, सपा से इकरा हसना व बसपा से श्रीपाल सिंह अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। संजीव बालियान मुजफ्फरनगर से लगातार तीसरी बार लोकसभा जाने की तैयारी में जुटे हैं। कैराना के चर्चित हसन परिवार की बेटी इकरा हसन पर सभी की निगाह है।

# कीर्तिवर्धन के पास पिता से आगे जाने तो श्रेया के पास मौका बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का

## राष्ट्रवाद-रामनाम बनाम कुर्मी, यादव व मुसलमान, भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का सीधा मुकाबला, साधे जा रहे समीकरण


अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** अप्रैल माह की चिलचिलाती धूप में चुनाव सरगर्मी भी तेज है। खासतौर पर भाजपा व सपा के घोषित प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में इस सरगर्मी को चरम पर पहुंचाने में जुटे हुए हैं। भाजपा उम्मीदवार सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के पास इस बार मौका जहां पांचवी बार जीतकर अपने पिता का रिकॉर्ड तोड़ देने का है वहीं, सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के पास मौका विजयी होकर अपने बाबा बेनी प्रसाद वर्मा की विरासत को आगे बढ़ाने का है।

बहरहाल, इस बीच उम्मीदवार अपनी और अपनी पार्टी की उपलब्धियों को जनता के बीच रखकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। राष्ट्रवाद से लेकर क्षेत्रवाद और जातिवाद को भी साधने की जुगत चल रही है। दिलचस्प यह कि रामनाम की धुन के बीच ईद की सेवईयां भी बांट रहीं हैं। कहीं, जातीय सहोदर होने की दुहाई दी जा रही तो कहीं विकास कराने का गुणगान हो रहा है। रामनाम का दुपट्टा भी ओढ़ाकर धर्म-जाति की अलख जगाने का भी प्रयास है।

गोंडा लोकसभा की पांच विधानसभा क्षेत्रों में करीब 25 लाख से अधिक आबादी है। इसमें करीब 18 लाख वोटरों को रिझाने की कसरत चल रही है। जिले की गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर, गौरा तथा बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा में सभी भाजपा के ही विधायक हैं।

गोंडा सदर से प्रतीक भूषण शरण सिंह, मेहनौन से विनय कुमार द्विवेदी, मनकापुर से रमापति शास्त्री, गौरा से प्रभात कुमार वर्मा तथा उतरौला से राम प्रताप वर्मा सभी भाजपा के विधायक हैं। इन पांच विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम करीब 21 प्रतिशत, यादव 9 प्रतिशत, कुर्मी करीब 10 प्रतिशत हैं। इसके अलावा करीब 17 प्रतिशत ब्राह्मण, 9 प्रतिशत क्षत्रिय, अनुसूचित 18 प्रतिशत सहित कायस्थ, बनिया व अन्य जाति के लोग निवास करते हैं।



कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा उम्मीदवार



श्रेया वर्मा, सपा उम्मीदवार

भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। उनके पिता भी चार-चार बार के सांसद थे। कीर्तिवर्धन अब पांचवीं बार मैदान में हैं। क्या वह अपने पिता से आगे निकल पाने में सफल होंगे? वहीं दूसरी ओर सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर-आंखों पर बैठाया। केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। अब सवाल है कि क्या पौत्री श्रेया वर्मा अपने बाबा की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में सफल होंगी?

### पिता का रिकॉर्ड तोड़ने की भी होगी कसरत

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। दो बार सपा से तो दो बार भाजपा से जीत हासिल कर चुके हैं। इसी तरह उनके पिता कुंवरआनंद सिंह भी कांग्रेस से चार बार सांसद रह चुके हैं। 1971 में वह पहली बार चुनाव जीते थे। कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने पिता की बराबरी तो पूरी कर ली अब पांचवीं बार मैदान में हैं। वह अपने पिता से आगे निकल जाएंगे या बराबरी पर रह जाएंगे यह तो चुनाव बाद पता चलेगा।

### अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का जज्बा

2009 में गोंडा से कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर आंखों पर बैठाया। महज 25-26 प्रतिशत वोट पाकर वह विजई हुए थे और केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। लेकिन अपने वादों को पूरा न कर पाने पर 2014 के चुनाव में उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन उनकी पौत्री श्रेया वर्मा ने अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वह विरासत बढ़ा पाएंगी या नहीं चुनाव तक इंतजार करना होगा।

### सपा को सजातीय तो भाजपा को उम्मीदवार पर भरोसा

समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम, यादव के साथ सजातीय समीकरण साधने के लिए कुर्मी विरादरी की श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा ने अपने पुराने कंडीडेट सांसद कीर्तिवर्धन सिंह पर ही भरोसा जताया है। भाजपा उम्मीदवार के पास बीते 10 सालों के विकास का लेखाजोखा है। राष्ट्रवाद का जज्बा है और रामनाम का सहारा है तो सपा उम्मीदवार के पास भी सपा शासनकाल में कराए गए विकास कार्यों का पुलिंदा है। सपा उम्मीदवार के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा द्वारा गोंडा में किए गए कार्य हैं साथ ही मुस्लिम, यादव व सजातीय वोट कुर्मी के पाले में आने की उम्मीद है। वैसे, किस उम्मीदवार को कुल मतों का कितना हिस्सा मिलता है यह तो वक्त ही बताएगा?

### 52 प्रतिशत बरकरार रहेगा या घटेगा

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 52 प्रतिशत मत मिले थे। 48 प्रतिशत में अन्य सभी दलीय, निर्दलीय उम्मीदवार शामिल थे। रिकार्ड मतों से जीत हासिल कर संसद तक चौथी बार पहुंचने वाले भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह पांचवी बार अपना रिकार्ड तोड़ पाएंगे या फिर उतने पर या उससे कम पर पहुंचेंगे। समीक्षकों का मानना है कि 2019 का चुनाव मोदी के नाम पर था। यह चुनाव भी उन्हीं के नाम पर लड़ा जा रहा है लेकिन पिछला मत प्रतिशत इस बार नहीं होगा। इसमें कुछ कमी आएगी।

### चौथे चरण में 13 लोस सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए आज से नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 18 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के बीच किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा की शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव होगा। 13 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। चौथे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, बहराइच समेत 13 जिलों के अंतर्गत आते हैं। ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर में आता है।

### स्नान के बाद शुरू हुआ दर्शन-पूजन, हनुमानगढ़ी में शाम तक रही कतार, तीन दिन और 19 घंटे तक खुला रहेगा मंदिर

# 15 लाख भक्तों ने किए रामलला के दर्शन, कनक भवन में उल्लास

अयोध्या कार्यालय

- भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला कौशल्या हितकारी पर झूम उठी रामनगरी, मंदिरों में शंखनाद

**अमृत विचार :** रामनवमी पर दोपहर में घड़ी की दोनों सुइयां 12 पर पहुंचते ही घंटों-घड़ियालों से मठ-मंदिर गूंज उठे। ढोल-नगाड़ों की थाप और शंखनाद के बीच मंदिरों में श्रीराम का जन्मदिन मनाया गया।

रामलला की आरती भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला पर रामनगरी पहुंचे श्रद्धालु झूम उठे। देर शाम तक मंदिरों का उल्लास देखते ही बन रहा था। आज बुधवार को 15 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। जिला प्रशासन की मानें तो शहर में तीन दिन तक भीड़ रहने की संभावना है, जिसे देखते हुए मंदिर लगभग 19 घंटे खुला रहेगा। रामनवमी पर बुधवार तड़के सरयू स्नान के बाद अयोध्या में दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकर्षण में रहने वाले कनक भवन मंदिर में जन्मोत्सव को लेकर बधाई गीत के साथ उत्सव का अद्भुत आयोजन संपन्न हुआ।

जनम लियो रघुरइया अवध मा बाजे बधइया समेत अन्य शोहर गाए जा रहे थे। ठीक 12 बजे जैसे ही जन्मोत्सव की आरती शुरू हुई तो मंजीरे, ढोल की थाप पर भक्त भावविभोर होकर थिरकने लगे। प्रमुख मंदिरों में जन्मोत्सव का उल्लास छाया रहा। मणिरामदास की छावनी, दशरथ महल, सियाराम किला, रंगमहल, जानकी घाट, हरिधाम गोपाल पीठ सहित अन्य मंदिरों में भी आरतियां हुईं और प्रसाद वितरित किया गया। राम मंदिर में जन्मोत्सव के आयोजन के दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास, राजा वीरेंद्र मोहन मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश चंद्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक मनोज कुमार ट्रस्ट के सहयोगी गोपाल जी राव, महंत धर्मदास, विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग परिसर में मौजूद रहे। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि रामनवमी पर अयोध्या में उल्लास छाया रहा। सुबह से शाम तक 15 लाख श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान व दर्शन-पूजन किया।


रामलला के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़।

#### दिन भर व्यवस्थाएं देखते रहे अधिकारी

मेला क्षेत्र में मंडलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी राजकरण नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष शर्मा ड्यूटी स्थलों पर एवं क्षेत्रों में भ्रमण कर श्रद्धालुओं का हाल चाल लेते रहे थे। इलेक्ट्रिक बसों सहित बड़ी संख्या में हर तरफ जाने के लिए बसें तैनात कर थीं।

#### कारसेवक पुरम में पका छप्पन भोग

श्रीराम लला को भी छप्पन भोग लगाया गया। इन पकवानों को कारसेवकपुरम में ही शुद्धता के साथ तैयार कराया गया था। प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही।

- 11 बजे सुबह दूरदर्शन ने लाइव प्रसारण शुरू किया।
- 150 स्थानों पर एलईडी पर चला लाइव प्रसारण।
- 10 सेक्टर में सुरक्षा की दृष्टि से बटी थी अयोध्या।

## 500 साल बाद राम जन्म पर खासा बदला दिखा मौसम

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- रामनवमी तिथि का संकेत, बदलनी होगी हमें अपनी प्रकृति

**अमृत विचार :** अयोध्या से राम नवमी तिथि का संकेत है कि हमें अपनी प्रकृति बदलनी होगी। राम जन्मोत्सव पर बुधवार को अतीत की तुलना में मौसम में खासा बदलाव दिखा। मौसम विज्ञानी से पर्यावरण विद तक इसे गंभीर मानते हैं। प्रकृति को मानव की अपेक्षा के अनुरुप बदलने के बजाए स्वयं को प्रकृति के अनुरुप बदलने की सलाह देते हैं।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला जन्मोत्सव था। लोगों की आस्था रामलला के प्रति हिलोरें ले रही थी, श्रद्धा इतनी कि प्रकृति पर उनकी नजर नहीं थी, लेकिन जानकार इसके पीछे काल के कपाल पर लिखी जा रही नई इबारत को पढ़ने की कोशिश में थे। अध्यात्म से विज्ञान को जोड़कर इसके निहितार्थ खोज रहे थे। भविष्य में इससे उत्पन्न होने वाली स्थिति का आंकलन कर रहे थे। तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस, हवा के तेज झोंके। धूप तेज, श्रद्धालु परेशान थे लेकिन श्रद्धा उफान पर थी। यह मौसम चैत्र राम नवमी जैसा नहीं दिख रहा था। तुलना करते हैं 500 साल पहले किए गए चैत्र राम नवमी तिथि के चित्रण से। मौसम में खासा बदलाव दिखता है। लगभग 500 साल पहले बाबा तुलसी ने राम चरित मानस में श्रीराम लला के जन्मोत्सव का चित्रण किया है। कहा है कि नौमी तिथि मधु मास पुनीता, सुकल पच्छ अभिजित हरिप्रीता। मध्य दिवस अति सीत न घामा, पावन काल लोक बिश्रामा। सीतल मंद सुरभि बह बाउ, हरषित मन संतन मन चाउ।

## श्रीराम को अपशब्द कहने वाले आरोपी को मिली जमानत

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फेसबुक पर भगवान राम को अपशब्द कहने के आरोपी की बिना शर्त माफी को ध्यान में रखते हुए उसे जमानत दे दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने जौनपुर निवासी रियाज अलियास ओवैसी को सशर्त जमानत देते हुए पारित किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस स्टेशन सुरेरी, जौनपुर में आईपीसी की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट के तहत फेसबुक अकाउंट पर भगवान राम को कथित रूप से अपशब्द कहने के आरोप में कार्यवाही की गई थी। याची की ओर से तर्क दिया गया था कि वह निर्दोष है। किसी और ने कथित पोस्ट करने के लिए उसके अकाउंट का उपयोग किया है। वह देश के कानून का पालन करने वाला नागरिक है और मुस्लिम होने के बावजूद हिंदू धर्म में आस्था रखता है। जब उसे पोस्ट के बारे में पता चला तो उसने संबंधित पुलिस स्टेशन के सामने बिना शर्त माफी मांगी। अंत में न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक इतिहास नहीं है और उसे कथित अपराधों में अधिकतम 3 साल की सजा हो सकती है।

# पॉक्सो एक्ट मामलों में पीड़िता की आयु के संबंध में निर्देश जारी

### गलत तरीके से पीड़िता को नाबालिग दिखाना अनुचितः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के मामलों में गलत तरीके से पीड़िता को नाबालिग दिखाकर अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग करने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कई मामलों में पीड़िता की उम्र का चिकित्सकीय निर्धारण जानबूझकर नहीं किया जाता है, क्योंकि इससे पीड़िता के वयस्क होने की पुष्टि हो जाएगी और अभियोजन पक्ष का मामला खारिज हो जाएगा। पीड़िता को गलत तरीके से नाबालिग दिखाकर आरोपी व्यक्तियों को पॉक्सो एक्ट के तहत अनुचित रूप से फंसाया जाता है, जिससे उन्हें अनिश्चितकाल के लिए जेल में डाला जा सके।

कोर्ट ने आगे कहा कि पॉक्सो मामलों में पीड़िता की उम्र में विसंगतियां आरोपी के अधिकारों और स्वतंत्रता को काफी हद तक प्रभावित करती हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकल पीठ ने अमन उर्फ वंश को जमानत देते हुए पारित किया। मामले के अनुसार याची के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम के तहत थाना शालीमार गार्डन, गाजियाबाद में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उक्त आदेश की एक प्रति सरकारी वकील द्वारा अनुपालन के लिए पुलिस महानिदेशक, उप्र. और महानिदेशक (स्वास्थ्य) उत्तर प्रदेश सरकार, को भेजने का निर्देश भी दिया।



मुख्य रूप से कोर्ट ने अपने आदेश में कुछ मुकदमों की सूची भी संलग्न की है जिसमें सरकार से उचित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। मौजूदा मामले में याची की गिरफ्तारी के समय पीड़िता की आयु निर्धारित करने के लिए मेडिकल जांच नहीं की गई थी। बाद में तैयार की गई रिपोर्ट में पीड़िता की आयु 17 साल बताई गई जबकि पॉक्सो के तहत याची को फंसाने के लिए एफआईआर में पीड़िता की उम्र 16 साल लिखवाई गई थी।

पॉक्सो एक्ट के तहत न्यायिक प्रक्रिया के ऐसे दुरुपयोग को देखकर पीठ ने कुछ निर्देश जारी किए। जैसे, पुलिस अधिकारी प्रत्येक मामलों में पीड़िता की आयु निर्धारण करने वाली मेडिकल रिपोर्ट शुरू में ही तैयार करेंगे और सीआरपीसी की धारा 164-ए के तहत बिना देरी कोर्ट में प्रस्तुत करेंगे। पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट कानून की स्थापित प्रक्रिया के अनुसार और नवीनतम वैज्ञानिक मापदंडों और 11 मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुपालन में बनाई जाएगी। इसके साथ ही महानिदेशक (स्वास्थ्य) यह सुनिश्चित करेंगे कि मेडिकल बोर्ड में शामिल डॉक्टर विधिवत प्रशिक्षित हों और ऐसे मामलों में पीड़िता की आयु निर्धारित करने के लिए स्थापित मेडिकल प्रोटोकॉल और वैज्ञानिक मापदंडों का पालन करें, साथ ही नवीनतम वैज्ञानिक विकास के अनुरूप रिपोर्ट तैयार करने के लिए इस क्षेत्र में लगातार शोध किए जाएं।

## एसटीएफ ने बायोमैट्रिक कंपनी के फील्ड मैनेजर को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस-2023 की सीधी भर्ती की आफलाइन लिखित परीक्षा में खेल करने वाले बायोमैट्रिक कंपनी के फील्ड मैनेजर को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ पर बताया कि वह बायोमैट्रिक (गेट पर बायोमैट्रिक कराती है) कम्पनी का फील्ड मैनेजर है। उसने ही परीक्षार्थी को बायोमैट्रिक एजेन्सी का कार्ड बनाकर दिया तथा परीक्षा केन्द्र के गेट पर उसकी ड्यूटी लगा दी थी।

एसटीएफ उपाधीक्षक धर्मेश शाही ने बताया कि उप्र. सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर में वांछित अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह द्वारा जानकारी एकत्रित की जा रही थी। 16 अप्रैल को सूचना मिली कि अभियुक्त आकाश राव गोरखनाथ पुल की तरफ से धर्मशाला की तरफ जा रहा है। इस दौरान एसटीएफ द्वारा गोरखपुर पुलिस को साथ लेकर गोरखनाथ ओवर ब्रिज के पास से आकाश राव को गिरफ्तार कर लिया गया।

# योगी ने कन्याओं के पांव धोकर उतारी आरती

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्र की नवमी तिथि पर बुधवार को गोरखपुर पहुंचकर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। नवमी तिथि के अनुष्ठान की कड़ी में गोरखनाथ मंदिर के नव भोजनालय में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री योगी एवं गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया।


नवरात्र की नवमीं पर पूजन के बाद कन्याओं के साथ मुख्यमंत्री योगी।

- कन्या पूजन कर की मातृ शक्ति की आराधना


## वर्ग पहेली-43

**बाएं से दाएं**

3. इबादत करने की जगह, इबादतगाह, मस्जिद-मंदिर आदि।
5. 1. लिखे हुए अक्षर, लिखाई, लिखावट 2. लिखी हुई बात, किसी विषय या मुद्दे पर गद्य में लिखित विचार आदि 3. निबंध, मज़मून।
6. 1. वर्णन 2. कथन।
7. 1. स्त्रियों द्वारा पैर में पहना जाने वाला एक प्रकार का घुंघरू वाला ज़ेवर, पाज़ेब, नूपुर 2. बांस की सीढ़ी।
9. प्रेस या छापेख़ाने में कंपोज़ की गई सामग्री रखने के लिए निर्मित धातु की एक लंबी आयताकार तश्तरी।
10. स्वर्ग का कुंड या हौज़।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विनिमय; अदला-बदली 2. हेर-फेर 3. परिवर्तन।
2. 1. एक रूप से दूसरे रूप में आना, परिवर्तन 2. आवागमन।
4. 1. घोड़े का खड़े खड़े पैर पटकते जाना, ज़मीन खूंदना 2. लांघना, छलांगना, कूदना 3. किसी कार्य या सेवा का प्रतिफल न मिलना, विवश होकर देखते रह जाना। (मु.) टापते रह जाना : वंचित रह जाना।
6. 1. घर, मकान 2. अंतरिक्ष, आकाश 3. (रामायण) एक वानर का नाम जो रामचंद्र की सेना का एक सेनापति था 4. (महाभारत) एक राजर्षि का नाम जिनकी कथा द्रोण पर्व में है 5. एक असुर का नाम 6. गया नामक तीर्थ।
7. 1. एक प्राचीन भाषा पालि
8. 1. घुमाव, चक्कर 2. परिवर्तन, बदलना 3. क्रम, सिलसिला 4. चालाकी से भरी हुई, चाल या युक्ति 5. धोखे में रखना 6. घाटा सहना, नुकसान 7. दिशा, ओर 8. उलझन, झंझट




### वर्ग पहेली -42 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 यू | थ | | | 2 इ | | |
| | | 3 प | र | का | र | |
| 4 ढी | | | | रां | | 5 दु |
| 6 ठ | कु | 7 रा | ई | त | | नि |
| | | ज | | | | या |
| 8 ख़ | री | दा | री | | | दा |
| | | न | | 9 ह | ज़ा | री |

## स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड वन के डॉक्टरों को मिलेगी प्रोन्नति

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** नौ वर्ष बाद स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड वन के डॉक्टरों का प्रमोशन होगा और उन्हें ग्रेड टू में पदोन्नति मिलेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने ग्रेड वन के 5384 डॉक्टरों का प्रस्ताव शासन में भेज दिया है, अनुमोदन मिलते ही, संभवतः ग्रेड वन में करीब 2196 पद रिक्त हो जायेंगे और नई नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

स्वास्थ्य विभाग में 2012 में और बाद में नियुक्त होने वाले चिकित्सकों को प्रोन्नति नहीं मिली, विभाग में ग्रेड वन के डॉक्टरों के प्रमोशन 2015 में अंतिम बार हुए थे। जिसमें 2011 तक नियुक्ति पाने वाले डॉक्टरों को प्रोन्नति मिल गई थी। विभागीय लापरवाहियों की वजह से नियुक्ति पाने वाले चिकित्सकों को विभाग में वरिष्ठता क्रम तक नहीं जारी हो सके। लिहाजा ग्रेड वन के प्रमोशन रूक गये। इतना ही नहीं साल 2018 में विभाग की नई नियमावली बनने के बाद तकनीकी दिक्कतें बढ़ गईं और चिकित्सकों को चार साल की नौकरी के बाद मिलने वाली पदोन्नति नहीं मिली।

#### ग्रेड वन में 3620 पद

विभाग में चिकित्सकों के 19011 पद हैं, ग्रेड वन में 3620, ग्रेड टू में 7240 (3620 विशेषज्ञ), ग्रेड तीन में 5199, ग्रेड चार में 2825, ग्रेड पांच में 105, ग्रेड छह में 19 और ग्रेड सात में तीन पद हैं। विभाग में नियुक्ति के बाद चार साल की नौकरी करने के बाद ग्रेड वन से ग्रेड टू में प्रोन्नति का प्रावधान है।

## आयुर्वेद, होम्योपैथ व यूनानी विभाग को मिला नया बजट

**लखनऊ, अमृत विचार :** आयुष विभाग अंतर्गत आयुर्वेद विभाग, यूनानी व होम्योपैथी विभागों को नए वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट जारी कर दिया गया है। प्रमुख सचिव लीना जौहरी द्वारा आयुर्वेद विभाग को वेतन मद और विभिन्न मानक मदों के स्वीकृत बजट 12 अरब 97 करोड़ 59 लाख 49 हजार रूपये विभाग को भेज दिये गये हैं। साथ ही यूनानी विभाग को एक अरब 42 करोड़ 21लाख 51 हजार रूपये, दिये गये हैं। आयुष विभाग द्वारा होम्योपैथी के स्वीकृत बजट से प्रयागराज स्थित राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को मरम्मत आदि कार्यो के लिए बजट जारी किया गया है। अस्पताल की ओपीडी व शैक्षिक भवन आदि के लिए 15 करोड़ रूपयों की मांग हुई थी।

## रवि किशन को अपनी बेटी का पिता बताने वाली अपर्णा समेत 6 पर रिपोर्ट

संवाददाता, लखनऊ

- सांसद की पत्नी ने दी तहरीर, 20 करोड़ रंगदारी मांगने का आरोप

**अमृत विचार :** अभिनेता व गोरखपुर से बीजेपी सांसद रवि किशन को अपनी बेटी का पिता बताने वाली मुंबई निवासी अपर्णा ठाकुर समेत छह पर बुधवार को हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सांसद की पत्नी प्रीति शुक्ला ने दी तहरीर में अपर्णा पर 20 करोड़ रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया है।

सांसद पति के बचाव में उतरीं पत्नी प्रीति शुक्ला ने तहरीर में बताया अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर ने अपने संबंध अंडरवर्ल्ड माफिया से होने की धमकी दी। कहा यदि हमारी बात नहीं मानी तो तुम्हारे पति को दुष्कर्म के मामले में फंसा कर बदनाम कर दूंगी। प्रीति ने बताया कि अपर्णा द्वारा ब्लैकमेल कर 20 करोड़ रुपए रंगदारी मांगने के मामले में उन्होंने मुंबई में भी शिकायत की थी। लेकिन अपर्णा नहीं मानी और 15 अप्रैल को लखनऊ में रवि किशन पर झूठे आरोप लगाए। कहा अपर्णा लगभग 35 साल से शादी शुदा है। इसका पति राजेश सोनी, बेटी सालशीनोवा सोनी और एक बेटा भी है। प्रीति शुक्ला का आरोप है कि अपर्णा का परिवार सपा के नेता और कुछ अन्य संग मिलकर उनके परिवार के खिलाफ साजिश रच रहा है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया मामले में अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर, राजेश सोनी, सालशीनोवा सोनी, सौनक सोनी, विवेक कुमार पांडेय मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता समाजवादी पार्टी, और खुर्शीद खान राजू न्यूज टाईम नेशन व अन्य अज्ञात शामिल हैं।

## सुडोकू-122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | | | 5 | | | | |
| | 1 | | | | 9 | | | |
| | | 5 | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 4 | | | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 2 | | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | | | 4 | | | 9 | |
| | | | 7 | | | | 1 | |
| | 6 | | | 9 | 2 | | 8 | 4 |

### सुडोकू -121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17.31 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** – आज मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। अटके हुए कार्यों में तेजी आयेगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ रहेगा। नए काम की शुरुआत करने का विचार बनायेंगे। सन्तान की सफलता से उत्साहित रहेंगे।

**वृष** – आज मानसिक तनाव का असर आपके काम और पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाने में कठिनाई होगी। प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। घर के छोटे-छोटे काम को आज प्राथमिकता देंगे।

**मिथुन** – आज वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बौद्धिक कार्यों में आप काफी ध्यान देंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। करियर में आप बड़ा बदलाव कर सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं की ख़रीदारी कर सकते हैं।

**कर्क** – आज करियर को लेकर नई दिशा प्राप्त हो सकती हैं। जीवनसाथी से परामर्श लेना लाभकारी होगा। वैचारिक मतभेदों को अपने व्यक्तिगत संबंधों पर हावी न होने दें। जो काम आप काफी दिनों से टाल रहे थे, वो आपको आज करना पड़ सकता है।

**सिंह** – आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों की उन्नति होगी। मित्रों से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ेगी। अनावश्यक धन के अपव्यय पर नियन्त्रण करने में सफलता मिलेगी।

**कन्या** – आज का दिन सामान्य फलदायी रहेगा। दैनिक कार्यों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। आसपास के लोगों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें। कब्ज और गैस की समस्या बढ़ेगी। परिजनों के साथ बैठकर गम्भीर मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

**तुला** – आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। शारीरिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। पुराने रोगों की बाधा समाप्त होगी। पूजा-पाठ और सत्संग में आप भाग लेंगे। अपनी जीवनशैली को आप काफी ऐश्वर्यशाली कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज घर में बुजुर्ग आपके विचारों से सहमत रहेंगे। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। लोगों से आपकी जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। अपनी कार्यशैली में सुधार ला सकते हैं। अपने मित्रों से सलाह अवश्य लें।


**धनु** – आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी की अहमियत को समझें। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कर्ज और उधार चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। लोगों की अपेक्षाओं पर आप खरे उतरेंगे। अपने विचारों को लेकर स्वयं ही भ्रमित हो सकते हैं।

**मकर** – आज आपकी परिस्थितियां काफी कमजोर रहने वाली हैं। पेट के विकार परेशान कर सकते हैं। ईर्ष्यालु लोग आपके विषय में गलत बातें फैलायेंगे। आय में कमी होने से आत्मविश्वास में कुछ कमी हो सकती है। आपका स्वभाव थोड़ा अड़ियल भरा हो सकता है।

**कुंभ** – आज आप काफी आध्यात्मिक प्रभाव में हो सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति बहुत ही अच्छा रहेगा। अपनी सफलता का भरपूर आनंद उठायेंगे। मित्र आपकी हर कार्य में सहायता देंगे।

**मीन** – आज आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों की परेशानियां दूर होंगी। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनेगी। वैवाहिक जीवन में सामन्जस्य का कुछ अभाव हो सकता है। अपनी प्रशन्सा स्वयं करने से बचें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 07.57 तक तत्पश्चात मघा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- तेरी कसम – सुबह : 10.41
- ताल – रात : 09.25

**&pictures**
- 12th फेल – सुबह : 09.01
- द लेडी किलर – रात : 09.03

**Sony Pix**
- लाइट आउट – सुबह : 09.33
- स्पाइडर मैन 2 – रात : 08.38

**Zee Cinema**
- वो सात दिन – सुबह : 11.30
- राधे श्याम – रात : 08.45

**Colors Cineplex**
- मीरा – सुबह : 11.23
- आवारा पागल दीवाना – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे,
टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...
चिंटू- निकाल लीं सर! टीचर-ये वाली किताब किसकी है?
चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?
टीचर बेहोश है...

चिंटू : तुम्हें पता है तुम मोबाइल से पैसे कमा सकते हो!
मिंटू : अरे वाह! जल्दी बताओ कैसे?
चिंटू : मोबाइल बेचकर।
चिंटू की बात सुनकर मिंटू सन्न रह गया...

## एक नजर



### वायुसेना ने दो रोगियों को विमान के जरिए करगिल से श्रीनगर पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान के जरिए दो रोगियों को बुधवार को करगिल से श्रीनगर ले जाया गया, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी। वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में विमान और उन्हें ले जाए जाने की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में लिखा था कि वायुसेना के एक एएन-32 से आज सुबह दो रोगियों को करगिल से श्रीनगर पहुंचाया गया। रोगियों को तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी और उन्होंने स्थानीय प्रशासन के जरिए वायुसेना से मदद मांगी थी। करगिल केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में काफी ऊंचाई पर है।

### अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर कार ने ट्रक में टक्कर मारी, 10 मौत

**नाडियाड (गुजरात)।** गुजरात के खेडा जिले में नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई। नाडियाड देहात थाने के निरीक्षक किरीट चौधरी ने बताया, कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कि तभी एक्सप्रेस वे पर वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को एक एम्बुलेंस में पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। नाडियाड से विधायक पंकज देसाई ने कहा कि ऐसी संभावना हो सकती है कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण ट्रक को एक्सप्रेसवे की बाईं ओर रोका गया हो और कार चालक को ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

### साथियों की रिहाई की मांग कर रहे किसानों का रेल पटरियों पर धरना

**चंडीगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेल पटरियों पर बैठ गए। वे लोग हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे थे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के धरने के कारण कई रेलगाड़ियों के मार्ग में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक रेलगाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई और उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया या उन्हें रद्द कर दिया गया। रामनवमी के अवसर पर रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित होने से यात्रियों को भी परेशानी हुई।

### कांकेर मुठभेड़ में मारे गए 29 माओवादियों में से नौ की पहचान हुई

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों में से नौ की पहचान कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ के बाद मंगलवार को दो नक्सलियों की पहचान की गई थी, लेकिन आज शाम तक सात और नक्सलियों की पहचान कर ली गई है। सुंदरराज ने बताया कि मारे गए नक्सली जिनकी पहचान की गई है उनमें डिवीजनल कमेटी सदस्य शंकर राव और ललिता, उत्तर बस्तर डिवीजन की सदस्य माधवी आदि हैं।

# कांग्रेस की ईस्ट नीति को भाजपा ने एक्ट ईस्ट में बदला: प्रधानमंत्री मोदी

## कहा- त्रिपुरा ने भाजपा की सरकार में अभूतपूर्व बदलाव दिखाई दिए

**अगरतला, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'लूट ईस्ट' नीति अपना रखी थी, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिपुरा ने भाजपा सरकार के शासन में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं।

मोदी ने कहा कि भगवान राम का जन्मोत्सव अयोध्या में उनके ही मंदिर में 500 साल के बाद मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने अगरतला की रैली में कहा कि कांग्रेस ने 'लूट ईस्ट' की नीति अपना रखी थी, वहीं भाजपा ने इसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के लोगों को इससे बहुत फायदा मिलने जा रहा है।उन्होंने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद रामलला अंततः तंबू की जगह एक भव्य मंदिर में विराजित हैं।



अगरतला में मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तर-पूर्व में 'कनेक्टिविटी' बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। मोदी ने कहा कि राज्य में राजमार्गों के उन्नयन के लिए 3,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले, राज्य में मोबाइल टॉवर ठीक से काम नहीं करते थे, लेकिन अब 5जी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। यह मोदी सरकार है जिसने मोबाइल बिल को कम करके लगभग 400-500 रुपये प्रति माह तक ला दिया है। अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो, आपका मोबाइल बिल 4,000 रुपये से 5,000 रुपये रहता। कांग्रेस और माकपा पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जांच एजेंसियों के इस्तेमाल को लेकर आलोचना करने वाले कांग्रेस के युवराज अब भ्रष्टाचार के आरोप में केरल के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। किसी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# भारत की 144 करोड़ जनसंख्या में से 24 फीसदी 0-14 वर्ष आयु वाले : यूएनएफपीए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़ हो चुकी है, जिसमें 24 प्रतिशत लोग 0 से 14 साल के उम्र के हैं। यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या 2024 रिपोर्ट इंटरवॉवन लाइव्स, थ्रेड्स ऑफ होप एंडिंग इनइक्वैलिटीज इन सैक्सुअल एंड रिप्रॉडक्टिव हेल्थ एंड राइट में अनुमान लगाया गया है कि भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 144.17 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ विश्व स्तर पर सबसे आगे है, जबकि चीन को दूसरा स्थान प्राप्त है। वहां 142.5 करोड़ की आबादी है। भारत में साल 2011 में की गई जनगणना के दौरान यहां 121 करोड़ आबादी थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत की करीब 24 प्रतिशत आबादी 0-14 वर्ष की हैं, जबकि 17 प्रतिशत 10-19 वर्ष के भीतर है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 10-24 साल के 26 प्रतिशत लोग हैं जबकि 68 फीसदी 15-64 आयु वर्ग के हैं। भारत की सात प्रतिशत आबादी 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष है।



**77** वर्षों में दोगुनी हो जाएगी भारत की जनसंख्या, 68 फीसदी लोग 15-64 की आयु वाले

रिपोर्ट में पाया गया कि यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में 30 वर्षों की प्रगति ने दुनिया भर में सबसे वंचित समुदायों को नजरअंदाज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में साल 2006-2023 के बीच 23 प्रतिशत लोगों का बाल विवाह कराया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का 8 प्रतिशत रह गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सफलता का श्रेय अक्सर किफायती, गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ स्वास्थ्य परिणामों पर लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को दूर करने के प्रयासों को दिया जाता है।

## 'भगवा पोशाक' को लेकर विवाद के बाद स्कूल के अफसरों पर मामला दर्ज

**हैदराबाद, एजेंसी**

मंचेरियल जिला पुलिस ने कन्नेपल्ली गांव में स्कूल में 'हनुमान दीक्षा पोशाक' पहनकर आने वाले कुछ छात्रों पर कथित रूप से आपत्ति जताने के लिए स्कूल के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दांडेपल्ली पुलिस के अनुसार, छात्रों के माता-पिता की शिकायत के आधार पर मंगलवार को प्रधानाध्यापक समेत स्कूल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ब्लेस्ड मदर टेरेसा हाई स्कूल प्रबंधन ने बताया कि दो दिन पहले, प्रधानाध्यापक ने छात्रों को पोशाक के बजाय भगवा कपड़े में देखने के बाद उन्हें अपने माता-पिता को बुलाने के लिए कहा। बाद में लोगों के एक समूह ने मंगलवार को स्कूल में तोड़फोड़ की।

## तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र में सीएए निरस्त करने का वादा

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें केंद्र की सत्ता में आने पर कई सामाजिक कल्याणकारी कदमों के साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को रद्द करने का वादा किया गया है।

राज्यसभा में तृणमूल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने यहां पार्टी मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करते हुए कहा, ''ये वे वादे हैं जिन्हें हम 'इंडिया' समूह के हिस्से के तौर पर पूरा करेंगे, जब समूह की अगली सरकार बनेगी।'' पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित मित्रा ने कहा, ''हम मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना के जरिए पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने का वादा करते हैं। हम नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने और देश में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) कवायद को रोकने का भी वादा करते हैं।

## पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से 427 अग्निवीरों का सफल प्रशिक्षण

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से बुधवार को तीसरे बैच के 427 अग्निवारों ने 24 सप्ताह का कठिन भर्ती प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस मौके पर परेड का आयोजन किया गया। इसमें 427 अग्निवीरों ने अनुकरणीय अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। कर्नाटक और केरल उप-क्षेत्र के जनरल ऑफीसर कमांडर मेजर जनरल रवि मुरुगन अग्निवीरों की परेड का निरीक्षण किया और उन्हें संबोधित किया। उन्होंने अग्निवीरों को ईमानदारी, वफादारी, बहादुरी के मूल्यों को कायम रखने के महत्व पर जोर दिया और रंगरूटों की त्रुटिहीन सहनशक्ति, टर्नआउट और ड्रिल के लिए सराहना की। मेजर जनरल मुरुगन ने अग्निवीरों के माता-पिता को बधाई दी, जिनका राष्ट्र सेवा के लिए अपने बच्चों को कठिन प्रशिक्षण में भेजना समर्थन और योगदान है।

## सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित केरल की सारिका ए. के. ने उत्तीर्ण की सिविल सेवा परीक्षा

**कोझिकोड (केरल), एजेंसी**

उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले की रहने वाली महिला सारिका ए. के. ने गंभीर बीमारी सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्ति होने के बावजूद सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण की। सेरेब्रल पाल्सी (सीपी) एक जन्मजात बीमारी है, जो किसी व्यक्ति की चलने-फिरने, संतुलन बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित करती है।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को जारी किए गए परिणामों के अनुसार, सारिका ने अपने दूसरे प्रयास में सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 922 रैंक हासिल की। वह अपने दाहिने हाथ का उपयोग नहीं कर पाती हैं और मोटर चालित व्हील-चेयर को नियंत्रित करने के लिए अपने बाएं हाथ का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वह नतीजे से हैरान थीं। सारिका ने कहा मुझे यह उम्मीद थी कि मैं परीक्षा उत्तीर्ण कर लूंगी। मुझे खुशी है कि मैंने यह कर दिखाया। मेरे पास अपनी खुशी जाहिर करने के लिए शब्द नहीं हैं। सारिका ने स्नातक होने के बाद सिविल सेवा की परीक्षा देने का फैसला किया था। अपने परिवार, दोस्तों और शिक्षकों के समर्थन की बदौलत वह इसमें सफल भी हो गईं। उन्होंने अमेरिका की एक महिला जेसिका कॉक्स का भी जिक्र किया जो हाथ नहीं होने के बावजूद एक लाइसेंस प्राप्त पायलट बन गई थीं।

## भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित

**कासरगोड(केरल)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अपने पड़ोसियों के साथ भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता सिंह ने कांग्रेस के इस आरोप के स्पष्ट संदर्भ में यह बयान दिया कि चीन ने लगभग 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है जिसमें लद्दाख में 65 गश्त बिंदुओं में से 26 पर कब्जा किया जाना और अरुणाचल प्रदेश के 50-60 किमी अंदर गांव बनाना शामिल है। सिंह कन्नूर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा में बोल रहे थे।

## हिरासत में मौत मामले में पुलिस पर रिपोर्ट, न्यायालय ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है, जिनकी हिरासत में हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एक 32 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह मामला 2013 का है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने मृतक के भाई आनंद राय कौशिक की याचिका पर हरियाणा सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई के लिए सूचीबद्ध की। आनंद कौशिक ने वकील राहुल गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी याचिका में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पिछले साल 28 नवंबर को पारित आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामला दर्ज करने और जांच को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या किसी अन्य जांच एजेंसी को स्थानांतरित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उनके भाई सतेंद्र कौशिक की 25 जुलाई 2013 को फरीदाबाद के एनआईटी पुलिस थाने में हिरासत के दौरान मौत हो गई थी।

# कारोबार

## मुरादाबाद मंडी



**दालों का भाव:** दाल चना :75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये ।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 85800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75875 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56550-56750 |

## वीआईएल ने एंकर निवेशकों से जुटाए करीब 5,400 करोड़

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) से पहले अपने एंकर बुक आवंटन को बंद करने की घोषणा की है, जिससे प्रमुख वैश्विक तथा घरेलू निवेशकों से करीब 5,400 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। वन97 कम्युनिकेशंस और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाद यह तीसरी सबसे बड़ी एंकर बुक हो सकती है। वन97 कम्युनिकेशंस और एलआईसी ने एंकर दौर में क्रमशः 8,235 करोड़ रुपये और 5,627 करोड़ रुपये जुटाए थे। कंपनी ने बुधवार शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 74 कोष को 11 रुपये प्रति शेयर की दर पर 490.9 करोड़ शेयर आवंटित किए हैं।

# 2047 तक 34.7 लाख करोड़ डॉलर की होगी भारतीय अर्थव्यवस्था : पीएचडीसीसीआई

## विकसित भारत की ओर जाने के लिए 10 प्रमुख कारकों की लगात कम करने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए आज 10 प्रमुख कारकों की घोषणा की जिनमें व्यापार करने में आसानी, पूंजी, बिजली, लॉजिस्टिक्स, भूमि की लागत जैसी व्यापार करने की लागत को कम करना शामिल है।

पीएचडीसीसीआई ने '2047 तक विकसित भारत' का रूपरेखा पेश करते हुये कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद कोविड महामारी के बाद मजबूती से आगे बढ रही है। उसने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 21000 डॉलर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। संगठन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा हमने 10 प्रमुख कारको की पहचान की है जो अर्थव्यवस्था को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं। फैक्ट्री स्तर पर व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना। पूंजी की लागत, कच्चे माल की लागत, भूमि की लागत और भूमि की उपलब्धता, श्रम की लागत और कुशल श्रम की उपलब्धता तथा अनुपालन की लागत सहित व्यवसाय करने की लागत को कम करना पहला और बुनियादी प्रमुख क्षेत्र है जिस पर सरकार का ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

### भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का नहीं उठा रहा फायदा : पूर्व गवर्नर रघुराम राजन

**वाशिंगटन।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। जनसांख्यिकीय लाभांश से तात्पर्य कार्यबल अधिक होने और आश्रितों की संख्या कम होने से उत्पादता बढ़ने और इसी क्रम में तेज आर्थिक वृद्धि से है। राजन ने इस बात पर जोर दिया कि मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। राजन ने यहां जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में 2047 तक भारत को एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनाना इसके लिए क्या करना होगा विषय पर चर्चा में कहा मुझे लगता है कि हम इसके (जनसांख्यिकीय लाभांश) बीच में हैं, लेकिन समस्या यह है कि फायदा नहीं उठा रहे हैं।

### भारतीय अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5% बढ़ने का अनुमान

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत की अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास (यूएनसीटीएडी) ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा और 2024 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

# अप्रैल के पहले पखवाड़े देश में बिजली की खपत 10 % बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**70.66** अरब यूनिट सालाना खपत, आर्थिक गतिविधियों में हो रहा है सुधार

देश में बिजली की खपत इस साल अप्रैल के पहले पखवाड़े में सालाना आधार पर करीब 10 प्रतिशत बढ़कर 70.66 अरब यूनिट रही। यह आर्थिक गतिविधियों में सुधार को दर्शाता है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल में एक से 15 तारीख के बीच बिजली खपत 70.66 अरब यूनिट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 64.24 अरब यूनिट थी। किसी एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग यानी अधिकतम आपूर्ति अप्रैल के पहले पखवाड़े में 218 गीगावाट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 206 गीगावाट थी। बीते वर्ष एक दिन में बिजली की अधिकतम आपूर्ति अप्रैल में सर्वाधिक करीब 216 मेगावाट रही थी। मंत्रालय ने बिजली की अधिकतम मांग इस साल गर्मियों (अप्रैल-जून) में 260 गीगावाट रहने का अनुमान जताया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट रही जो अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

### पावरग्रिड बॉन्ड से जुटाएगी 12,000 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में बॉन्ड जारी कर 12,000 रुपये जुटाने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। पावरग्रिड ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि बॉन्ड पर गठित निदेशकों की समिति ने 17 अप्रैल, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी, प्रतिदेय, कर-योग्य बॉन्ड जारी करने को मंजूरी दी।

## स्पाइसजेट की उड़ान यात्रियों का सामान लिए बिना बागडोगरा पहुंची

**नयी दिल्ली/ बागडोगरा।** स्पाइसजेट एयरलाइन के कई यात्रियों को बुधवार को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे पर उस समय असुविधा का सामना करना पड़ा जब उन्हें पता चला कि उनका सामान दिल्ली में ही छूट गया है। स्पाइसजेट ने इस असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि दिल्ली में छूट गए यात्रियों के सामान को अगली उड़ानों के जरिये बागडोगरा लाया जाएगा। यह मामला उस समय सामने आया जब नोएडा निवासी एक यात्री ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। राजेश कुमार ने 'एक्स' पर लिखा, ''आज दिल्ली से बागडोगरा की उड़ान एसजी8841 में हमारा सामान खो गया और गलत जगह रख दिया गया। कर्मचारियों के



पास इसका कोई जवाब नहीं है।'' दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से यह उड़ान दोपहर 12.30 बजे बागडोगरा के लिए रवाना हुई थी। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने इस प्रकरण पर कहा, ''स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 8841 को परिचालन कारणों से भार-वहन संबंधी बंदिशों का सामना करना पड़ा, जिससे कुछ सामान को विमान से उतार दिया गया था। लेकिन इस सामान को बाद की उड़ानों के माध्यम से जोड़ा जाएगा।''

## अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 8,339 करोड़ रुपये का किया निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**70.3%** हुई बढ़कर कुल हिस्सेदारी विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

उद्योगपति गौतम अडाणी के परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे उसकी हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत हो गई। इस कदम से सीमेंट कंपनी की विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

कंपनी ने कहा कि अडाणी परिवार ने इससे पहले 18 अक्टूबर 2022 को कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इस नवीनतम निवेश के साथ उसने 20,000 करोड़ रुपये की योजना पूरी कर ली है। कंपनी के प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 8,339 करोड़ रुपये का निवेश करके वारंट कार्यक्रम का पूर्ण अभिदान हासिल कर लिया है। कुल निवेश 20,000 करोड़ रुपये का हुआ है। नवीनतम निवेश से अडाणी परिवार की अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ गई है। कुल मिलाकर अंबुजा सीमेंट में इसकी हिस्सेदारी 63.2 प्रतिशत से बढ़कर अब 70.3 प्रतिशत हो गई है।

## ब्रिटेन में मुद्रास्फीति सबसे निचले स्तर पर

**लंदन।** ब्रिटेन की मुद्रास्फीति मार्च में ढाई साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च तक उपभोक्ता कीमतों में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सितंबर 2021 के बाद यह सबसे कम है। फरवरी में यह 3.4 प्रतिशत से कम थी। हालांकि वार्षिक दर में गिरावट अर्थशास्त्रियों के अनुमान के मुताबिक नहीं है जिन्होंने इसके मार्च में 3.1 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

## दुलर्भ खनिजों के वैज्ञानिकी खनन को कानूनी उपाय सुझाएगी समिति

- **कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को बनाएगी रणनीति**

**नई दिल्ली।** सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज को लेकर समिति गठित की है। समिति दुर्लभ खनिजों के व्यावहारिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सिफारिश करेगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

खान मंत्रालय के आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार, नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सुझाव देगी। समिति राज्यों के बीच खनन सुधारों के प्रभाव को लोकप्रिय बनाने के लिए रणनीति भी बनाएगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। पिछले साल भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने जम्मू-कश्मीर के सलाल-हैमाना क्षेत्र में 59 लाख टन लिथियम के अनुमानित संसाधन स्थापित किए थे।

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| सुनील नरेन (कोलकाता) | 06 | 276 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## खेल डायरी

### करुआना से भिड़ेंगे गुकेश, नाकमुरा से प्रज्ञानानंदा

**टोरंटो।** रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी। आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है।

### झेंग ने स्टुटगार्ट में कस्र्टी को हराया

**स्टुटगार्ट।** चीन की झेंग किनवेन ने लंबे सफर के बाद पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सोराना कस्र्टी को सीधे सेट में शिकस्त दी। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 76 मिनट में 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। झेंग पहले बीजिंग से चांगशा और फिर वहां से फ्रैंकफर्ट गईं, जहां से वह स्टुटगार्ट पहुंचीं। बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने कड़े मुकाबले में तात्याना मारिया को 6-1, 4-6, 6-0 से हराया। वह दूसरे दौर में दो बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से भिड़ेंगी। स्वियातेक 2012-14 में मारिया शारापोवा के बाद स्टुटगार्ट में खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं।

### जतिवाल दूसरे दौर के बाद शीर्ष पर बरकरार

**नूंह (हरियाणा)।** चंडीगढ़ के राजीव कुमार जतिवाल गुड़गांव ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद बुधवार को तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। एक करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस आयोजन के पहले दिन उन्होंने 66 का कार्ड खेला था, जिससे उनका कुल स्कोर 11 अंडर 133 का है। बेंगलुरु के एम धर्मा ने 69 का कार्ड खेला और वह कुल नौ अंडर 135 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है। तेज हवा के कारण स्थानीय खिलाड़ी सुनहित बिश्नोई और दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने भी 66 का शानदार कार्ड खेला।

### पलक और सुरभि ओलंपिक ट्रायल्स की सूची में

**नयी दिल्ली।** रियो डि जिनेरियो में पेरिस कोटा जीतने वाली युवा निशानेबाज पलक गुलिया को गुरुवार से यहां कर्णी सिंह रेंज में शुरू होने वाले ओलंपिक ट्रायल्स के लिए पांच महिला 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजों में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए टीम का चयन करने के लिए मार्च में पिस्टल और राइफल ट्रायल्स के लिए निशानेबाजों की सूची की घोषणा की थी लेकिन महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नाम की घोषणा नहीं की थी क्योंकि रियो में अंतिम ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैम्पियनशिप अप्रैल के मध्य में होनी थी।

### दूसरे चरण में पीएसजी चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में

**बार्सीलोना (स्पेन)।** एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई। बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।



विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार। • एजेंसी



गुजरात टाइटन्स के अभिनव मनोहर की स्टंपिंग की अपील करते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत। • एजेंसी

# दिल्ली ने गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से हराया

## कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाज चमके, मुकेश कुमार तीन, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने दो-दो विकेट झटके

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- **गुजरात ने आईपीएल सत्र 2024 का सबसे कम स्कोर बनाया, 8.5 ओवर में ही दिल्ली ने लक्ष्य को हासिल कर लिया**

दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था।

पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने आठ रन देकर दो और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किये। गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही, उसके लिए केवल तीन खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचे जिसमें से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाये, जिन्होंने टीम की पारी का एकमात्र छक्का भी लगाया। दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया, जिससे उसके रन रेट में भी इजाफा हुआ। पंत की कप्तानी लाजवाब रही, जिन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलायी। यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की और टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर मैकगुर्क ने 20 रन, शाई होप ने 19 रन और अभिषेक पोरेल ने 15 रन का योगदान दिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान शुभमन गिल (08) ने खलील अहमद की गेंद पर पारी का पहला शॉट लगाया। गिल ने फिर इशांत की गेंद को ऑफ साइड पर गैप से निकालकर चौका लगाया। लेकिन अगली ही फुल लेंथ गेंद पर गिल सीधे कवर पर पृथ्वी साव को कैच देकर आउट हो गये। साई सुदर्शन (12) ने लगातार दो चौके से शुरूआत की जिसमें एक्स्ट्रा कवर पर एक बेहतरीन चौका भी शामिल था। पंत ने इशांत के बजाय मुकेश कुमार को गेंदबाजी के लिए लगाया। इस गेंदबाज ने अपने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ऋद्धिमान साहा (02) का विकेट झटक लिया। चोटिल डेविड वार्नर की जगह खेल रहे सुमित कुमार ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश किया और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर सीधे थ्रो से सुदर्शन को रन आउट कर दिया। तीन विकेट लेने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अच्छी लय में आ गये और कप्तान पंत ने भी दो कैच और दो स्टंप आउट कर उदाहरण पेश किया। पंत ने इशांत की गेंद पर खतरनाक डेविड मिलर (02) का कैच लपककर गुजरात टाइटन्स को चौथा झटका दिया। पांच ओवर के बाद घरेलू टीम का स्कोर चार विकेट पर 30 रन था। इशांत ने मिलर को बायीं ओर के कोण लेती गेंद फेंकी जिस पर पंत ने कैच लिया लेकिन जोरदार अपील के बावजूद अंपायरों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी। पंत ने हालांकि रिव्यू करने का फैसला किया और अल्ट्राएज में पता चला कि मिलर ने बल्ला गेंद से छुआया था। इसके बाद गुजरात टाइटन्स की मुसीबत बढ़ती ही जा रही थी।

पंत ने स्टब्स को गेंदबाजी के लिए लगाया जिन्होंने पहले अभिनव मनोहर को और फिर शाहरूख खान को आउट किया। बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की गेंद राहुल तेवतिया के पैड पर लगी और इस गेंदबाज की अपील के बाद अंपायर ने अपनी उंगली उठा दी। तेवतिया ने रिव्यू लिया लेकिन फैसला बरकरार रहा। गुजरात टाइटन्स ने 12वें ओवर में महज 66 रन पर अपना सातवां विकेट खो दिया। खलील अहमद ने फिर मोहित शर्मा को आउट किया। इससे पहले राशिद खान ने कुलदीप यादव पर लांग आफ में पारी का पहला और एकमात्र छक्का लगाया। कुलदीप कोई विकेट नहीं ले सके लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर में 16 रन दिये। मुकेश कुमार ने फिर राशिद की पारी समाप्त कर दी।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.074 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

**गुजरात 89/10** 17.3 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा बो मुकेश कुमार | 02 | 10 | 0/0 |
| शुभमन गिल का शॉ बो शर्मा | 08 | 06 | 2/0 |
| साई सुदर्शन रन आउट (सुमित) | 12 | 09 | 2/0 |
| डेविड मिलर का पंत बो शर्मा | 02 | 06 | 0/0 |
| अभिनव मनोहर स्ट पंत बो स्टब्स | 08 | 14 | 1/0 |
| राहुल तेवतिया पगबाधा बो पटेल | 10 | 15 | 1/0 |
| शाहरूख खान स्ट पंत बो स्टब्स | 00 | 01 | 0/0 |
| राशिद खान का पंत बो मुकेश कुमार | 31 | 24 | 2/1 |
| मोहित शर्मा का सुमित कुमार बो अहमद | 02 | 14 | 0/0 |
| नूर अहमद बो मुकेश कुमार | 01 | 07 | 0/0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-1-18-1, इशांत 2-0-8-2, मुकेश कुमार 2.3-0-14-3, कुलदीप 4-0-18-0, ट्रिस्टन स्टब्स 1-0-11-2, अक्षर पटेल 4-0-17-1

**दिल्ली 92/4** 8.5 ओवर, अतिरिक्त : 6

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ का जॉनसन बो वॉरियर | 07 | 06 | 1/0 |
| जेक फ्रेजर का मनोहर बो जॉनसन | 20 | 10 | 2/2 |
| अभिषेक पोरेल बो वॉरियर | 15 | 07 | 2/1 |
| शाई होप का मोहित बो राशिद | 19 | 10 | 1/2 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 16 | 11 | 1/1 |
| सुमित कुमार नाबाद | 09 | 09 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** संदीप वॉरियर 3-0-40-2, स्पेंसर जॉनसन 2-0-22-1, राशिद खान 2-0-12-1, नूर अहमद 1.5-0-14-0

## पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच पदक जीता

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं।

डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, ''इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।''

## ओलंपिक में भारत करेगा न्यूजीलैंड खिलाफ अभियान की शुरुआत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सौ दिन बाद पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्वर्ण पदक की उम्मीद के साथ 27 जुलाई को न्यूजीलैंड खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस बार पेरिस ओलंपिक हॉकी के पूल ए में जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान फ्रांस है। वहीं पूल बी में भारत को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, और आयरलैंड की चुनौती का सामना करना है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना और फिर 30 जुलाई आयरलैंड और एक अगस्त बेल्जियम से भिड़ेगी। भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप स्टेज गेम दो अगस्त को शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

ओलंपिक की उलटी गिनती के साथ ही भारतीय टीम के मुख्य क्रेग फुल्टन, "हम अभी ऑस्ट्रेलिया के गहन दौरे से लौटे हैं, एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक शुरू होने में केवल 100 दिन बचे हैं और टीम में उत्साह बढ़ रहा है। स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता के साथ बढ़ रही है।" भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि हर दिन मायने रखता है, हर अभ्यास, हर अभ्यास - यह सब ओलंपिक मंच पर उस पल की ओर बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, हम भूखे हैं, हम केंद्रित हैं और हम चमकने के लिए तैयार हैं। उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने भी कहा, "ऑस्ट्रेलिया परीक्षण ने उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला है जिनमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है और शिविर में लौटने पर हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए समय रहते किसी भी शेष मुद्दे को सुलझा लें।

## धीमी ओवर गति के लिए अय्यर पर 12 लाख का जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई, जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।''

## पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस से आज

**मुल्लांपुर, एजेंसी**


पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीम की जंग में गुरुवार को जब आमने-सामने होंगे तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे। छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक हैं। दोनों की नेट रन देकर में दशमलव अंकों का अंतर है।

पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइन 0.234) आठवें स्थान पर है। पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए हैं। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश करेंगे। पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 'सात से 10 दिन' के लिए बाहर हो गए हैं। इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने एक से अधिक बार शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन की भरपाई की है। प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन चिंता का विषय है।

# बॉलीवुड हलचल

## अक्षय कुमार की पहली तेलुगु फिल्म कनप्पा की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली पहली तेलुगु फिल्म कनप्प की शूटिंग शुरू हो गयी है। अक्षय कुमार फिल्मकार विष्णु मांचू की फिल्म कनप्पा के जरिए तमिल सिनेमा में एंट्री करने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसकी जानकारी विष्णु मांचू ने पोस्ट साझा कर दी है। विष्णु मांचू ने सोशल मीडिया पर अक्षय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कन्नप्पा का सफर और भी रोमांचक हो गया है। हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में स्वागत करते हैं। हम ''कनप्पा के साथ तेलुगु फिल्म में अक्षय कुमार की शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हैं। एक रोमांचक अनुभव के लिए तैयार हो जाइए जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। विष्णु मांचू की एक्शन एडवेंचर पैन इंडिया फिल्म ''कन्नप्पा'' में अक्षय कुमार ,प्रभास के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। उनके अलावा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी फिल्म का हिस्सा हैं। इनके अलावा नुपुर सेनन, नयनतारा और मोहन बाबू भी नजर आएंगे। यह फिल्म भगवान शिव के एक अटूट भक्त ''कन्नप्पा'' की सच्ची कहानी पर आधारित है।



## जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म ''उलझ'' का टीजर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर ने फिल्म उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित है, जो एक यंग डिप्लोमैट सुहाना (जाह्नवी कपूर) के इर्द- गिर्द घूमती है। फिल्म में सुहाना देश और अपने खिलाफ हो रही साजिश के बीच उलझती हुईं नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत सारे जहान से अच्छा की धुन से होती है। इसके बाद जाह्नवी कपूर के किरदार की एंट्री होती है, जिसकी पोस्टिंग विदेश में है। वहीं, ब्रैकग्राउंड में एक शख्स की आवाजा सुनाई देती है, जो अपने देश के साथ गद्दारी करने के लिए उसे मैन्यूपुलैट करने की कोशिश करता है। टीजर के अंत में जाह्नवी कपूर एक्शन मोड में भी नजर आती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुधांशू सरिया ने किया है। जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म उलझ को अमृता पांडे और विनीत जैन ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 05 जुलाई को रिलीज होगी।



## चीन में रिलीज होगी विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल चीन में रिलीज होगी। विधु विनोद चोपड़ा की लिखी और निर्देशन में बनी 12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। विक्रांत मैसी ने इस फिल्म में मनोज शर्मा की मुख्य भूमिका निभायी है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा, मेधा शंकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म ''12वीं फेल'' 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। फिल्म 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। यह फिल्म अब चीन में भी रिलीज होगी। विक्रांत मैसी ने बताया, 12वीं फेल अब चीन में भी रिलीज होने जा रही है। वहां हिंदी सिनेमा की बहुत ज्यादा डिमांड है। फिल्म को चीन में करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह फिल्म के चीन में रिलीज होने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्हें यदि मौका मिला तो वे चीन में जाकर फिल्म को प्रमोट करेंगे।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

